जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



Here's how U.S. automakers are responding to Trump's tariffs

Ford offered customers an employee discount, but is also raising prices on Mexico-made models. Stellantis paused production at two factories

From Delicacies to Poisons

Laying Eggs Is A Breaking Job

# सुप्रीम कोर्ट के मु. न्यायाधीश गवई ने चेताया राज्यपालों की भूमिका पर

## मुख्य न्यायाधीश ने नेपाल का उदाहरण देकर कहा, अगर सरकार के दो स्तम्भों, विधायिका व प्रशासन में आपस में गतिरोध अनियंत्रित रहे तो उसका परिणाम अस्थिरता व अनिश्चितता होती है, जो पड़ोसी देश नेपाल में देखी जा रही है।

- जाल खंबात -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली 10 सितम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक दुर्लभ और कड़ी टिप्पणी करते हुए केन्द्र सरकार को चेतावनी दी है कि राज्यपालों द्वारा राज्य विधेयकों को मंजूरी देने में हो रही देरी पर विचार करते समय उसे भारत के पड़ोस, विशेष कर नेपाल, में हो रही घटनाओं को ध्यान में रखना चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने राष्ट्रपति से जुड़े एक संदर्भ की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की, जिसने राजनीतिक और क़ानूनी हलकों में हलचल मचा दी है। कहीं चिंता जताई जा रही है तो कहीं इसे सही ठहराया जा रहा है।

- जैसा कि, विदित ही है, सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह मामला प्रस्तुत है, कि क्या राज्यपाल असीमित समय तक उनके सम्मुख विधानसभा से पारित विधेयक को पेंडिंग रख सकते हैं।
- मुख्य न्यायाधीश की इस मामले में चेतावनी जैसी टिप्पणी से विपक्ष काफी प्रसन्न है, तथा यह महसूस कर रहा है, जैसे कि सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रकरण में उनके पक्ष व तर्क का मूक समर्थन किया है।

यह मामला सुप्रीम कोर्ट के 12 अप्रैल के आदेश से जुड़ा है, जिसमें राज्यपालों और भारत के राष्ट्रपति के लिए राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों से निपटने की समय सीमा तय की गई थी। इस फ़ैसले का मक़सद था, ऐसे विधेयकों पर अनिश्चित काल तक कोई कार्रवाई नहीं होने की प्रवृत्ति को रोकना।

केन्द्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राज्यपालों की विवेकाधिकार शक्तियों का ज़ोरदार बचाव किया। लेकिन मुख्य न्यायाधीश गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने सवाल उठाया कि राज्यपाल महीनों तक विधेयकों को रोकर क्यों रखते हैं, कभी-कभी तो संविधान में तय एक महीने की सीमा से भी अधिक समय तक।

इसी संदर्भ में अदालत ने यह नसीहत दी, "हमें यह देखना होगा कि हमारे पड़ोस में क्या हो रहा है"। क़ानून विशेषज्ञों ने इसे नेपाल की ओर इशारा माना, जहाँ कार्यपालिका और विधायिका के बीच बार-बार के टकराव ने राजनीतिक अस्थिरता पैदा की है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नेपाल का हवाला देना, याद दिलाने और चेतावनी, दोनों के तौर पर देखा जा रहा है, कि भारत सरकार को भी ऐसे संस्थागत टकराव से बचना होगा।

इस टिप्पणी ने तीव्र राजनीतिक प्रतिक्रिया को जन्म दिया है। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कोर्ट की बात का स्वागत करते हुए मोदी सरकार से अपील की कि संघीय ढाँचे को कमज़ोर करने के ख़तरे को गंभीरता से लें। उनका कहना था कि राज्यपालों को विपक्ष-शासित राज्यों में विधायी प्रक्रिया रोकने के लिए लगातार इस्तेमाल किया जा रहा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नेपाल में 15,000 कैदी जेल से फरार

काठमांडू, 10 सितंबर। नेपाल में बीते दो दिनों में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उग्र लहर के चलते जेलों में बंद करीब 15 हज़ार से ज्यादा कैदी फरार हो चुके हैं।

इसे विश्व इतिहास में जेल तोड़कर भागने की सबसे बड़ी घटना माना जा रहा है। गिनीज़ वर्ल्ड रिकार्ड के अनुसार इससे पहले 1979 में ईरान में हुए तख्ता पलट में करीब 11 हज़ार कैदी भाग गए थे।

- हिंसक प्रदर्शनों के बीच आंदोलनकारियों ने जेलों पर धावा बोल दिया। इसमें 15,000 से ज्यादा कैदियों के भागने की खबर है। जेल से भागने की यह संभवतया इतिहास की सबसे बड़ी घटना है।

जेलें तोड़ने की शुरुआत तब हुई जब युवा प्रदर्शनकारियों ने कई जेलों में धावा बोल दिया और उनके प्रशासनिक भवनों में आग लगा दी। इन लोगों ने जेल के दरवाज़े जबरन खोल दिए। बुधवार शाम तक, प्रारंभिक रिपोर्टों ने पुष्टि की कि 25 से ज़्यादा जेलों से 15,000 से ज़्यादा कैदी भाग गए थे, जिनमें से केवल कुछ ही स्वेच्छा से लौटे या उन्हें फिर से गिरफ़्तार किया गया।

# पोलैण्ड ने रुस के ड्रोन को मार गिराने का दावा किया

## रुस ने, जैसा कि विदित ही है, अब तक का सबसे बड़ा प्रहार किया यूक्रेन पर, ड्रोन व हवाईजहाजों की बमबारी से

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितंबर। हर गुज़रते दिन के साथ यूरोप में शांति कम होती जा रही है तथा एक गंभीर युद्ध छिड़ने की आशंकाएं बढ़ती जा रही हैं। प्रथम विश्व युद्ध की पूर्व संध्या पर ब्रिटेन के तत्कालीन विदेश सचिव अर्ल ग्रे ने भविष्यवाणी करते हुए शोक व्यक्त किया था, कि "यूरोप भर में रोशनी बुझ रही है। हो सकता है कि हम इन्हें अपनी ज़िंदगी में दोबारा जलते हुए न देखें।"

पोलैंड ने बुधवार को घोषणा की कि उसने रविवार को अपने आसमान में रूसी ड्रोन मार गिराए, जब रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। शांति और समाधान की ओर कुछ छोटे कदम उठने के बजाय, हालात और अंधकारमय होते जा रहे हैं।

- पोलैण्ड के हवाई क्षेत्र (एयर स्पेस) में जो ड्रोन पहुंचे, वो रुस के यूक्रेन पर किये गये भारी ड्रोन आक्रमण के, बिखरे हुए ड्रोन ही हैं।
- पोलैण्ड, नाटो देशों का आव्हान कर रहा है, कि वे अपने नाटो के सदस्य के रुप में किये वादे को पूर्ण करने की दृष्टि से अब रुस पर आक्रामक कार्यवाही करें।
- रुस इन वादों की पूर्ति तथा और आक्रामक होने की धमकी को कतई गंभीरता से नहीं ले रहा है।
- ये सब संकेत हैं, तृतीय विश्वयुद्ध की तारीख नज़दीक होने के।
- अमेरिका, यूरोपीय देशों को प्रोत्साहित कर रहा है, कि चीन व भारत पर दंडात्मक टैरिफ लगाये।
- हालात, सभी देशों को युद्ध की ओर घसीट रहे हैं।

स्थिति और ख़तरनाक बनती जा रही है, क्योंकि एक पक्ष, पश्चिमी सहयोगी और अमेरिका, केवल रूस के खिलाफ कार्रवाई की धमकियाँ दे रहा है, वहीं दूसरी ओर रूस बिना किसी डर और रोक-टोक के अपनी स्थिति और सख़्त कर रहा है, मानो उसे पश्चिमी धमकियों की कोई परवाह ही नहीं।

सैन्य गतिविधियों में तेजी और व्यापक सक्रिय टकराव पूरे महाद्वीप में किसी बड़े संघर्ष की आशंका को और बढ़ा रहे हैं। रूस साफ़ तौर पर एक निर्णायक जीत दिखाने की बेचैनी में शत्रुता का स्तर बढ़ा रहा है और यूक्रेन को नुक़सान पहुँचा रहा है। अब पड़ोसी देशों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

पोलैंड अब शत्रुता के विस्तार में सबसे आगे खड़ा दिखाई दे रहा है, और पोलैण्ड के आसमान में अब तक हुई घुसपैठ, उत्तरी एटलांटिक संधि संगठन 'नाटो' को, अपने सामूहिक रक्षा समझौते को लागू करने की चुनौती दे रही है। नाटो सदस्य देशों ने संगठन में शामिल होते समय शपथ ली थी कि किसी एक सदस्य पर हमला सभी पर हमला माना जाएगा।

पुतिन यह संदेश दे रहे हैं कि वे किसी भी क़ीमत पर यूक्रेन में अपना लक्ष्य हासिल करने पर आमादा हैं। तीव्र होते संघर्ष से वे यह जताना चाहते हैं कि अगर यूरोपीय सहयोगी अपने सैनिक भेजते हैं या और सक्रिय हस्तक्षेप करते हैं, तो वे उनसे भी लड़ने को तैयार हैं।

पश्चिमी यूरोपीय देशों ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या नेपाल की पहली चीफ जस्टिस सुशीला कार्की अतंरिम सरकार की मुखिया होंगी?

## जैनरेशन ज़ैड ने सुशीला कार्की का नाम प्रस्तावित किया है पर अभी चर्चा चल रही है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितंबर। सरकार और राजनीतिक दलों के नेताओं के कथित भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को लेकर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद, नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की अब अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए सबसे मजबूत उम्मीदवार के रूप में उभर रही हैं।

उनका नाम जेनरेशन ज़ैड द्वारा प्रस्तावित किया गया है और इस पर विचार-विमर्श अभी भी जारी है।

युवा पीढ़ी के हिंसक प्रदर्शनों ने नेपाल को अराजकता में डाल दिया, जिससे पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को कल इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद नेपाली सेना ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप किया। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और

- प्रधानमंत्री ओली के भाग जाने के बाद यही चर्चा चल रही है कि अंतरिम सरकार का नेता कौन होगा। नेपाल के एक एनजीओ "हामी नेपाल" के सुदीप गुरूंग, जो कि जैनरेशन ज़ैड आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं, ने कार्की के नाम का प्रस्ताव रखा।
- भ्रष्ट नेताओं पर सख्त कार्यवाही के कारण उन पर महाभियोग तक चलाने का प्रयास किया गया था।
- अतंरिम सरकार के नेतृत्व के लिए काठमांडू के मेयर बालेन्द्र शाह, धरान के मेयर हरका सम्पर्ग, सागर धाकाल और राष्ट्र बिमोचन तिमलसेना का नाम भी चर्चा में है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विधायक ऋतु बनावत कैलाश यात्रा में फंसी

भरतपुर, 10 सितम्बर। विधायक ऋतु बनावत कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान चीन-नेपाल बॉर्डर के पुरांग क्षेत्र में फंस गई हैं।

3 से 11 सितंबर तक की इस यात्रा के अंतिम चरण में नेपाल में चल रहे विद्रोह और अस्थिर हालात के चलते, यात्रा दल को रोक दिया गया है। राहत की बात है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बैंढ म ने तुरंत एक्शन लिया है। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि घबराएं नहीं, हर यात्री को सुरक्षित वापस लाया जाएगा। ऋतु बनावत भरतपुर जिले के बयाना रूपवास क्षेत्र से विधायक हैं।

- नेपाल के अस्थिर हालात के कारण यात्रा दल को चीन - नेपाल बॉर्डर पर पुरांग क्षेत्र में रोक दिया गया।

# क्या मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना नीतीश का मास्टर स्ट्रोक साबित होगी?

## महिला सशक्तिकरण की योजना का मूल संदेश है महिला वोट बैंक को साधना

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की "मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना" को महिलाओं की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और कदम के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, लेकिन इसके पीछे छुपा बिहार चुनाव का संदेश भी साफ झलकता है।

यह वादा दिखने में भले ही सीधा-सादा लगे, लेकिन इसका असर बहुत गहरा हो सकता है, आज 10,000 रुपये और भविष्य में 2 लाख रुपये तक की सहायता। हर बिहारी परिवार की एक महिला, यदि वह और उसका पति आयकर दाता नहीं हैं, को स्व-रोजगार शुरू करने के लिए प्रारंभिक राशि (सीड मनी) दी जाएगी। छह महीने बाद, अगर व्यवसाय में संभावना दिखती है, तो सरकार 2 लाख रुपये की पूंजी निवेश सहायता देगी।

- सरकार में आने के बाद से नीतीश ने नशाबंदी लागू करना, पंचायत व शहरी निकाय में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देना, पुलिस व सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण देना तथा छात्राओं को साइकिल व स्कॉलरशिप देने जैसी योजनाएं लागू कर अपना मजबूत महिला वोट बैंक खड़ा किया है, जो जातिवादी राजनीति की काट भी साबित हुआ है।
- इस वोट बैंक का नीतीश को लाभ भी मिला है। हर बार चुनावों में पोलिंग बूथ पर महिलाओं की लम्बी कतारें इस बात का प्रमाण हैं। बिहार में महिलाएं नीतीश के लिए किंगमेकर की भूमिका में नज़र आ रही हैं।

7 सितंबर से शुरू हुई इस योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया खुली है। इसे एक ऐसा प्रयास बताया जा रहा है, जो महिलाओं को स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता और उद्यिमता की ओर बढ़ाएगा। लेकिन इसका राजनीतिक संदेश भी साफ है, उन विधानसभा क्षेत्रों की महिला मतदाताओं का सशक्तिकरण और समर्थन सुनिश्चित करना, जिन्होंने बीते दो दशकों से नीतीश कुमार का साथ दिया है।

नीतीश कुमार ने नवंबर 2005 में मुख्यमंत्री बनने के बाद से लगातार महिलाओं को अपनी स्थायी राजनीतिक आधारशिला बनाने की दिशा में काम किया है। सामाजिक कल्याण से लेकर शिक्षा तक, शराबबंदी से लेकर शासन में आरक्षण तक, नीतीश की राजनीति ने महिलाओं को बिहार की राजनीतिक कहानी के केन्द्र में ला खड़ा किया है।

जहां लंबे समय से चुनावी गणित का आधार जाति रही है, वहीं नीतीश ने इसके जवाब में लिंग आधारित वोट बैंक तैयार किया, जो भारतीय राजनीति में एक अनूठा मॉडल बन गया है।

यह नई योजना कोई अलग पहल नहीं है, बल्कि उस कल्याणकारी रणनीति का विस्तार है, जिसे नीतीश वर्षों से गढ़ते आ रहे है। पंचायतों और शहरी निकायों में महिलाओं को दिये गये 50 प्रतिशत आरक्षण ने जमीनी लोकतन्त्र का कायाकल्प कर दिया है। पुलिस भर्ती और सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण से सरकारी नौकरियों और विभागों का स्वरुप ही बदल गया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान सरकार ने विशेष सैल बनाया व हैल्प लाइन नंबर जारी किये

जयपुर, 10 सितम्बर। नेपाल में हाल ही में हुई हिंसात्मक घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने वहां रह रहे प्रवासी राजस्थानियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। मुख्यमंत्री ने काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास से सीधे बातचीत कर मौजूदा हालात की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि नेपाल में उत्पन्न हालात हृदय-विदारक हैं और राज्य सरकार वहां मौजूद हर राजस्थानी नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

- मुख्यमंत्री भजन लाल ने काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास से बात कर निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राजस्थान पुलिस मुख्यालय में एक विशेष सैल का गठन किया गया है, जो नेपाल में फंसे भारतीयों की सहायता के लिए कार्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका भी पूरी रुचि ले रहा है, नेपाल में सत्ता परिवर्तन हो और, उसका "आदमी" प्र.मंत्री की कुर्सी पर बैठे

## अमेरिका ने अपने पिछलग्गू राजनीतिज्ञों में से तीन को चुना है प्र.मंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितंबर। नेपाल में राजनीतिक नैतिकता की भारी कमी को लेकर लंबे समय से आक्रोश पनप रहा है। बीते 17 वर्षों में नेपाल में 14 प्रधानमंत्री बदले जा चुके हैं। आम धारणा यह है कि सभी दल सत्ता लोलुप, भ्रष्ट और भाई-भतीजावादी हैं।

हर साल औसतन 8 लाख युवा नेपाल छोड़ते हैं, न केवल उच्च वेतन और मध्यम दर्जे की नौकरियों के लिए बल्कि दिहाड़ी मजदूरी तक के लिए।

बेरोजगारी बहुत अधिक है और भआरी गरीबी है। यही कारण है कि देश में बड़े पैमाने पर असंतोष पनपा है। ओली सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर लगाया गया प्रतिबंध, जो कि नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के एक साल बाद लागू किया गया, जैनरेशन ज़ैड को स्वीकार नहीं था, यह आखिरी तिनका साबित हुआ- जिसने सब्र का बांध तोड़ दिया।

आज के उन्य देशों की तरह नेपाल में भी युवा अपनी भावना की अभिव्यक्ति, मनोरंजन और संवाद के लिए सोशल मीडिया निर्भर रहते हैं। ओली को नेपाल में एक अधिनायकवादी नेता के रूप में देखा जाता है। सोशल मीडिया को नियंत्रित करने के लिए उन्होंने उस पर बैन लगाया। जिससे युवा वर्ग भारी नाराज हो गया और उन्होंने इसे अलोकतांत्रिक कदम करार दिया।

इस पूरे घटनाक्रम में शासन परिवर्तन के ऑपरेशन के संकेत मिलते हैं।

एक है रवि लामिछाने जो दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 तक उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रहे। भ्रष्टाचार के आरोप में जेल भेजे गए थे। मंगलवार को भीड़ ने ललितपुर जिले के नक्खु जेल पर हमला कर 1500 कैदियों को छुड़ा लिया- इनमें रवि लामिछाने भी शामिल थे।

उन्हें अमेरिका का करीबी माना जाता है।

- पहला नाम है राबी लामिछाने का, ने कुछ समय के लिये, दिसम्बर 2022 से जनवरी 2023 तक, नेपाल के उपप्रधानमंत्री व गृह मंत्री रह चुके हैं तथा भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार थे, पर युवा आंदोलनकारियों ने नाखु जेल तोड़कर सभी कैदियों को रिहा करवाया था, उनमें राबी लामिछाने भी थे।
- दूसरा नाम काठमांडू के मेयर बालेन्द्र शाह का है। शाह घोर भारत विरोधी विचारों के व्यक्ति हैं, और उनके ऑफिस में अखण्ड नेपाल का नक्शा लटका हुआ है, जिसमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड का काफी हिस्सा प्रस्तावित अखण्ड नेपाल में दिखाया गया है।
- तीसरा नाम हरका समपंग का है, जो वर्तमान में धारन के मेयर हैं।
- अमेरिका के समर्थन में नेपाल में दो और ताकतें हैं। नेपाल के इसाई, जिनकी संख्या अनियंत्रित धर्मपरिवर्तन से बहुत बढ़ी है, पिछले कुछ सालों में, और दूसरी ताकत है, एनजीओ जिन्हें अमेरिका से भारी आर्थिक मदद व अनुदान मिलता है। ये दोनों ताकतें भी चाहेंगी कि कोई अमेरिका का समर्थक ही प्र.मंत्री बने।

दूसरे है बालेन्द्र शाह उर्फ बालेन। ये काठमांडू के मेयर है, जिन्हें भारत विरोधी रवैये के लिए जाना जाता है। उनके कार्यालय में "अखंड नेपाल" का नक्शा लगा है, जिसमें हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के हिस्से शामिल हैं।

तीसरे हैं धरान के मेयर हर्का सम्पंग, जो अमेरिकी समर्थक माने जाते हैं। ये तीनों को "अमेरिकी पिट्ठू" हैं, जबकि ओली को चीन समर्थक नेता के रूप में देखा जाता है।

एक महत्वपूर्ण बात यह है कि नेपाल में 2015 के भूकंप के बाद से अमेरिका की भूमिका लगातार बढ़ती गई है। ईसाई मिशनरी संगठनों की नेपाल में घुसपैठ हुई है। बिना किसी रोक टोक के बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराए गए हैं। अब बड़ी आबादी ईसाई यहां तक कट्टर इवेन्जिकल बन गईं है जो बाइबल को ही अंतिम सत्य मानते हैं। इन पर अमेरिकन बैपटिस्ट और ईवेंजेलिकल संगठनों का नियंत्रण है।

नेपाल में भारी संख्या में एनजीओ हैं, जिनका मुख्य वित्तपोषण अमेरिका से होता है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, जिनका जनमत निर्माण में बड़ा हाथ है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नेपाल हिंसा में मृतकों की संख्या 30 पहुंची

काठमांडू, 10 सितंबर। नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को लेकर हुए उग्र प्रदर्शन में मृतकों की संख्या बुधवार को बढ़ कर 30 हो गयी, जबकि 1,033 लोग घायल हो गये, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

- देश भर के 28 अस्पतालों में 1033 घायलों का इलाज चल रहा है।

कांतिपुर समाचार पत्र ने स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से देर शाम यह जानकारी दी। इसमें बताया गया है कि आंदोलन में कुल मरने वालों का आंकड़ा बढ़ कर 30 हो गया है। देश भर के 28 अस्पतालों में 1,033 घायलों का उपचार किया जा रहा है, जबकि 713 लोगों को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है।

## विचार बिन्दु

इस विश्व में स्वर्ण, गाय और पृथ्वी का दान देने वाले सुलभ है लेकिन प्राणियों को अभयदान देने वाले इन्सान दुर्लभ हैं। –भर्तृहरि

# पंचग्रास में समाहित है संपूर्ण चराचर जगत का कल्याण

पूर्वजों के पुण्य स्मरण की परंपरा भले ही हमारे यहां श्राद्ध पक्ष के सोलह श्राद्धों के माध्यम से आदि काल से चली आ रही हो पर दुनिया के लगभग सभी धर्मावलंबियों और देशों में किसी ना किसी रुप में पूर्वजों के पुण्यस्मरण की परंपरा अनवरत काल से चली आ रही है। हालांकि हमारे देश के ही कुछ प्रतिक्रियावादी लोग श्राद्ध और श्राद्ध कर्म को लेकर मखौल उड़ाने में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ते, पर वह यह भूल जाते हैं कि धरती के साक्षात् देवता हमारे जन्मदाता माता-पिता है। यह साफ हो जाना चाहिए कि माता-पिता के अस्तित्व को लेकर कोई किसी तरह का प्रश्न चिन्ह नहीं उठा सकता। उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता। माता-पिता की यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है और पीढ़ी दर पीढ़ी उनके स्मरण का हमारा दायित्व हो जाता है। पितृपक्ष और मातृपक्ष दोनों ही पीढ़ियों के स्मरण और श्रृद्धा या यों कहे कि श्राद्ध स्वरुप भोजन, वस्त्र, जल आदि आदि पत्र पुष्प के माध्यम से सम्मान स्वरुप स्मरण किया जाता है। श्राद्ध स्वरुप ब्राम्हणों को भोजन कराने और इसी तरह की अन्य व्यवस्थाओं के साथ जुड़ी पंच ग्रास की परंपरा का आलोचकों को ज्ञान ही नहीं होता। श्राद्ध निमित्त ब्राह्मण भोजन से पहले पंच ग्रास का विधान है। पंचग्रास के पीछे के रहस्य को समझना भी आवश्यक हो जाता है। पंचग्रास में गोग्रास, श्वान ग्रास, कोएं को ग्रास, चिंटी आदि को ग्रास और अभ्यागत ग्रास, इस तरह से पंच ग्रास का विधान है। अब इसी से समझ सकते हैं कि इस पंच ग्रास में प्रकृति का कोई पक्ष शेष नहीं रह जाता है। गो ग्रास में पशुधन आ जाता है तो श्वान ग्रास में पशु, कोएं के ग्रास से पक्षिगण, चिंटी पतंगा के ग्रास से चिंटी आदि जीव और अंतिम अभ्यागत ग्रास में भिखारी आदि आ जाते हैं। ब्राह्मण भोजन को ढकोसला कह कर समझने वालों को श्राद्ध के मूल की सभी विधानों को समझना होगा। एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि पंच ग्रास से अर्थ मात्र औपचारिकता से नहीं लिया जाना चाहिए।

हमारी शाश्वत परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति पर तीन ऋण होते हैं और उनमें से पहला ऋण देव ऋण है तो दूसरा ऋषि ऋण और तीसरा ऋण पितृ ऋण है। प्रत्येक जन्म लेने वाले व्यक्ति को इन तीनों ऋणों से उऋण होने की शिक्षा दी जाती है तो यह उसका दायित्व भी हो जाता है। देव ऋण में सृष्टि के नियंता का स्मरण और उसके प्रति आभार प्रकट करना है। इसके लिए भजन-पूजन, स्मरण, सदाचरण आदि की बात है। जो अपने आप को नास्तिक कहते हैं और किसी शक्ति में विश्वास नहीं करते तो भी उन्हें प्रकृति पर तो विश्वास करना ही होगा। प्रकृति को विकृति से बचाना हमारी जिम्मेदारी होती है और प्रकृति व मानवमात्र के कल्याण की बात करना ही देव ऋण से उऋण होने का एक तरीका है। इसी तरह से हमकों शिक्षा प्रदान करने वाले गुरु परंपरा का मान-सम्मान और ज्ञान की इस परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुचना ही गुरु ऋण से उऋण होने का एक तरीका हो सकता है। जहां तक पितृ ऋण से उऋण होने का प्रश्न है तो इससे उऋण होने का भी आसान रास्ता बताया गया है और वह बच्चे होते ही पूरी होना शुरु हो जाती है और इन बच्चों की शिक्षा और संस्कारित करना और शादी-विवाह आदि जिम्मेदारियों का निर्वहन तो आता ही है। यही कारण है कि पौत्र-प्रपौत्र या नाती-नातियों को देखना और पौत्र होने पर सोने की सीढ़ी चढ़ना आदि इसी और इशारा करता है कि हमारे कुल परंपरा में पूर्वजों के श्राद्ध यानी स्मरण करने वाली पीढ़ी हो गई है। कभी मृत्यु के बाद बारह दिन के संस्कारों को देखने का अवसर मिले या फिर बारहवें दिन की सपीण्डी क्रिया देखने को मिले तो कई बातें साफ हो जाती है। सपीण्डी में तीन पितृ पक्ष और तीन मातृ पक्ष के पूर्वजों के स्मरण, पूजा आदि के बाद जब सभी को एकाकार कर दिया जाता है तो उसे सपीण्डी कहा जाता है। हमारी परंपरा यहां तक ही सीमित नहीं रहती। विधान तो यहां तक है कि किसी भी यजन कार्य में पितृ पूजा अवश्य होती है और दोनों ही पक्षों की तीन-तीन पीढ़ी, यहां तक कि विवाह संस्कार में भी तीन-तीन पीढ़ियों का पुण्य स्मरण किया जाता है।

**श्राद्ध स्वरुप ब्राम्हणों को भोजन कराने और इसी तरह की अन्य व्यवस्थाओं के साथ जुड़ी पंच ग्रास की परंपरा का आलोचकों को ज्ञान ही नहीं होता। श्राद्ध निमित्त ब्राह्मण भोजन से पहले पंच ग्रास का विधान है। पंचग्रास के पीछे के रहस्य को समझना भी आवश्यक हो जाता है। पंचग्रास में गोग्रास, श्वान ग्रास, कोएं को ग्रास, चिंटी आदि को ग्रास और अभ्यागत ग्रास, इस तरह से पंच ग्रास का विधान है। अब इसी से समझ सकते हैं कि इस पंच ग्रास में प्रकृति का कोई पक्ष शेष नहीं रह जाता है। गो ग्रास में पशुधन आ जाता है तो श्वान ग्रास में पशु, कोएं के ग्रास से पक्षिगण, चिंटी पतंगा के ग्रास से चिंटी आदि जीव और अंतिम अभ्यागत ग्रास में भिखारी आदि आ जाते हैं।**

हमारी शाश्वत परंपरा में व महाभारत व अन्य पौराणिक ग्रन्थों में उल्लेख आता है कि महर्षि अत्रि ने सबसे पहले निमि को सबसे पहले श्राद्ध का उपदेश दिया और महर्षि निमि ने सबसे पहले अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध कर्म किया। श्राद्ध कर्म में अग्नि को भी खास महत्व दिया गया है और यह माना जाता है कि अग्नि देव के माध्यम से श्राद्ध पूर्वजों को अर्पित किया जाता है। हमारे यहां पूर्वजों के स्मरण या श्राद्ध के खासतौर से दो अवसर होते हैं। पहला अवसर तो जिस दिन दाग तिथि यानि अंतिम संस्कार या यों कहें कि देहावसान की तिथि को प्रतिवर्ष श्राद्ध का विधान है तो दूसरा महालय श्राद्ध यानि की कन्यागत सूर्य के समय के पन्द्रह दिवस। भाद्रपद मास की पूर्णिमा से लेकर आश्विन कृष्ण पक्ष की अमावश्या के कुल सोलह दिन सोलह श्राद्ध के दिन होते हैं। स्वर्गागमन किसी भी पक्ष में हो पर कन्यागत श्राद्ध जिसे हम बोलचाल की भाषा में कनागत कहते है उन सोलह दिनों की तिथि के अनुसार श्राद्ध निकाला जाता है। जैसे पूर्णिमा को पूर्णिका तो प्रतिपदा का प्रतिपदा को और इसी तरह से संबंधित तिथि को। यहां एक बात और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। शास्त्राचार व लोकाचार में एक बात पर अवश्य जोर दिया गया है कि हमारे पूर्वज श्राद्ध के दिन पुत्री प़क्ष की उपस्थिति से अधिक प्रसन्न होते हैं। इसमें श्राद्ध भोजन के निमित्त या अवसर पर दोयते-दोयती, भांजें-भांजी को भोजन कराना अत्यधिक फलदायक बताया गया है। परिवार की पुत्रियों का इस अवसर पर स्वागत और भी अधिक प्रसंसनीय हो जाता है। स्वागत का अर्थ उनकी उपस्थिति से हो जाता है। पुत्रि पक्ष में बहन, बुआ, बेटियां आदि आ जाती है। अब इसे सामाजिक और वैज्ञानिक तरीके से भी समझने का प्रयास करें तो श्राद्ध कर्म परिवार के जुड़ाव और कुल-कुटुंब में प्रेमाचार-भाईचारा बढ़ाने का अवसर है। इससे हमारे पितृगण प्रसन्न होते हैं। अब इसी से समझा जा सकता है कि श्राद्ध के माध्यम से परिवार को एकजुट होने, एक दूसरे से मिलने-मिलाने और प्रेम और स्नेह को बढ़ाने का अवसर मिल जाता है। यह सब मैं इसलिए लिख रहा हूं कि श्राद्ध के विधान को लेकर तो मर्मज्ञ विस्तार से चर्चा कर ही लेते हैं। यह भी सब जानते हैं कि श्राद्ध को जहां तक संभव हो विषम संख्या में भोजन कराना चाहिए। योग्यता एक अन्य शर्त कही जा सकती है तो शुद्धता भी आवश्यक होती है। इस सबके साथ ही विधान की लंबी फेहरिश्त हो जाती है और धर्म के आलोचक उसकों लेकर टीका-टिप्पणी करते ही रहते है। पर श्राद्ध कर्म से दो बातें साफ हो जानी चाहिए कि यह केवल और केवल हमारे यहां ही होता हो तो ऐसा है नहीं। चीन में छिंग-मिंग, जापान में ओबोन, फ्रांस में ला टेसेंट, योरापीय देशों में आल सेंट्स डे, बौद्धों में घोस्ट फेस्टिवल आदि पूर्वजों के स्मरण और पूजन आदि के अवसर है।

इसलिए यह साफ हो जाना चाहिए कि श्राद्ध, श्राद्ध पक्ष और श्राद्ध कर्म के पीछे हमारे पूर्वजों की गहन सोच है। यह मात्र औपचारिकता या ब्राह्मण भोजन तक सीमित नहीं है तो भोजन कराने से पूर्वजों तक भोजन पहुंचने को लेकर मजाक उड़ाने वालों को बहुत कुछ समझने और उसके मूल को समझना होगा। यदि यह ढकोसला होता तो चीन में छिंग-मिंग, जापान में ओबोन, बौद्ध देशों में घूस्ट फेस्टिवल या योरोपीय देशों में टेसेंट या आल सेंट्स डे आदि नहीं होते। इन सबसे भी इतर हमें हमारे जन्मदाताओं के प्रति कृतज्ञता तो व्यक्त करना हमारा दायित्व हो जाता है और यही तो हम श्राद्ध कर्म के माध्यम से करते हैं। बस श्राद्ध में श्रृद्धा का जो महत्व है उसकी पालना हमें करनी ही होगी।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
( वरिष्ठ लेखक )

# एक ही व्यक्ति का दो सीटों पर चुनाव लड़ना कहां तक जायज़ है?



सुनील दत्त गोयल

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत यह है कि हर नागरिक को समान अधिकार के तहत वोट डालने और अपनी पसंद के प्रतिनिधि चुनने का हक़ मिला है। लेकिन समय-समय पर यह सवाल भी खड़ा होता है कि इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया के नाम पर जनता से लिया गया टैक्स आखिर खर्च कहाँ होता है? हाल के वर्षों में जिस मुद्दे ने बार-बार सुर्खियाँ बटोरी हैं, वह है – एक ही व्यक्ति का दो सीटों से चुनाव लड़ना।

दरअसल, आज 'जनता की सेवा' शब्द नेताओं के लिए बदलकर 'सत्ता प्राप्ति' और 'कुर्सी बचाने' का खेल बन चुका है। नतीजा यह है कि कई बार सांसद या विधायक अपने वर्तमान पद या क्षेत्र को छोड़कर दूसरी जगह चुनाव लड़ने चले जाते हैं। अगर जीत गए तो वहाँ चले जाते हैं, और हार गए तो पुरानी कुर्सी पर लौट आते हैं। सवाल यह है कि तब उस खाली हुई सीट का क्या? उस पर जब उपचुनाव होता है, तो उसका पूरा खर्च किसकी जेब से जाता है? जवाब साफ है – जनता का पैसा।

**दो सीटों से चुनाव लड़ने का खेल**

भारत में दो सीटों से चुनाव लड़ने की परंपरा कोई नई राजनीतिक चाल नहीं, इसकी जड़ें नेहरू-गांधी युग तक जाती हैं-और स्वतंत्रता के बाद के शुरुआती दशकों से लेकर आज तक कई बड़े नेताओं ने इसे रणनीतिक ढाल की तरह प्रयोग किया है। भारतीय चुनावी प्रणाली में अभी यह प्रावधान है कि एक उम्मीदवार दो सीटों से चुनाव लड़ सकता है। इसे पहली बार 1951 के जनप्रतिनिधित्व कानून (Representation of People Act) में अनुमति दी गई थी। तब तर्क यह दिया गया था कि किसी उम्मीदवार को अगर दो जगह से जनता का समर्थन चाहिए, तो उसमें बुराई नहीं। लेकिन व्यावहारिक रूप से यह प्रावधान जनता के लिए मुसीबत और वित्तीय बोझ बन गया है। स्वतंत्र भारत के पहले आम चुनाव 1951-52 में कांठोस का वर्चस्व था, और चुनावी ढाँचा आरपीए 1951 के तहत स्थापित हुआ, जिसमें एक व्यक्ति को एक साथ एक से अधिक सीटों से नामांकन की अनुमति दी गई-यही प्रावधान आगे चलकर दो सीटों से लड़ने की वैधानिक आधारशिला बना।

**इंदिरा-राजीव से सोनिया-राहुल तक**

कांग्रेस व्यवस्था के लंबे दौर में विपक्ष कमजोर होने के कारण बड़े नेताओं का सुरक्षा के रूप में एकाधिक सीटों से लड़ना समय के साथ अधिक दिखाई देने लगा। इंदिरा गांधी दो सीटों से लोकसभा चुनाव लड़ चुकी थीं-साल 1980 में उन्होंने रायबरेली (उत्तर प्रदेश) और मेडक (तब आंध्र प्रदेश) दोनों जगह से चुनाव लड़ा और दोनों सीटें जीतीं; बाद में उन्होंने मेडक सीट छोड़ दी। 1999 में सोनिया गांधी ने बेल्लारी (कर्नाटक) और अमेठी (उत्तर प्रदेश) से चुनाव लड़ा और दोनों सीटें जीतकर एक सीट छोड़ी-यही पैटर्न बाद के दशकों में भी बना रहा और उपचुनाव की बाध्यता सामने आती रही। 2019 में राहुल गांधी वायनाड और अमेठी से लड़े, वायनाड में जीते और अमेठी हारे-यह बताता है कि डुअल कंटेस्ट एक राजनीतिक जोखिम प्रबंधन उपकरण बना रहा, जिसका प्रभाव स्थानीय मतदाता पर और सार्वजनिक धन पर अलग-अलग तरह से पड़ता है। यह भी देखा गया है कि कई बार मौजूदा जनप्रतिनिधि इस्तीफा दे देते हैं ताकि खाली हुई सीट पर उपचुनाव द्वारा किसी बड़े नेता को जितवा सकें. डी बी चंद्रे गौड़ा (D.B. Chandre Gowda) चिकमगलूर के मौजूदा कांग्रेसी सांसद थे, जो 1971 और 1977 में इस सीट से जीत चुके थे लेकिन 1978 में इंदिरा गांधी की राजनीतिक वापसी के लिए पार्टी को एक 'सुरक्षित सीट' की जरूरत थी इसीलिए उन्होंने अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया, ताकि इंदिरा गांधी वहाँ से उपचुनाव लड़ सकें।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दुरुपयोग का यह एक श्रेष्ठ उदाहरण है।

**कुछ अन्य उदाहरण**

ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल जैसी कई क्षेत्रीय पार्टियों के नेता भी इसका इस्तेमाल कर चुके हैं।

नवीन पटनायक ने ओडिशा विधानसभा में एकाधिक सीटों से नामांकन किए

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी वाराणसी और वडोदरा, दोनों जगह से लड़े।

यानी यह एक आम राजनीतिक रणनीति बन चुकी है। यह रणनीति केवल नेता का 'सुरक्षा कवच' बनती है, मगर जनता की जेब और विश्वास पर भारी पड़ती है।

जनता का कितना पैसा डूबता है? (सरकारी आँकड़े)

भारत में चुनाव कराना बहुत महंगा कार्य है। चुनाव आयोग की रिपोर्ट के अनुसार:-2019 के लोकसभा चुनाव पर लगभग 60,000 करोड़ का खर्च हुआ था (जिसमें सरकारी और राजनीतिक पार्टियों का खर्च दोनों शामिल हैं)। भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के अनुसार, एक लोकसभा उपचुनाव कराने का औसत खर्च 2-5 करोड़ रुपये होता है। वहीं राज्य विधानसभा के उपचुनाव पर औसतन 1-2 करोड़ रुपये का खर्च आता है। अब जरा सोचिए – सिर्फ इसलिए कि कोई बड़ा नेता दो सीटों पर चुनाव लड़कर एक सीट खाली कर दे, जनता के टैक्स का करोड़ों रुपया बर्बाद हो जाता है। यह पैसा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क या रोजगार योजनाओं में खर्च हो सकता था।

**जनता के साथ अन्याय**

यह मुद्दा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक भी है। जब जनता वोट डालती है, तो वह उम्मीद करती है कि उसका प्रतिनिधि पूरे कार्यकाल तक उसकी सेवा करेगा। लेकिन जब प्रतिनिधि दूसरी जगह चला जाता है, तो उसी जनता को फिर से महीनों प्रचार, मतदान और चुनाव की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। यानी एक तरफ जनता पर आर्थिक बोझ, और दूसरी तरफ जनता की राजनीतिक भावनाओं से खिलवाड़। क्या यह सीधे-सीधे विश्वासघात नहीं है?

**समाधान क्या हो सकता है?**

अब सवाल यह उठता है कि इसका व्यावहारिक समाधान क्या है?

1. दूसरे नंबर वाले प्रत्याशी को विजयी घोषित करना

एक तर्क यह है कि अगर कोई नेता दो सीटों पर जीतता है और फिर एक सीट छोड़ देता है, तो उस सीट पर दोबारा चुनाव कराने के बजाय रनर-अप (दूसरे स्थान पर आने वाले) को विजयी घोषित कर दिया जाए।

**इससे करोड़ों रुपये बचेंगे।**

नेता सोच-समझकर ही कई सीटों से चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि सीट छोड़ते ही उनका विरोधी मजबूत होगा।

2. उपचुनाव का खर्च पार्टी या उम्मीदवार से वसूलना

अगर कोई प्रत्याशी सीट छोड़ता है, तो उस सीट के उपचुनाव का पूरा खर्च उसके या उसकी पार्टी से वसूला जाए। इससे उन्हें जनता के टैक्स की कीमत पता चलेगी।

3. केवल एक सीट से चुनाव लड़ने का प्रावधान

वैसे एक सबसे सीधा हल यह है कि कानून में संशोधन करके उम्मीदवार को केवल एक ही सीट से चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाए। 1996 में भारत निर्वाचन आयोग ने केंद्र सरकार को रिपोर्ट भेजकर सुझाव दिया था कि एक उम्मीदवार को केवल एक सीट से चुनाव लड़ने दिया जाए। लेकिन अब तक राजनीतिक दलों ने अपने हितों के चलते इस सिफारिश को लागू नहीं होने दिया।

**अंतरराष्ट्रीय अनुभव**

दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों ने पहले ही यह प्रथा खत्म कर दी है।

ब्रिटेन और यूनाइटेड स्टेट्स में उम्मीदवार एक समय में सिर्फ एक ही सीट से चुनाव लड़ सकता है। बांग्लादेश जैसे देशों ने भी इस पर रोक लगा रखी है। तो सवाल यह है कि भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में जनता के टैक्स के पैसे को ऐसे व्यर्थ बर्बाद करने की इजाज़त क्यों हो?

**लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि**

लोकतंत्र का मुख्य आधार यह है कि जनता सर्वोपरि है। नेताओं की व्यक्तिगत रणनीति या महत्वाकांक्षा जनता से बड़ी नहीं हो सकती। अगर एक सीट छोड़ने से करोड़ों रुपया बर्बाद होता है और जनता को दोबारा मतदान की मशक्कत करनी पड़ती है, तो यह साफ तौर पर अन्याय है। आज जब देश विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे असली मुद्दों से जूझ रहा है, तब चुनावी व्यवस्था को इतना महंगा और जटिल बनाने का कोई औचित्य नहीं है। यह वक्त है कि चुनाव आयोग और सरकार मिलकर इस पर सख्त सुधार लाएँ। अगर कोई व्यक्ति जेल में है तो वो अपना वोट नहीं डाल सकता लेकिन वही कैदी भले ही दो साल से जेल में है तो वो चुनाव लड़ कर सांसद या विधायक बन सकता है। तो क्या वो जीता हुआ प्रत्याशी अपने क्षेत्र के मतदाताओं के साथ न्याय कर रहा है? उदाहरण के लिए, कश्मीर के बारामूला से सांसद शेख़ अब्दुल रशीद, जो इंजीनियर रशीद के नाम से भी जाना जाता है और तिहाड़ जेल में दिल्ली में बंद हैं।

आम समझ से देखें तो जो व्यक्ति जनता की सेवा करने और मिलने-जुलने के लिए उपलब्ध ही नहीं है, वह कैसे इलाके की समस्याएँ सुनेगा, जनसुनवाई करेगा या कामकाज देखेगा-जेल की दीवारें उसे लोगों से अलग कर देती हैं, और जनता उससे मिल भी नहीं पाती।

इसी वजह से लोग कहते हैं कि यह लोकतंत्र का मज़ाक है: जनता तो वोट देने कतार में खड़ी रहती है, लेकिन लाखों लोग जो सिर्फ मुकदमे के चलते जेल में हैं, वोट नहीं डाल पाते, और दूसरी तरफ कोई बंदी कागज़ी औपचारिकताएँ पूरी करके चुनाव में उम्मीदवार बन सकता है। बहुत से संगठनों और कानूनी बहसों में यह मांग उठी है जेल में रहने के दौरान चुनाव लड़ने पर साफ-साफ रोक या सख्त शर्तें लगाई जाएँ, ताकि हक़ और ज़िम्मेदारी का संतुलन बना रहे और जनता का भरोसा कायम रहे।

**निष्कर्ष–** आज जब हर परिवार महँगाई, बेरोजगारी और टैक्स के बोझ से दबा हुआ है, तब जनता का पैसा नेताओं की महत्वाकांक्षाओं पर खर्च करना लोकतंत्र का मज़ाक है। अगर अनावश्यक उपचुनाव रोके जाएँ, तो करोड़ों रुपये का सदुपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढाँचे पर हो सकता है। इसलिए अब वक्त आ गया है कि चुनाव आयोग, संसद और सरकार इस मुद्दे पर गंभीर बहस करे।

लोकतंत्र मज़बूत तभी होगा जब जनता का सम्मान रहेगा और उसके हित के विपरीत कोई नियम नहीं होगा। दो सीटों पर चुनाव लड़ना राजनीति का खेल नहीं, बल्कि जनता के साथ मज़ाक है – और इसको कानून बनाकर खत्म करना ही लोकतांत्रिक ईमानदारी की पहली शर्त है।

**–रोटेरियन सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**
**पूर्व उपाध्यक्ष, जयपुर स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड**
**जयपुर, राजस्थान**

# "जल जीवन मिशन" से बयाना के गांव पुरा बाइखेड़ा में आएगी खुशहाली

## हर घर तक नल से पानी पहुंचाने का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है

**बयाना/भरतपुर,** (निसं)। राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "जल जीवन मिशन" के तहत बयाना उपखंड के गांव पुरा बाइखेड़ा में हर घर तक नल से पानी पहुंचाने का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। करीब 2 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से गांव में तीन ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या से राहत मिलेगी।

जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता राजेश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और उच्च जलाशय (ओवरहेड टैंक) का कार्य अंतिम चरण में है। साथ ही दो पानी की टंकियों का निर्माण किया जा रहा है और पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाई जा रही है। योजना के तहत लगभग 782 घरों को कनेक्शन दिए जाएंगे, जिससे हर घर में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके।

**■ करीब 2 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से गांव में तीन ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं**

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण इलाकों में भी हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचे और लोग पानी की कमी जैसी समस्याओं से मुक्त हों। सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और इसी दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

**गांववासियों में खुशी की लहर** :-इस परियोजना को लेकर गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले उन्हें पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ता था, लेकिन अब हर घर में नल से जल मिलेगा तो जीवन आसान हो जाएगा। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और सरकार की कार्यशैली की सराहना की और कहा कि अब गांवों में भी असली विकास दिखने लगा है। पुरा बाइखेड़ा गांव में जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन से यह साफ है कि सरकार की योजनाएं अब ज़मीनी स्तर पर असर दिखा रही हैं। यह पहल न केवल पानी की समस्या से निजात दिलाएगी, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता को भी बढ़ावा देगी।

# लापरवाही पर एक टीचर सस्पेंड, चार को नोटिस

**बीकानेर,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने स्कूलों के निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरतने वाले एक शिक्षक को सस्पेंड कर दिया, वहीं चार अन्य को नोटिस दिया है। निदेशक जाट शिक्षा विभाग की ओर से चल रहे मौखिक प्रवाह पठन कार्यक्रम में लापरवाही पाए जाने पर ये कार्रवाई की है। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को पढ़ने की स्पीड बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। निदेशक जाट ने बीकानेर के 4 विद्यालयों में आयोजित गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही विद्यालय में शिक्षण एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, खारी चारणान में कक्षा 3 से 5 एवं कक्षा 6 से 8 के समूह बनाकर इस तरह की एक्टिविटी करवानी थी, ताकि बच्चे की पढ़ने की स्पीड बढ़ सके। ऐसी कोई एक्टिविटी स्कूल में नहीं करवाई गई। जाट ने संबंधित शिक्षकों को गम्भीरता पूर्वक कार्य करने की चेतावनी दी और योजनानुसार गतिविधियां आयोजन के निर्देश दिए। पीएमश्री राउमावि गौड़ू में कार्यक्रम प्रभारी और अध्यापक लेवल-2 चौथमल के कार्य में घोर लापरवाही बताते हुए सस्पेंड किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक ने चौथमल को निलंबित किया है।

निदेशक ने खारी चारणान विद्यालय के की अध्यापिका लेवल-1 रेखा गर्ग और मनदीप कौर तथा

**■ माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया**

वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक माणक चंद सुथार द्वारा गतिविधि आयोजन में बरती जा रही लापरवाही के लिए इनके खिलाफ सीसीए नियम-17 के तहत कार्यवाही प्रारंभ किये जाने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बज्जू में भी मौखिक प्रवाह पठन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को समूह अनुसार गतिविधियों का आयोजन नहीं करवाया जाना पाया गया। विद्यालय के संस्था प्रधान बगसा राम बिश्नोई द्वारा कार्यक्रम के संबंध में संतोषजनक जानकारी प्रदान नहीं की गई। कार्यक्रम के दिशा-निर्देश एवं गतिविधि आयोजन के संबंध में किसी भी प्रकार की कार्य योजना का भी नहीं पाई गई। इसके मद्देनजर संस्था प्रधान के खिलाफ सीसीए नियम-17 के तहत कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश प्रदान किये गए। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक) द्वारा इन शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ करने के लिए नोटिस जारी कर दिया गया और 12 सितंबर तक स्पष्टीकरण चाहा गया है।

मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान प्रखर राजस्थान 2.0 के तहत प्राइमरी क्लास में पढ़ने वाले बच्चों को किताब पढ़ते समय अटकने के बजाय स्पीड बनाने के लिए ये कार्यक्रम तय किया गया है, ताकि भाषायी कौशल के विकास, समझ के साथ पढ़ने, लिखने की आदत हो सके। राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम को मिशन मोड पर लिया है।

निदेशक ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बज्जू के छात्रावास का भी निरीक्षण किया। यहां सहायक वार्डन अर्चना रावत उपस्थित रही। छात्रावास में साफ-सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता सही पाई गई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोडायत में निरीक्षण के समय संतोषजनक शैक्षिक व्यवस्थाएं पायी गई। इस दौरान अतिरिक्त निदेशक गोपाल राम बिरदा और जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक किशन दान चारण साथ रहे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 11 सितम्बर, 2025**

आश्विन मास, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, अश्विनी नक्षत्र दिन 1:58 तक, ध्रुव योग सायं 5:05 तक, बालव करण दिन 12:46 तक, चन्द्रमा मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-मेष, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मिथुन, शुक्र-कर्क, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 1:58 तक है। ज्वालामुखी योग दिन 1:58 से आरम्भ होगा। आज पंचमी और भरणी का श्राद्ध है। आज विनोभा भावे जयन्ती और भूदान जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 7:46 तक, चर 10:51 से 12:24 तक, लाभ-अमृत 12:24 से 3:28 तक, शुभ 5:01 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:14, सूर्यास्त 6:33

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मानसिक तनाव से राहत मिल सकती है। आवश्यक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

**वृष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मित्रों/भाई-बंधुओं के कारण समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव बना रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मकर**
घर-परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में चल रहे आपसी वाद-विवाद समाप्त होंगे।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

# जयपुर में विरासत और विकास का अद्भुत संगम बनेगा राजस्थान मंडपम

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में रीको और एनबीसीसी के बीच हुआ समझौता

■ सम्मेलनों, सांस्कृतिक आयोजनों और पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में अब ऐसा भव्य स्थल तैयार होगा, जो प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को संजोते हुए आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में बुधवार को राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) तथा राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी) के बीच "राजस्थान मंडपम" और उससे जुड़ी परियोजनाओं के निर्माण के लिए समझौता किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर में प्रस्तावित यह विशाल परिसर राजस्थान की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के साथ-साथ आधुनिक आवश्यकताओं को भी पूर्ण करेगा। इसमें सम्मेलन भवन, प्रदर्शनी कक्ष, राजस्थानी शिल्पकला को दर्शाने वाले मंच, आवासीय व्यवस्था, भोजनालय, व्यावसायिक उपयोग की इमारतें, तथा आकर्षक उद्यान शामिल होंगे।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में बुधवार को रीको तथा एन.बी.सी.सी. के बीच "राजस्थान मंडपम" और उससे जुड़ी परियोजनाओं के निर्माण के लिए समझौता किया गया। इस मौके पर मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं रीको अध्यक्ष शिखर अग्रवाल, एनबीसीसी के अध्यक्ष के.पी. महादेवस्वामी मौजूद थे।**

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के साथ विरासत भी के संकल्प को साकार करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम केवल ईंट और पत्थरों की इमारत नहीं होगी, बल्कि यह राजस्थान की आत्मा, उसकी संस्कृति, परंपरा, कला, और लोक जीवन को नई पहचान देगी। यह स्थल आने वाले समय में राजस्थान की सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जयपुर अब सम्मेलन पर्यटन का प्रमुख केन्द्र बनेगा। देश-विदेश से लोग यहां आयोजनों के लिए आएंगे, जिससे पर्यटन, रोज़गार, और स्थानीय शिल्पकारों को भी लाभ मिलेगा।

इस बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने परियोजना की रूपरेखा की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि भवन निर्माण में राजस्थान की स्थापत्य शैली, लोक कलाओं, और परंपरागत रंग-रूप का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही, निर्माण के बाद इसकी देखरेख, साफ-सफाई, तथा सुरक्षा व्यवस्था भी सर्वोच्च स्तर की होनी चाहिए।

'राजस्थान मंडपम' का निर्माण जयपुर के बी-2 बाईपास क्षेत्र में रीको की भूमि पर किया जाएगा। परियोजना में राजस्थान की पारंपरिक वास्तुकला के साथ-साथ नवीनतम तकनीकी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही पाँच सितारा और चार सितारा होटल, सूचना तकनीकी से जुड़ी इमारतें, तथा निवासीय और व्यवसायिक परिसर भी बनाए जाएंगे। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि यह परियोजना न केवल जयपुर को बल्कि पूरे राजस्थान को एक नया सांस्कृतिक और आर्थिक आयाम प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह स्थल प्रदेश की कला, संस्कृति, और पर्यटन को नई पहचान देगा।

समारोह में मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं रीको अध्यक्ष शिखर अग्रवाल, एनबीसीसी के अध्यक्ष के.पी. महादेवस्वामी, तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जहाजपुर से कांग्रेस के 35 जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल

■ भाजपा नेता मुकेश पारीक ने दिलाई सदस्यता

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी का जनाधार लगातार विस्तार पा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रवादी सोच और विकासोन्मुखी नेतृत्व से प्रभावित होकर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। इसी क्रम में भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के 35 से अधिक प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इन सभी जनप्रतिनिधियों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने सभी को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर भाजपा परिवार में उनका स्वागत किया। इस दौरान जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र से सरपंच भैरूलाल गुर्जर, प्रेमशंकर गुर्जर, उदयलाल गुर्जर, भंवरलाल गुर्जर, सीताराम गुर्जर, जमनालाल गुर्जर सहित अनेक प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सभी नवदिक्षित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा में उनका स्वागत है, और उन्हें आशा है कि सभी नेता पार्टी की विचारधारा के अनुरूप जनसेवा को सर्वोपरि रखकर कार्य करेंगे।

प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने कहा कि यह भाजपा की मजबूत नीति, संगठनात्मक कार्यशैली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले यह जनप्रतिनिधि न केवल संगठन को और मजबूती देंगे, बल्कि अपने क्षेत्रों में पार्टी की नीति और कार्यक्रमों को भी प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाएंगे।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश गर्ग, विक्रम सिंह गुर्जर, एस.के. शर्मा सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कंगला गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने कंगला गैंग के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं।

पुलिस ने बदमाशों के पास से छह मोबाइल फोन सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कंगला गैंग के तीन शातिर मोबाइल स्नेचर नरेन्द्र सिंह (20) निवासी कोटखावदा जयपुर, पुष्पेंद्र मीणा (21) निवासी कोटखावदा जयपुर और शंकर बणजारा (20) निवासी पिचौर जिला ग्वालियर हाल प्रताप नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके खिलाफ जयपुर शहर में कई वारदात करने के मामले दर्ज है।

# सांसद सी.पी. जोशी की उपराष्ट्रपति से भेंट

**नई दिल्ली/जयपुर (कासं)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ से सांसद सीपी जोशी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित न्यू महाराष्ट्र सदन में भारत के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राधाकृष्णन को उनकी ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। सांसद जोशी ने कहा कि उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन का राजनीतिक अनुभव, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता लोकतांत्रिक संस्थाओं को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में संसद की गरिमा और कार्यवाही की सुचारुता को और अधिक मजबूती मिलेगी।



सीपी जोशी ने कहा, उपराष्ट्रपति के नेतृत्व में संसद और लोकतंत्र की संस्थाएं और अधिक सशक्त होंगी। उनके अनुभव का लाभ पूरे देश को मिलेगा। यह भेंट एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें लोकतंत्र की मजबूती, संसद की कार्यप्रणाली और जनहित से जुडे विषयों पर सकारात्मक संवाद हुआ।

## सांस्कृतिक सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सांस्कृतिक सेवा पखवाड़े को भव्य, सार्थक और यादगार बनाने के निर्देश दिए हैं।

यह आयोजन पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से पूरे प्रदेश में आयोजित किया जाएगा।

बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि यह पखवाड़ा केवल आयोजनों तक सीमित न रहे, बल्कि इसका मूल उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को भारतीय कला, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना होना चाहिए।

# दाने-दाने में केसर का दम का दावा करने वाले शाहरुख, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ से जवाब मांगा

■ राज्य उपभोक्ता आयोग ने विमल पान मसाले का भ्रामक विज्ञापन करने के मामले में इन तीनों फिल्म अभिनेताओं और पान मासाला निर्माता जेबी इंडस्ट्रीज से 8 अक्टूबर तक जवाब तलब किया है

**जयपुर (कासं)।** राज्य उपभोक्ता आयोग ने विमल पान मसाले के दाने-दाने में केसर का दम बताकर इसका भ्रामक विज्ञापन करने के मामले में फिल्म अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ सहित विमल पान मसाला ब्रांड के निर्माता जेबी इंडस्ट्रीज से 8 अक्टूबर तक जवाब तलब किया है। आयोग अध्यक्ष जस्टिस देवेन्द्र कच्छावा और सदस्य करुणा जैन ने यह आदेश गजेन्द्र सिंह ठाकुर की अपील पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अपील में जिला उपभोक्ता आयोग क्रम-2 के परिवाद खारिज करने के गत 12 अगस्त को दिए आदेश को चुनौती दी गई है।अपील में अधिवक्ता सुमन शेखावत ने बताया कि जेबी इंडस्ट्रीज विमल पान मसाले का निर्माण कर उसे देशभर में विक्रय करने के लिए सप्लाई करती है। वहीं तीनों अभिनेता इसकी बिक्री बढाने के लिए इसका विज्ञापन करते हैं। परिवाद में कहा गया कि विज्ञापन में बताया जाता है कि इसमें केसर का मिश्रण है। जबकि सच्चाई यह है कि केसर की कीमत करीब चार लाख रुपए प्रति किलोग्राम है और यह पान मसाला पांच रुपए में आता है। ऐसे में इसमें केसर मिलाने का दावा भ्रामक है। यह भ्रामक विज्ञापन इसलिए दिखाया जाता है कि अधिक से अधिक लोग ज्यादा से ज्यादा यह पान मसाला खरीदें और इसके निर्माता को लाभ मिले। परिवाद में बताया गया कि इन अभिनेताओं द्वारा इस पान मसाले में दाने-दाने में केसर का दम दिखाकर दुष्प्रचार किया जा रहा है। जिससे एक ओर निर्माता कंपनी करोड़ों रुपए का व्यापार कर रही है और दूसरी ओर आमजन हानिकारक और स्वास्थ्य के लिए पान मसाला का सेवन कर कैंसर जैसी बीमारी को न्यौता दे रहे हैं। इसके बावजूद वे जानबूझकर आमजन को भ्रमित करने के लिए इसे केसरयुक्त बताकर विज्ञापन जा रहा है। अपील में गुहार की गई है कि विमल पान मसाला के उत्पादन और विज्ञापन पर तत्काल रोक लगाने के साथ ही इन कलाकारों को दिए राष्ट्रीय पुरस्कार वापस लिए जाए। वहीं इन पर पचास लाख रुपए का हर्जाना भी लगाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने तीनों अभिनेताओं सहित निर्माता कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण को राहत

## दर्ज एफ.आई.आर. पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

■ खराब कार की मार्केटिंग करने का मामला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने खराब कार की मार्केटिंग करने के मामले में भरतपुर के मथुरा गेट थाने में फिल्म अभिनेता शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण सहित अन्य के खिलाफ इस्तगासे के जरिए दर्ज एफआईआर में कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण सहित अन्य की ओर से दायर आपराधिक याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। इसके साथ ही अदालत ने भरतपुर की संबंधित कोर्ट से मामले से जुडा रिकॉर्ड भी तलब किया है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, विवेक राज बाजवा और अधिवक्ता माधव मित्र ने अदालत को बताया कि शिकायतकर्ता ने कार खरीदने के बाद उसे तीन साल तक करीब 67 हजार किलोमीटर चलाया और उसके बाद एफआईआर दर्ज कराई। मामले में फिल्मी कलाकार याचिकाकर्ताओं पर कोई स्पष्ट आरोप नहीं है। वे कार के ब्रांड एम्बेसडर हैं और उन्होंने सिर्फ कार का विज्ञापन किया था।

याचिकाकर्ता दीपिका पादुकोण तो शिकायतकर्ता के वाहन खरीदने के बाद इस ब्रांड से जुडी हैं। इसके अलावा हर वाहन की परफॉर्मेंस उसके चलाने के तरीके पर निर्भर करती है। यदि शिकायतकर्ता को कार की परफॉर्मेंस को लेकर कोई शिकायत भी थी तो इसमें कोई आपराधिक मामला नहीं बनता है। शिकायतकर्ता इसे उपभोक्ता अदालत में परिवाद दायर कर चुनौती दे सकता था।

इसके बावजूद भरतपुर की निचली अदालत के पीठासीन अधिकारी ने बिना विधिक मस्तिष्क का उपयोग किए एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। ऐसे में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने याचिकाकर्ताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर में आगामी कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है।

गौरतलब है कि भरतपुर के वकील कीर्ति सिंह ने इस्तगासे के जरिए मथुरा गेट थाने में गत दिनों एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें कंपनी के एमडी अनसो किम, निदेशक और सीईओ तरुण गर्ग, शाहरुख खान व दीपिका पादुकोण सहित अन्य को आरोपी बनाते हुए कहा गया था कि उसने जून, 2022 में 23 लाख 97 हजार रुपए में एक कंपनी की कार खरीदी थी।

हाईवे पर कार चलाने के दौरान ओवरटेक करते समय कार पिकअप नहीं लेती और उसका सिर्फ आरपीएम ही बढ़ता है। कार के ओडोमीटर में माल फंक्शन लिखा आने का साइन नजर आता है।

वहीं तेज चलाने पर कार वाइब्रेट होने लगती है। एफआईआर में यह भी कहा गया कि जब शिकायत दी गई तो कार एजेंसी संचालक ने इसे कार निर्माण में दोष बताया। अपराध में कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ दोनों फिल्मी कलाकार भी बराबर के आरोपी हैं।

# शिक्षा है बच्चे का मौलिक अधिकार : हाईकोर्ट

■ दस्तावेज में तकनीकी खामी के कारण नहीं किया जा सकता वंचित : उच्च न्यायालय

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत शिक्षा बच्चे का मौलिक अधिकार है। उसे इस तकनीकी आधार पर इस अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता कि उसके आधार कार्ड में वार्ड का हवाला नहीं है। इसके साथ ही अदालत ने आदेश दिए हैं कि याचिकाकर्ता को पन्द्रह दिन में संबंधित स्कूल में प्रवेश दिलाया जाए। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश दिविक रंगवानी के अपने पिता के जरिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि एक बार याचिकाकर्ता को लॉटरी ड्रॉ के जरिये निजी स्कूल में प्रवेश के लिए चुन लिया गया है तो आधार कार्ड में निवास वार्ड का हवाला नहीं होने के तकनीकी आधार पर उसे खारिज नहीं किया जा सकता। आवेदन खारिज करने के बजाए स्कूल प्रशासन याचिकाकर्ता से दस्तावेजी साक्ष्य मांग सकता था।

याचिका में अधिवक्ता एम निसार खान ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने आरटीई के तहत दी वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन किया था। स्कूल प्रशासन ने गत 21 अप्रैल को उसका आवेदन यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि उसने गलत दस्तावेज पेश किए हैं। वहीं इसकी सूचना भी याचिकाकर्ता को नहीं दी। इसके बाद स्कूल ने दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 8 मई कर दिया। याचिका में कहा गया कि उसके आधार कार्ड में निवास वार्ड की संख्या दर्ज नहीं होने के कारण उसका आवेदन अस्वीकार किया गया है। जबकि याचिकाकर्ता ने 8 मई को ई-मेल के जरिए राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित दस्तावेज इस संबंध में पेश कर दिया था। इसके बावजूद स्कूल प्रशासन ने उसे प्रवेश नहीं दिया। इसका विरोध करते हुए स्कूल के अधिवक्ता ने कहा कि याचिकाकर्ता के दस्तावेज में वार्ड संख्या का हवाला नहीं था। जबकि राज्य सरकार के निर्देशानुसार वार्ड विशेष में निवास करने वाले विद्यार्थी को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाती है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ता को पन्द्रह दिन में स्कूल में प्रवेश देने के आदेश दिए हैं।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिखाई फ्लिक्स बस को हरी झंडी

## यू.के. और भारत में होगा राजस्थान पर्यटन का प्रमोशन

■ जयपुर में भी जल्द ही लंदन की तर्ज पर हॉप-ऑन हॉप-ऑफ बस सेवा शुरू होगी : दिया कुमारी

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को जयपुर के अल्बर्ट हॉल से फ्लिक्सबस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग और अग्रणी इंटरसिटी मोबिलिटी कंपनी फ्लिक्सबस के बीच एक विशेष साझेदारी की शुरुआत हुई।

इस साझेदारी के तहत विरासत-थीम पर आधारित ब्रांडेड बसें भारत और यूके के प्रमुख रूट्स पर चलाई जाएंगी। ये बसें राजस्थान की धरोहर, कला और संस्कृति को देश-विदेश के यात्रियों तक पहुंचाएंगी। यूके में ये बसें लंदन से कैम्ब्रिज रूट पर और भारत में देहरादून-हरिद्वार-दिल्ली-जयपुर रूट पर संचालित होंगी।

बसों की बाहरी ब्रांडिंग पर राजस्थान के किले, महल, लोक कलाएं और ऐतिहासिक गाथाओं की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही, प्रत्येक बस पर एक क्यूआर कोड भी प्रदर्शित होगा, जिसे स्कैन करने पर यात्री राजस्थान पर्यटन विभाग की वेबसाइट से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।




**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को जयपुर के अल्बर्ट हॉल से फ्लिक्सबस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि फ्लिक्सबस के साथ यह साझेदारी राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर प्रमोट करने की दिशा में एक अभिनव प्रयास है।

उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगी, बल्कि राजस्थान पर्यटन के लिए नए अवसर भी लेकर आएगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस साझेदारी का विस्तार भविष्य में और रूट्स पर किया जा सकता है।

दिया कुमारी ने यह घोषणा भी की कि जयपुर में जल्द ही लंदन की तर्ज पर हॉप-ऑन हॉप-ऑफ बस सेवा शुरू की जाएगी।

यह सेवा पीपीपी मॉडल (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) पर आधारित होगी और इससे पर्यटकों को एक ही टिकट पर जयपुर के प्रमुख स्थलों की यात्रा करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि राजस्थान का हर पर्यटक अनुभव समृद्ध, सुविधाजनक और यादगार हो। हॉप-ऑन हॉप-ऑफ सेवा से जयपुर में पर्यटन गतिविधियों को नया प्रोत्साहन मिलेगा।

इस अवसर पर फ्लिक्सबस इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सूर्या खुराना और पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियार भी उपस्थित रहे। उन्होंने साझा किया कि इस साझेदारी को डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाएगा। साथ ही, जयपुर पहुंचने वाले पहले 100 फ्लिक्सबस यात्रियों को अल्बर्ट हॉल संग्रहालय में निःशुल्क प्रवेश की सुविधा भी दी जाएगी। यह साझेदारी न केवल राजस्थान की सांस्कृतिक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाएगी, बल्कि राज्य में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगी।

## विधानसभा का मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**जयपुर (विसं)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को सोलहवीं विधानसभा का चतुर्थ सत्र मध्यान्ह पश्चात 4:58 बजे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया। सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। 1 सितम्बर से जारी यह सत्र कुल 6 बैठकों में फैला और लगभग 18 घंटे 40 मिनट तक चला।

देवनानी ने बताया कि विधानसभा ने 91 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों के उत्तर समय पर प्राप्त किए। पहले तीन सत्रों में क्रमशः 2073/2098, 7657/7945 व 8351/9701 प्रश्नों के जवाब विधानसभा को मिले। इस सत्र में कुल 3008 प्रश्न प्राप्त हुए - जिनमें से 1237 तारांकित, 1770 अतारांकित और 1 अल्प सूचना प्रश्न शामिल था। इनमें से 120 तारांकित सूचीकृत थे, जिनमें से 53 पूछे गए और उत्तर दिए गए; 119 अतारांकित प्रश्न भी सूचीबद्ध रहे। प्रक्रिया के नियम?131 के अंतर्गत 1686 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 1575 के उत्तर विधानसभा को समय पर प्राप्त हुए - लगभग 78 प्रतिशत की प्रभावशाली उपलब्धि।नियम?295 के अंतर्गत 337 विशेष उल्लेख प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 307 के उत्तर समय पर आए - 94 प्रतिशत जवाब दर! इसके अलावा नियम?50 के अंतर्गत 134 स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 21 प्रस्तावों पर सदन में चर्चा हुई और 17 विधायकों ने अपने विचार रखे। सदस्यों द्वारा कुल 267 पर्चियाँ प्रस्तुत की गईं, जिनमें से 20 को चयनित कर सदस्य सदन में अपनी बात रख सके।


With deep sorrow and grief we mourn the passing away of our beloved mother

**Abayam Krishnamurthy**

January 4, 1935 - September 10, 2025



Last rites September 10th, 2025 at Antim Nivas, Sector 94, Noida at 1:30pm

In Grief

K.Srinivasan-Renu Mittal (Rashtradoot) | Nayantara

Mohan-Suchitra | Siddhartha-Shweta

Ravishankar-Usha | Dhruv | Gaurav

# तालाब गांव के लोकेन्द्र सिंह हत्याकांड का फरार इनामी आरोपी कोटा से गिरफ्तार

## पांच हजार का इनामी अपराधी जाकिर उर्फ रिंकू पिछले 10 साल से फरार चल रहा था

**बूंदी, (निसं)।** जिले में हिण्डोली थाना क्षेत्र के तालाब गांव के बहुचर्चित लोकेन्द्र सिंह हत्याकांड के फरार इनामी आरोपी को कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। महावीर कॉलोनी बूंदी निवासी पांच हजार का इनामी अपराधी जाकिर उर्फ रिंकू पुत्र हुसैन मोहम्मद पिछले 10 साल से फरार चल रहा था, जिसे कोतवाली थाना पुलिस ने कोटा से गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि फरार और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए सभी थानाधिकारियों को विशेष निर्देश दिए थे, जिनकी की पालना में कोतवाली थाना प्रभारी भंवर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्यवाही की। कोतवाली थाना प्रभारी भंवर सिंह ने बताया कि हिण्डोली थाना क्षेत्र के तालाब गांव में वर्ष 2015 में चर्चित लोकेन्द्र सिंह हत्याकांड हुआ था। इस प्रकरण में हिण्डोली पुलिस ने आरोपी जाकिर उर्फ रिंकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर अदालत में चार्जशीट पेश की थी। जमानत पर बाहर आने के बाद आरोपी ने न्यायालय में हाजिरी देना बंद कर दिया और फरार हो गया।



कोतवाली थाना पुलिस ने लोकेन्द्र सिंह हत्याकांड के फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया।

- आरोपी न तो मोबाइल का इस्तेमाल करता था और न ही सोशल मीडिया पर सक्रिय था, जिससे उसकी तलाश और मुश्किल हो गई थी

थाना प्रभारी ने बताया कि विशिष्ट न्यायालय, एससी, एसटी अत्याचार निवारण प्रकरण बूंदी ने आरोपी को स्थाई वारंटी घोषित कर दिया था। पुलिस की लगातार तलाशी के बावजूद पुलिस गिरफ्त से दूर रहे आरोपी जाकिर ने बूंदी स्थित अपना मकान तक बेच दिया और लंबे समय तक गुमनामी में रहा। आरोपी न तो मोबाइल का इस्तेमाल करता था और न ही सोशल मीडिया पर सक्रिय था, जिससे उसकी तलाश और मुश्किल हो गई। इसी बीच पुलिस अधीक्षक ने उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। थाना प्रभारी भंवर सिंह ने बताया कि 9 सितंबर को पुलिस को आरोपी के कोटा में छिपे होने की सूचना मिली। इसके बाद तुरंत टीम गठित कर कोटा भेजा गया। पुलिस ने तकनीकी साधनों और गुप्त सूत्रों की मदद से जाकिर को ट्रेस कर धर दबोचा। आरोपी को अब अदालत में पेश किया जाएगा।

## ऑयल गोदाम में आग लगी

**कोटा, (निसं)।** उद्योग नगर इलाके के शिवसागर कॉलोनी में स्थित ऑयल गोदाम में आग लग गई। आग की सूचना पाकर नगर निगम की तीन दमकलें मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

अगिनश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि कैथून रोड़ शिवसागर कॉलोनी में एक मकान के अंदर ऑयल गोदाम में बुधवार तड़के आग की सूचना मिलते ही सब्जीमंडी फॉयर स्टेशन से दमकल को मौके के लिये रवाना किया गया। अग्निश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि उस मकान के आस-पड़ोस में कई मकान होने से स्थिति गंभीर थी। टीम ने वहां जाकर देखा तो अंदर से बाहर तक ऑयल फैला हुआ था और आग अंदर लगी हुई थी। आग की गंभीरता को देखते हुए और दमकलें मौके पर बुलाई गई। टीम ने छत से चद्र काटकर फोम की सहायता से आग पर कंट्रोल करते हुए अंदर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया आग की चपेट में आने से एक कमरा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। अगिनश्मन अधिकारी ने बताया कि वहीं एक खुली रसोई थी, जहां से एक सिलेंडर को बाहर सुरक्षित निकाला गया, अगर सिलेंडर ब्लास्ट हो जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। दो कमरो में किये गये ऑयल भण्डारण को भी सुरक्षित बचाया गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION BASERI**

File No. 906 Date-03.09.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids For NIT No. 10/2025-26 Rate contract Patch repair and Restoration work scheme SDRF under PWD Division Baseri of Subject matter(s) of Procurement are Invited from interested bidders date 04.09.2025 09.30 AM to Date 11.09.2025 upto 6.00 Noon. Other Particulars of the id may be visited on the Procurementportel (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state: and PWD Departmental website. The approximate value of the Procurement is Rs. 45.19 Lacs.

NIB - PWD2526 A3081

UBN - PWD 2526 WSRC 11517

(Deepu Singh)
Executive Engineer
PWD Division Baseri

DIPR/C/13137/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर**

क्रमांकः 1432-39 दिनांकः 27/08/2025

**ई-निविदा सूचना सं. 13/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य हेतु कुल 01 कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। आर.पी.डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A2939 के UBN No. निम्न प्रकार है-

UBN No. - 1. PWD2526WSOB11021

(राजेन्द्र कुमार सैनी)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर

DIPR/C/12771/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक :- 2911-2925 दिनांक :- 26-08-2025

**ई-निविदा सूचना संख्याः 35/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरू में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर.पी डब्लयू.ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. - PWD2526A2888

UBN No.- 1. PWD2526WSOB10859, 2. PWD2526WSOB10861
3. PWD2526WSOB10863, 4. PWD2526WSOB10864

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

DIPR/C/13114/2025


## 'नेपाल में रह रहे सभी भारतीय पूरी तरह सुरक्षित'

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि नेपाल में रह रहे सभी भारतीय पूरी तरह से सुरक्षित हैं। पर्यटन और दर्शनार्थ की दृष्टि से वहां गए लोगों से लगातार संपर्क जारी है और उन्हें सुरक्षित लाने की व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की गई है। बुधवार को गृह नगर जोधपुर पहुंचे शेखावत ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि नेपाल में नोटम लगने के कारण किसी तरह के एयरपोर्ट ऑपरेशन नहीं हो रहा है और उनके इवेक्युएशन का कार्य आज से ही शुरू हो जाएगा। इसके लिए पहले से हमारे हवाई जहाज वहां खड़े हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच में सड़क मार्ग का रास्ता सबसे सुलभ मार्ग है। वह अब भी खुला है, लेकिन अभी एहतियात के मद्देनजर किसी भी भारतीय को कर्फ्यू के दौरान किसी भी तरह के ट्रैवल नहीं करने की हिदायत दी गई है। शेखावत ने कहा कि भारत सरकार इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है।

# आलापुर में जाति बदलकर जमीन खरीदने का मामला सी.एम.ओ. पहुंचा

- छह महीने से जांच दबाकर बैठे राजस्व कर्मचारी, परेशान होकर पीड़ित ने कदम उठाया
- समाज के लोगों के साथ जल्दी ही सीएम और मुख्य सचिव से मिलेगा पीड़ित परिवार

**अलवर, (निसं)।** अलवर और खैरथल राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा जांच रिपोर्ट देने में देरी करने से परेशान पीड़ित आलापुर निवासी दिनेश जाटव ने अब मामले को लेकर सीएमओ आफिस में गुहार लगाई है। वह जल्दी ही समाज के लोगों के साथ मुख्यमंत्री सहित मुख्य सचिव से मिलकर भ्रष्ट और नकारा कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही और न्याय की गुहार करेगा।

अलापुर निवासी दिनेश जाटव ने बताया कि पिछले करीब छह महिने से तहसीलदार और पटवारी सहित विभागीय बाबू जाति प्रमाण की जांच को अटका कर बैठे हैं, जब भी उनसे जांच के बारे में बात की जाती है तो वे कह देते हैं कि भेज दी, लेकिन संबंधित तहसील में या तो लेटर पहुंचा ही नहीं या जहां पहुंच गया वहां उस पर कार्यवाही नहीं की जा रही, जबकि तहसीलदार लगातार उसे मार्क कर जांच के लिए भेज देते हैं, लेकिन संबधित बाबू लेटर को दबाने में लगे हैं।

मामले के अनुसार 12 मई को अलापुर निवासी दिनेश कुमार पुत्र किशोरी लाल जाटव ने एक प्रार्थना पत्र अलवर एसडीएम को पेश किया था जिसमें लिखा कि उसकी जमीन खसरा नम्बर 22-24 को पीपली का बास तहसील किशनगढ़ बास निवासी जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह राय सिख और रणजीत पुत्र नत्था सिंह निवासी अलधाना तहसील लक्ष्मणगढ़ ने धोखाधड़ी से एससी बनकर खरीद कर ली जो कि नियम विरुद्ध है। जमीन खरीदने के बाद खरीददारों ने वापस अपनी जाति बदल ओबीसी कर ली, जिसमें तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी ने उनकी पूरी मदद करने का आरोप लगाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने इसकी जांच के लिए आदेश जारी कर दिये, लेकिन अलवर राजस्व विभाग के विभागीय बाबू ने काफी समय तक उक्त पत्र को डिस्पैच रजिस्टर में क्रमांक संख्या 1167-1168 दिनांक 2 जून 25 अंकित कर अपने पास रख लिया।

पंचायतों के बदले समीकरण की नही विभाग को जानकारी :-यहां पर उल्लेखनीय है कि अलवर एसडीएम कार्यालय में तैनात कर्मचारियों को इस बारे में जानकारी नहीं है कि अब अलवर के जिलों का बंटवारा हो चुका है और तहसील बदल चुकी है। उन्होंने यह जांच पत्र किशनगढ़बास तहसीलदार के नाम जारी कर दिया जहां वह रद्दी की टोकरी मे पड़ा रहा। आखिर शिकायतकर्ता ने जब किशनगढ़बास तहसीलदार के पास जाकर जांच की तो मामला सामने आया कि अब खैरथल तिजारा जिले की जगता वसई गांव में चला गया है। शिकायतकर्ता के प्रयासों के बाद उक्त पत्र को खंगाला गया तो पता चला कि यह पत्र 18 जून को किशनगढ़ बास पहुंचा और तहसीलदार ने उस पर नियमानुसार कार्यवाही के आदेश 19 जून को कर दिए थे, लेकिन विभागीय बाबूओ ने इस मामले को लटकाए रखा और 25 जुलाई को एक पत्र क्रमांक आरए-25-612 खैरथल तहसीलदार के नाम पर जारी किया कि पीपली का बास जगता बसई के अंतर्गत आता है और जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह की जाति का सत्यापन कर भिजवाया जाए। आज इस पत्र को भी दो महीने से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही के कारण इस पत्र का जवाब पिछले दो माह से नहीं आया है।

वहीं जगता बसई के पटवारी प्रेम पाल सिंह राठौड़ ने जांच के आदेश नहीं मिलने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-फागी**

क्रमांक-505 दिनांक-01.09.2025

**ई-टेन्डिरिंग सूचना संख्या 09/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान मे पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार क अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र मे प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। FINANCE (G&T) DEPARTMENT NOTIFICATION Jaipur, October 22, 2021 (75A, Additional Performance Security-(1) In addition to Performance Security as specified in rule 75, an Additional Performance Security shall also be taken from the successful bidder in case of unbalanced bid. The Additional Performance Security shall be equal to fifty percent of Unbalanced Bid Amount. The Additional Performance Security shall be deposited in lump sum by the successful bidder before execution of Agreement. The Additional Performance Security shall be deposited through e-Grass. Demand Draft, Bnker's Cheque, Government Securities of Bank Guarantee.)

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | - | Various Work in PWD Division-Dudu, Jaipur (2Nos) |
| कुल राशि (रूपयो में) | - | रूपये 143.84 लाख |
| कुल धरोहर राशि (रू.में) | - | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत |
| निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख | - | गुरूवार, 04 सितम्बर, 2025 प्रात 9.30 बजे से शनिवार 13 सितम्बर 2025 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | - | गुरूवार, 04 सितम्बर, 2025 प्रात 9.30 बजे से शनिवार 13 सितम्बर 2025 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | - | सोमवार, 15 सितम्बर, 2025 को सायं- 3.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया | - | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6(5)/वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई ग्रास पर आन लाईन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न) 1. प्रोसेसिंग शुल्क-8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग 2. निविदा शुल्क- 0075-00-800-52-01 3. धरोहर राशि- 8443-00-108-00-00 ऑफिस आई.डी. 8346 |

UBN NO.:

(संदीप टाटीवाल)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. फागी (जयपुर

DIPR/C/13078/2025



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.W.D. DN. KOTRA**

क्रमांक-449 दिनांक-20.08.2025

**Notice Invision Bid No. 09/2025-26**

NIB No.: PWD2526A2907

Bids for Various works are invited from interested bidders upto29.08.2025 10.00 AM to 11.09.2025 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ("http://eproc.rajasthan.gov.in" and "http://sppp.rajasthan.gov.in") of the state, and department website. The approximate value of procurement of 14 Works is Rs. 287.00 Lacs.

UBN No - 1. PWD2526WSOB10965, 2. PWD2526WSOB10966, 3. PWD2526WSOB10967
4. PWD2526WSOB10968, 5. PWD2526WSOB10969, 6. PWD2526WSOB10970
7. PWD2526WSOB10961, 8. PWD2526WSOB10972, 9. PWD2526WSOB10973
10. PWD2526WSOB10974, 11. PWD2526WSOB10975, 12. PWD2526WSOB10976
13. PWD2526WSOB10977, 14. PWD2526WSOB10978

(KAPIL KUMAR AWASTHY)
EXECUTIVE ENGINEER
P.W.D. Dn. KOTRA

DIPR/C/12709/2025



**Office of the Executive Engineer, PHED, Distt Rural Div I Bikaner**

Email ID-eepheddn1bkn@gmail.com, Contact No. 0151-2941473

No. 1642-62 Date:03/09/25

**Notice Inviting Bid : 54-60/2025-26**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 15.09.2025 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 207.50 Lacs.

UBN No. PHE2526WSRC06060, PHE2526WSRC06066, PHE2526WSRC06067, PHE2526WSRC06068, PHE2526WSRC06069, PHE2526WSRC06070, PHE2526WSRC06071

*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*


(Dharmendra Kumawat)
Executive Engineer
PHED, Distt (R) Div I Bikaner

DIPR/C/12765/2025


# नीमराणा में किन्नर की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**अलवर, (निसं)।** नीमराणा क्षेत्र में बुधवार को एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों ने किन्नर मधु को दिनदहाड़े गोली मार दी। घटना बिचपुरी रोड की बताई जा रही है। गंभीर हालत में मधु को तुरंत अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बदमाशों ने किन्नर मधु को उस वक्त गोली मारी जब वह गाड़ी में बैठी थी।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वारदात किन्नरों के बीच आपसी क्षेत्रीय विवाद और रुपए के लेनदेन से जुड़ी हो सकती है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही नीमराणा सचखंड अस्पताल के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार गोली मारने वाले बदमाश बाइक पर सवार थे। उन्हें पकड़ने के लिए इंटर स्टेट नाकाबंदी करवाई गई है। दोनों की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। इस घटना से नीमराणा और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है।



किन्नर मधु ( फाइल फोटो )।

- बाइक सवार दो बदमाशों ने किन्नर मधु को उस वक्त गोली मारी, जब वह गाड़ी में बैठी थी
- प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वारदात किन्नरों के बीच आपसी क्षेत्रीय विवाद और रुपए के लेनदेन से जुड़ी हो सकती है

## चोरी की घटना का खुलासा

**पावटा, (निसं)।** रात में घर में घुसकर जेवरात व नकदी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोर को प्रागपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि 27 मई को शेरसिंह निवासी भिवाजी राजनौता ने प्रागपुरा थाना पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया था कि 16 से 19 मई तक परिवादी व परिवादी के घर का कोई सदस्य घर पर नहीं थे। रात्रि में अज्ञात व्यक्ति घर में घुसकर घर से जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए, जिस पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सक्षम धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान करते हुए तलाश शुरू की। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने अभियुक्त लीलू सिंह पुत्र सुरजन सिंह निवासी नांगल सालिया पुलिस थाना कोटकासिम को गिरफ्तार कर लिया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-फागी**

क्रमांक-335 दिनांक-01.09.2025

**ई-टेन्डिरिंग सूचना संख्या 10/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान मे पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार क अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र मे प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। FINANCE (G&T) DEPARTMENT NOTIFICATION Jaipur, October 22, 2021 (75A, Additional Performance Security-(1) In addition to Performance Security as specified in rule 75, an Additional Performance Security shall also be taken from the successful bidder in case of unbalanced bid. The Additional Performance Security shall be equal to fifty percent of Unbalanced Bid Amount. The Additional Performance Security shall be deposited in lump sum by the successful bidder before execution of Agreement. The Additional Performance Security shall be deposited through e-Grass. Demand Draft, Bnker's Cheque, Government Securities of Bank Guarantee.)

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | - | Various Work in PWD Division-Phagi, Jaipur (2Nos) |
| कुल राशि (रूपयो में) | - | रूपये 162.82 लाख |
| कुल धरोहर राशि (रू.में) | - | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत |
| निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख | - | गुरूवार, 04 सितम्बर, 2025 प्रात 9.30 बजे से शनिवार 13 सितम्बर 2025 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | - | गुरूवार, 04 सितम्बर, 2025 प्रात 9.30 बजे से शनिवार 13 सितम्बर 2025 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | - | सोमवार, 15 सितम्बर, 2025 को सायं- 3.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया | - | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6(5)/वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई ग्रास पर आन लाईन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न) 1. प्रोसेसिंग शुल्क-8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग 2. निविदा शुल्क- 0075-00-800-52-01 3. धरोहर राशि- 8443-00-108-00-00 ऑफिस आई.डी. 8346 |

UBN NO.: PWD2526WSOB11474, PWD2526WSOB11475

(संदीप टाटीवाल)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. फागी (जयपुर

DIPR/C/13085/2025



राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरू**

ई-44, अग्रसेन नगर, चूरू, E-mail: eemhchuru@yahoo.com, Ph. No. 01562-254670

क्रमांक- प.01()/चि.स्वा./खण्ड-चूरू/2025-26/411 दिनांक-20.08.2025

**निविदा सूचना संख्या- 09/2025-26**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरू के अन्तर्गत जिला चूरू के उप जिला अस्पताल राजगढ में फायर सिस्टम, लिफ्ट एवं एयर कंडिशनिंग एवं प्रा.स्वा. केन्द्रों पर आन्तरिक विद्युतीकरण कार्य का कार्य राशि रू. 243.11 लाख तक के कार्य के लिए निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org, http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO. NRH2526WSOB00920

अधिषाशी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
खण्ड चूरू

DIPR/C/13096/2025



**OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL OF POLICE RAJ JAIPUR**

V-15(3)PS/SAMGRI/New Item/2025-26/12465 DATED-01-09-2025

**NOTICE INVITING BIDS**

NIB NO. POL2526A0026

Bids for Many Item's of estimated value INR 70,00,000/- are invited from interested bidders up to dated 12.09.2025 at 11.00 am. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in) (https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, and https://www.police.rajasthan. gov.in

UBN.

GPS DEVICE POL2526GLOB00081
AUDIO VEDIO PHOTOGRAPHY DEVICE POL2526GSOB00082
NON-LINEAR JUNCTION DETECTOR POL2526GLOB00083

Supdt. of Police
Central Stores, PHQ Raj. Jaipur
Tel-0141-2744289
Mail ID-sp.cstore.pmw@rajpolice.gov.in

DIPR/C/13036/2025


# रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** भाबरू थाना क्षेत्र में रास्ते के विवाद संबंधित रंजिश पर एकराय होकर घर के अंदर घुसकर मारपीट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया ने बताया कि 4 नवंबर 2024 को प्रार्थी रुड़मल ने मामला दर्ज करवाया था कि रास्ते सबंधी विवाद को लेकर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है, जिसमें उनके चोटें भी आई हैं, जिस पर भाबरू थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया।

जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड देवेंद्र कुमार विश्नोई द्वारा पुलिस मुख्यालय द्वारा वर्तमान में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत त्वरित कार्यवाही करने के निर्देशों की पालना में अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया के नेतृत्व में गठित टीम ने बाबूलाल पुत्र गिरधारी निवासी, जगदीश पुत्र गिरधारी, रमेश पुत्र चंदाराम, योगेश उर्फ लोकेश पुत्र बाबूलाल सभी निवासी ढाणी कोठाला तन बजरंगपुरा थाना भाबरु को गिरफ्तार किया गया।


**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

पूरक परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने एवं शुल्क जमा कराने की तिथि एवं मुख्य परीक्षा-2026 हेतु एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित आवेदन करने की अन्तिम तिथि में संशोधन की सूचना

(A) बोर्ड की 2025 की पूरक परीक्षाओं मे उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों हेतु मुख्य परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाईन आवदेन करने एवं शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथियां निम्नानुसार हैं :-

| परीक्षा शुल्क | आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रण की आरम्भ तिथि | आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रण की अन्तिम तिथि | परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अन्तिम तिथि | आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. सामान्य परीक्षा शुल्क | 11.09.2025 | 17.09.2025 | 19.09.2025 | 01.10.2025 |
| 2 एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित | 18.09.2025 | 25.09.2025 | 29.09.2025 | 01.10.2025 |
| 3. मुख्य परीक्षा, 2026 हेतु भरे गये आवेदन पत्रों में ऑनलाईन संशोधन की तिथि | 01.10.2025 से 11.10.2025 तक | | | |

विद्यालय एवं परीक्षार्थी मूल अंकतालिकाओं का इन्तजार नहीं करें एवं परीक्षा शुल्क जमा कराने की कार्यवाही शीघ्र करें। परीक्षा शुल्क नियमित परीक्षार्थियों के लिये रू. 600/- तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये रू. 650/- निर्धारित है। प्रायोगिक परीक्षा शुल्क रू. 100/- प्रति विषय पृथक से देना होगा। विशेष योग्यजन (CWSN) तथा युद्ध में वीरगति को प्राप्त अथवा अपाहिज सैनिकों के पुत्र/पुत्रियों/ पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों को परीक्षा शुल्क से मुक्त रखा गया है, किन्तु इन्हें टोकन शुल्क रू. 50/- जमा कराना होगा। अधिक जानकारी बोर्ड वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। बोर्ड कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर 0145-2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क किया जा सकता है। Email ID ddexamfirst@gmail.com

(B) वर्ष 2026 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले समस्त नियमित परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन-पत्र भरने एवं शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया गया हैं :-

| परीक्षा शुल्क | आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रण की आरम्भ तिथि | आवेदन पत्र भरने एवं चालान मुद्रण की अन्तिम तिथि | परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अन्तिम तिथि | आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित | 04.09.2025 | 16.09.2025 | 19.09.2025 | 01.10.2025 |

नोट :- समस्त विद्यालयों को नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, प्रवेशिका, वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा के आवेदन-पत्र नोडल केन्द्रों पर निर्धारित दिनांक 01.10.2025 तक अनिवार्यतः जमा कराने होंगे।

सचिव



**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण, धौलपुर**

महिला पुलिस थाने के पास, हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी, धौलपुर, पिन कोड-328001

Email ID : dcfwlghariyalswm@gmail.com

क्रमांक-एफ( )उपसं/वजीधौ./राचघअ./2025-26/2339 दिनांक-4/9/25

**Notice Inviting Bid**

Bid for providing Construction of Choki at Forest Block of Wildlife Range Vanvihar of DCF WL NCS Dholpur are invited from interested bidders upto 11:00 AM, 12.09.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 63.94 lakhs.

UBN No. FOR2526WSOB01731

(डा. आशीष व्यास)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण,
धौलपुर

DIPR/C/13166/2025


## हमला व तोड़फोड़ करने के 10 आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** धम्बोला थाना पुलिस ने एक युवक के घर पर उसकी प्रेमिका के परिजनों द्वारा हमला कर तोड़फोड़ और आगजनी के मामले में 10 हमलावरों को गिरफ्तार किया है।

सीमलवाड़ा पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि एक युवक नाबालिग प्रेमिका को 18 दिन पहले भगा ले गया था, जिस पर प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी के घर वालों को उसे वापस लाकर सौंपने की बात कही थी। वहीं नहीं लाने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। नाबालिग के नहीं आने पर उसके परिवार के लोगों ने 8 सितम्बर को युवक के घर और उसके परिवार के घरों पर हमला बोल दिया। हमला होने पर प्रेमी के घर वाले अपनी जान बचाकर घर छोड़कर भाग गए। पीछे से हमलावरों ने घरों में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की थी। वहीं एक घर में रखी घास को आग के हवाले कर दिया था। पीड़ित पक्ष ने थाने में मामला दर्ज करवाया था।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड जालोर**

क्रमांक-अअ/जा/2025-26/1708 दिनांक-26.08.2025

**ई-निविदा सूचना संख्याः 12 वर्ष 2025-2026**

NIB NO. PWD2526A2934

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन व सडक कार्य के आधार पर उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जा कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 46.45 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 03 सितम्बर 2025, 9.30 बजे से 25 सितम्बर 2025, सायं 06.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देख जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

UBN NO. 1. PWD2526WSOB11009, 2. PWD2526WSOB11010, 3. PWD2526WSOB11011, 4. PWD2526WSOB11012, 5. PWD2526WSOB11013

(शंकर लाल)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड जालोर

DIPR/C/12809/2025



**कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (द्वितीय) रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली**

Mail ID-dcfb kroli.forest@rajasthan.gov.in Phone No. 07454-297007

क्रमांक-एफ( )स्टोर/उवसं.(द्वितीय)/2025-26/ दिनांक

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/2025-26**

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत लाखों में (लगभग) | अमानत राशि | निविदा शुल्क | ऑन लाइन लाइन प्रक्रिया शुल्क RISL | निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की तिथि व समय | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ऑन लाईन तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | वित्तीय निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | वनरक्षक चौकी निर्माण कार्य सॉफ्ट एन्कलोजर लखरूकी के पास रेंज कैलादेवी | 12.56 | कुल लागत का 02 प्रतिशत राशि रू. 45540/- | 1000/-रू. | 500/-रू | दिनांक 26.08.2025 सायं 3 बजे से दिनांक 09.09.2025 (सायं 6 बजे तक) | 120 दिवस | 10.09.2025 को दोपहर 12 बजे | तकनीकी बिड में पात्र पाये जाने के उपरान्त |
| 2 | रेंज कैम्पस करणपुर में रेंज कम रेजीडेंस भवन निर्माण कार्य | 22.77 | कुल लागत का 02 प्रतिशत राशि रू. 25120/- | 1000/-रू. | 500/-रू | दिनांक 26.08.2025 साय 3 बजे से दिनांक 09.09.2025 (सायं 6 बजे तक) | 120 दिवस | 10.09.2025 को दोपहर 12 बजे | तकनीकी बिड में पात्र पाये जाने के उपरान्त |
| 3 | वनरक्षक चौकी निर्माण कार्य टिखुटी, नाका मांतोरियाकी रेंज नैनियाकी | 12.56 | कुल लागत का 02 प्रतिशत राशि रू. 25120/- | 1000/-रू. | 500/-रू | दिनांक 26.08.2025 सायं 3 बजे से दिनांक 09.09.2025 (सायं 6 बजे तक) | 120 दिवस | 10.09.2025 को दोपहर 12 बजे | तकनीकी बिड में पात्र पाये जाने के उपरान्त |

NIB Code - FOR2526A1204, UBN No.- FOR2526WSOB01511, FOR2526WSOB01512, FOR2526WSOB01513

(पीयूष कुमार शर्मा)
उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (द्वितीय) रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली

# सदन लोकतंत्र का मंदिर है, निजता भंग नहीं हुई; सुरक्षा के लिए कैमरे जरूरी : विधानसभाध्यक्ष

## देवनानी ने कहा कि ''सदन में लगाए गए कैमरों को लेकर विपक्ष के आरोप निराधार हैं''

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा में लगाए गए अतिरिक्त कैमरों के बारे में विपक्ष के आरोपों को अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने निराधार बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधानसभा में लगे कैमरे सिर्फ वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए हैं और उनसे किसी भी सदस्य की निजता भंग नहीं हो रही है। 'सदन लोकतंत्र का मंदिर है और इसकी मर्यादा बनाए रखना हम सभी विधायकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से हो, इसके लिए कैमरों की तकनीकी अपग्रेडेशन आवश्यक था। उन्होंने विपक्ष से सवाल किया कि जब कैमरे सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं, तो सुरक्षा पर आपत्ति क्यों की जा रही है?

अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा के नए भवन में पहले दिन से ही कैमरे स्थापित हैं और वन नेशन, वन एप्लिकेशन योजना के तहत पेपरलेस प्रणाली अपनाए जाने के बाद, इनका तकनीकी अपग्रेडेशन किया गया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे तकनीक बदलती है, वैसे-वैसे उपकरणों को भी अपग्रेड करना पड़ता है। नए कैमरे बेहतर क्वालिटी के प्रसारण के लिए हैं, जिससे यूट्यूब पर लाइव प्रसारण में कोई व्यवधान न आए। देवनानी ने जोर देकर कहा कि सदन में लगे कैमरों से किसी भी प्रकार की ऑडियो रिकॉर्डिंग नहीं की जाती। ये कैमरे 360 डिग्री कवरेज प्रदान करते हैं और इनका संचालन स्पष्ट दिशा-निर्देशों के तहत किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक है क्योंकि सदन में आईपैड, दस्तावेजों और तकनीकी उपकरणों की देखरेख के लिए तकनीशियनों और कर्मचारियों का लगातार आवागमन बना रहता है।


स्पीकर वासुदेव देवनानी सदन में मौजूद सदस्यों को संबोधित किया।

- अध्यक्ष ने विपक्ष से सवाल किया कि जब कैमरे सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं, तो सुरक्षा पर आपत्ति क्यों की जा रही है? जैसे-जैसे तकनीक बदलती है, वैसे-वैसे उपकरणों को भी अपग्रेड करना पड़ता है। नए कैमरे बेहतर क्वालिटी के प्रसारण के लिए हैं, ताकि लाइव प्रसारण में कोई व्यवधान न आए।

अध्यक्ष ने यह भी बताया कि अन्य राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा में भी कैमरे लगे हुए हैं, यहां तक कि आज के दौर में लोग अपने घरों तक में कैमरे लगाते हैं। उन्होंने कहा कि सदन की सुरक्षा और पारदर्शिता को सुनिश्चित करना वक्त की मांग है और इसमें किसी भी तरह की गोपनीयता का उल्लंघन नहीं हो रहा है। देवनानी ने स्पष्ट किया कि सदन के आसन, राज्यपाल दीर्घा, अधिकारी दीर्घा और सदस्यों की दीर्घाओं सहित सभी क्षेत्रों में कैमरे स्थापित हैं, लेकिन ये किसी एक सदस्य पर केंद्रित नहीं होते। इनका उद्देश्य सिर्फ सदन की संपूर्ण गतिविधियों की निगरानी और रिकॉर्डिंग है, न कि किसी सदस्य की जासूसी। देवनानी ने अंत में कहा कि सदन की सुरक्षा और गरिमा के लिए उठाए गए कदमों पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे सदन की परंपराओं, नियमों और मर्यादाओं का पालन करें ताकि लोकतंत्र की यह सर्वोच्च संस्था अपनी गरिमा के साथ कार्य कर सके।

# हैरिटेज निगम ने परकोटे में ध्वस्त की दो जर्जर इमारतें, एक को किया सीज

## इंजीनियर विंग की मॉनिटरिंग में जेसीबी की सहायता से ढहाया जर्जर हिस्सा, शेष हिस्से को किया अस्थाई सीज

**जयपुर** । शहर में हो रहे जर्जर भवनों को लेकर हेरिटेज निगम प्रशासन ने बुधवार को बड़ा एक्शन लिया है। किशनपोल जोन क्षेत्र में निगम प्रशासन ने दो भवनों के जर्जर हिस्से को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया, साथ ही शेष हिस्से को सीज भी कर दिया। दोनों जगहों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किशनपोल जोन की इंजीनियरिंग विंग में मॉनिटरिंग में की गई, इस दौरान सतर्कता शाखा के जवान मौजूद रहे। इस संबंध में किशनपोल जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर जोन इलाके में जर्जर भवनों का पुनः निरीक्षण किया गया, जिसमें जोन कार्यालय की ओर से 14 जर्जर भवनों को निगम की कमेटी को रेफर किया गया, कमेटी ने दुबारा मौका निरीक्षण कर सात भवनों को ध्वस्त के लिए माना, वहीं सात भवनों के रिपेयर के लिए भवन मालिक को नोटिस दिया गया। ऐसे में जोन की इंजीनियरिंग विंग टीम ने बुधवार को जौहरी बाजार में मोती सिंह भोमिया के रास्ते स्थित मारू जी का चौक एक भवन के जर्जर हिस्से और नागौरियो का चौक में तीन मंजिला भवन के जर्जर हिस्से को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया, साथ ही शेष भवन जो सीज कर मकान मालिक को पाबंद कर दिया गया। वहीं, रेडियो मार्केट, नेहरू बाजार में एक अन्य भवन मालिक को भी अस्थाई रूप से सीज किया गया है। मकान मालिक को तुरंत रिपेयर करने के लिए नोटिस दिया गया है। जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने बताया कि जोन की इंजीनियरिंग विंग बाकी जर्जर भवनों का मौका निरीक्षण कर आगे भी नियमानुसार ध्वस्त करने की कार्रवाई करेगी।



# देवनानी बोले ''सदन की परम्पराओं का हनन हुआ, विपक्ष ने असहयोग किया''

## विधानसभाध्यक्ष ने विपक्ष के व्यवहार पर पीड़ा जाहिर करते हुए कहा, '' मैं ना किसी के दबाव में आया हूं, ना आऊंगा''

**जयपुर** (विसं)। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं विधानसभा के चतुर्थ सत्र के समापन अवसर पर विपक्ष के व्यवहार पर गहरी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे अध्यक्ष पद की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और ''ना कभी दबाव में आए हैं और ना ही आएंगे।'' देवनानी ने कहा कि विधानसभा की परंपरा रही है कि सदन में जब नेता प्रतिपक्ष, नेता सदन या अध्यक्ष बोलते हैं, तो उन्हें सम्मानपूर्वक सुना जाता है। परंतु इस बार विपक्ष द्वारा इस परंपरा का गंभीर उल्लंघन किया गया है, जिससे सदन की मर्यादा को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का लगातार असहयोगात्मक रवैया राज्य की 8 करोड़ जनता के हितों के विरुद्ध गया। देवनानी ने कहा कि उद्देश्यपूर्ण चर्चा की प्रक्रिया को बाधित करने का यह प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे विधानसभा की ऐतिहासिक गरिमा को भी नुकसान हुआ है। अध्यक्ष ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें राज्य के विकास और आमजन की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं है। उनकी प्राथमिकता शायद सिर्फ समाचार पत्रों और टीवी चैनलों की सुर्खियों में बने रहना है। देवनानी ने कहा कि, इस बार महत्वपूर्ण विधेयकों के बावजूद सत्र बाधित रहा, विपक्ष को समझाने के प्रयास भी बेकार रहे। विपक्ष के विरोध और व्यवधान के बावजूद सदन में 10 महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित किया गया और अन्य संसदीय कार्य भी पूरे किए गए। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सफलता का प्रमाण है। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि उन्होंने विपक्ष के प्रतिनिधिमंडल से कई दौर की मुलाकातें कीं, सभी मुद्दों को धैर्यपूर्वक सुना और उनके प्रत्येक बिंदु का विस्तृत उत्तर भी दिया।

- उन्होने कहा, इस बार महत्वपूर्ण विधेयकों के बावजूद बाधित रहा सत्र, विपक्ष को समझाने के प्रयास भी बेकार रहे

उन्होंने विपक्षी सदस्यों को अपने कक्ष में बुलाकर सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए संवाद स्थापित करने का भी प्रयास किया, लेकिन विपक्ष ने सहयोग नहीं किया। अंत में देवनानी ने आशा जताई कि भविष्य में सभी सदस्य सदन की गरिमा बनाए रखेंगे और जनहित में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे।

# राजभवन के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया

**जयपुर** । हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में बुधवार को राजभवन के कार्मिकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसमें राजभवन सचिवालय के कार्मिकों को विषय विशेषज्ञों द्वारा कार्यालय प्रक्रिया, प्रबंधन आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने बताया कि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की पहल पर सुशासन के आलोक में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वित्तीय सलाहकार संध्या शर्मा, नियंत्रक शरद तिवारी आदि ने भी इसमें मार्गदर्शन दिया।

## सार-समाचार

### 101 अधिवक्ताओं ने किया रक्तदान



**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद सतीशचन्द्र अग्रवाल की 28 वीं पुण्यतिथि पर राजस्थान हाईकोर्ट में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में 101 अधिवक्ताओं ने रक्तदान किया। राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन और स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए इस रक्तदान शिविर में अधिवक्ताओं के साथ साथ न्यायिक अधिकारियों ने भी रक्तदान किया। राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेन्द्र शांडिल्य, महासचिव रमित पारीक के साथ ही सतीश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी एडवोकेट शशांक अग्रवाल ने अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों का स्वागत किया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरी ओम शर्मा अत्री ने भी शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया।

### ''कोट्यूर इंडिया शो'' 14 सितंबर से

**जयपुर** । भारत का अद्वितीय ज्वैलरी शो ''कोट्यूर इंडिया शो'' का दसवां संस्करण 14 से 16 सितंबर तक नई दिल्ली के ताज पैलेस में आयोजित होगा। शो के आयोजक जैम एण्ड ज्वैलरी इन्फोरमेशन सेन्टर के आलोक काला ने बताया कि कोट्यूर इंडिया एक विशेष रूप से क्यूरेटेड बिजनेस बुटीक शो है, जो अभिजात वर्ग समुदाय के लिए आभूषण निर्माताओं, डिजाइनरों और खुदरा विक्रेताओं को एक जगह मिलाता है। इंडियन ज्वैलर (''आईजे'') पत्रिका द्वारा शुरू की गई, कोट्ययूर इंडिया बिजनेस बुटिक शो लक्जरी ज्वैलरी के अनुभव को बढ़ाने के लिए उपयुक्त है। शो का केंद्रीय स्थान – नई दिल्ली – लक्जरी आभूषण बिरादरी के लिए आसानी से सुलभ है। इस शो में कूलेस्ट स्टोर अवार्ड का भी आयोजन होगा, जिसमें पूरे भारत से ज्वैलरी शोरूम का चयन किया जायेगा व श्रेणीवार शोरूम को विशिष्ठ स्थान होने पर 14 सितम्बर को विशेष आयोजन कर फिल्म अभिनेत्री भूमि पेडनेकर द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। शो के सहयोगी आयोजक अर्पित काला ने बताया कि जयपुर से इस शो में भाग लेने वाले 32 मुख्य ज्वैलर्स दियागोल्ड, जयपुर रत्ना, टाटीवाला गहना, अचल ज्वैल्स, घाटीवाला, कालाजी ज्वैलरी, नाइन ज्वैलरी, ज्वैलस ऑफ जयपुर, मोदी एक्सपोर्ट हाउस, पी.सी. तोतुका, रामभजो, रानीवाला ज्वैलर्स, जी.के. चुडीवालाज, राधिका ज्वैल क्राफ्ट, गुरूकृपा डिज़ाईन स्टुडियो, आर एम सी जैम्स, वेलन्टाईन ज्वॅलरी, सावियो ज्वॅलरी, जड़ाऊ बॉक्स, गीता श्याम ज्वॅलर्स, उमराव, एच एम वी जैम्स, एमपिरियल एवं मास्टरस्ट्रोक्स है। इस शो में कुछ प्रतिभागी मुम्बई, सूरत, हैदराबाद, बेंगलोर, अहमदाबाद व दिल्ली से भी हैं।

### शातिर आरोपित आसिन खान गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपित आसिन खान उर्फ यासिन को दस्तयाब कर पुलिस थाना बगरू को सुपुर्द किया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह ने बताया कि सीएसटी ने आदतन अपराधी 22 वर्षीय आसिन खान उर्फ यासिन निवासी नगर जिला भरतपुर हाल कालवाड को दस्तयाब कर बगरू थाना को सौंपा है।

# फर्जी दस्तावेजों से नौकरी लगने वाली बर्खास्त शिक्षक गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेजों से नौकरी लगने के मामले में एक बर्खास्त महिला शिक्षक को गिरफ्तार किया हैं। जानकारी के अनुसार तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा 2021 में राज्य सरकार ने खेल कोटे में 2 प्रतिशत आरक्षण कोटा देने की अधिसूचना जारी की थी। जिसमें ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया धनबाद (झारखण्ड) के फर्जी खेल प्रमाण पत्रों से शिक्षकों के नौकरी लगने की एसओजी को शिकायत मिली। जिस पर एसओजी ने एक एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया धनबाद, (झारखण्ड) की फर्जी ईमेल आईडी तैयार कर शिक्षा निदेशालय बीकानेर प्रारंभिक की नियुक्ति शाखा की ईमेल आईडी पर फर्जी सत्यापन रिपोर्ट दी गई। फर्जी ईमेल सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर अनेक अभ्यर्थियों ने तृतीय श्रेणी शिक्षक की नौकरी प्राप्त की।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की टीम ने हेमलता गुर्जर(31) पत्नि प्रद्युमन सिंह गुर्जर निवासी नई मंडी हिंडौन सिटी जिला करौली को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला हेमलता गुर्जर के पति प्रधुमन सिंह गुर्जर ने राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव दिनेश जगरवाल से मिलकर बिना ताइक्वांडो खेल खेले ही फर्जी तरीके से थर्ड भगवान महावीर ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप-2017 की ताई शीटों में कांट छांट कर नाम जुडवाया था एवं दलाल हितेश भादु के मार्फत फर्जी तरीके से खेल प्रमाण पत्र का सत्यापन करवाया था। फर्जी ईमेल रिपोर्ट भेजने वाले विमलेन्दु कुमार झा व रुपए का लेन देन करने वाला दलाल कमल सिंह व हितेश भादू एवं राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव दिनेश जगरवाल एवं फर्जी सत्यापन रिपोर्ट से नौकरी प्राप्त करने वाले मनोज कुमार गुर्जर और पति प्रधुमन सिंह गुर्जर को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं फर्जी तरीके से नौकरी प्राप्त करने वाले सभी आरोपितों को एसओजी की ओर से प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय को सूचना देकर बर्खास्त करवाया जा चुका है। वहीं आरोपित महिला एवं उसके पति प्रद्युमन द्वारा किन-किन व्यक्तियों एवं पदाधिकारी से सम्पर्क कर फर्जी खेल प्रमाण पत्र एवं सत्यापन रिपोर्ट तैयार करवाई, अब जांच-पड़ताल जारी है।



# मुख्यमंत्री ने सहकारिता की शक्ति और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता विस्तार से सामने रखी

## बिड़ला सभागार में अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सहकारिता ही आर्थिक समानता, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भरता का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार हर पंचायत को ग्रामीण सहकारी संघों से जोड़ने का अभियान चला रही है। जिससे किसान, पशुपालक और ग्रामीण जन आसानी से बीज, खाद और ऋण जैसी सुविधाएं प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री मंगलवार को जयपुर के बिड़ला सभागार में सहकार भारती और सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक न केवल आर्थिक सशक्तिकरण के वाहक हैं, बल्कि छोटे व्यापारियों, कारीगरों और मध्यमवर्गीय परिवारों की वित्तीय रीढ़ भी हैं। वर्तमान में प्रदेश में इन बैंकों की 236 शाखाएं कार्यरत हैं और सदस्यों की संख्या साढ़े चार लाख से अधिक है।

- हर गांव तक सहकारिता की पहुंच, आत्मनिर्भर राजस्थान की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं कदम : भजनलाल शर्मा

पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में सहकारिता क्षेत्र उपेक्षित रहा। किसानों को न समय पर बीज मिलता था, न ऋण। सहकारी बैंकों में एनपीए की स्थिति चिंताजनक थी। अब तक राज्य सरकार द्वारा सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को 42 हजार 394 करोड़ का ब्याज मुक्त अल्पकालिक फसली ऋण तथा 404 करोड़ रुपये का फसली ऋण वितरित किए है।


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बिड़ला सभागार में आयोजित अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के राष्ट्रीय अधिवेशन में सहकार भारती द्वारा प्रकाशित मार्गदर्शिका का विमोचन किया।

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान सहकारिता क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। सहकारिता के नवाचारों में प्रदेश अग्रणी बन चुका है और यह आंदोलन देश के विकास में निर्णायक भूमिका निभा रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक सतीश मराठे ने कहा कि अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं को वित्तीय समावेशन से जोड़ने का मजबूत माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकिंग व्यवस्था छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग को सरल वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सहकार भारती द्वारा प्रकाशित मार्गदर्शिका का विमोचन किया और संस्था के सदस्यता अभियान के मोबाइल एप का लोकार्पण कर स्वयं सदस्यता भी ली।

इस अवसर पर सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदय जोशी, उपाध्यक्ष दीपक चौरसिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम सहित देशभर से सहकारी क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह अधिवेशन राजस्थान में सहकारिता के उज्ज्वल भविष्य और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता का प्रतीक बना, जिसमें आत्मनिर्भरता, पारदर्शिता और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों को मजबूती से प्रस्तुत किया गया।

# 'सादुलपुर में जल जीवन मिशन में फर्जी भुगतान के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी'

**जयपुर** (विसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र सादुलपुर में जल जीवन मिशन के तहत कार्यों में फर्जी भुगतान की शिकायतों की जांच के लिए 28 जुलाई 2025 को समिति का गठन किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा संवेदकों से भी भुगतान की राशि वसूल की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि पंचायतों के सरपंचों द्वारा गलत तरीके से एनओसी दी गई है, तो उसकी भी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

- जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने विधायक मनोज कुमार के प्रश्न पर सदन में यह जवाब दिया
- मंत्री ने कहा कि, ''राजगढ़-बूंगी पेयजल परियोजना में देरी के कारण संवेदक की 3.96 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान रोका गया है, जबकि 6 करोड़ रुपये का भुगतान रोका जाना चाहिए था।''

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र सादुलपुर में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्य संवेदक द्वारा धीमी गति से कार्य करने के कारण निर्धारित अवधि में पूरे नहीं किये जा सके हैं। उन्होंने कहा कि राजगढ़-बूंगी पेयजल परियोजना में देरी के कारण संवेदक की 3.96 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान रोका गया है, जबकि 6 करोड़ रुपये का भुगतान रोका जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पूरी जुर्माना राशि की वसूली के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। चौधरी ने कहा कि फर्जी भुगतान की जांच के लिए परियोजना से जुड़े सभी दस्तावेज प्राप्त कर लिए गए हैं। समिति द्वारा उनकी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत लगभग एक हजार किलोमीटर में पाइपलाइन बिछाई गई है। इसकी भी मौके पर जांच के लिए आदेश दे दिये गए हैं। इससे पहले विधायक मनोज कुमार के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने विधानसभा क्षेत्र सादुलपुर में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आदेशित संवेदक एवं कार्य प्रगति का विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने कहा कि उक्त योजनाओं में निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले संवेदकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अनुबंध के प्रावधानों के तहत नोटिस दिये जाकर संवेदक के भुगतान से राशि रोकी गई है। कार्य पूर्ण होने के पश्चात कार्य के गुण दोष के आधार पर क्षतिपूर्ति राशि का आंकलन कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति आरोपित की जायेगी। उन्होंने योजनावार विवरण सदन के पटल पर रखा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र सादुलपुर के सभी 166 ग्रामों को जल जीवन मिशन अंतर्गत लाभान्वित करने हेतु वृहद पेयजल परियोजनाओं/लघु योजनाओं की स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं। इन 166 ग्रामों में से 83 ग्रामों में कार्य पूर्ण किया जा चुका है, 59 ग्रामों में कार्य प्रगतिरत है, 24 गांवों में कार्य आरंभ नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि सादुलपुर में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत स्वीकृत वृहद पेयजल परियोजनाओं/लघु योजनाओं के 26 उच्च जलाशयों के निर्माण की स्वीकृतियां जारी की है, जिनमें से 6 का निर्माण पूर्ण किया जाकर जलापूर्ति शुरू की जा चुकी है।

# फर्जी सी.आई.डी. अधिकारी दबोचा

**जयपुर** । जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से पैसे ऐठने वाले सीआईडी के एक फर्जी डिप्टी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से पुलिस की फर्जी वर्दी, बत्ती लगी गाड़ी भी जब्त की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित इलाके में रौब झाड़ने और अवैध वसूली के लिए इन का इस्तेमाल करता था। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से पैसे ऐठने वाले सीआईडी के एक फर्जी डिप्टी चन्द्रप्रकाश सोनी (42) निवासी इंदिरा कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित वह पिछले कई समय से इस वर्दी को पहन कर घूमता था। किराये की गाड़ी में पुलिस की फर्जी बत्ती लगाकर जब चलता तो इलाके में रौब होता। लोगों को सीआईडी का डिप्टी बता रखा था। जिस से लोग काफी प्रभावित होते थे। आरोपित वर्दी की धौंस जमाकर पैसा भी कमाता था। शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर पैसे ऐंठने की बढ़ती वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ के आदेश पर विशेष अभियान जारी है।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने किया जिला अधिकारियों से संवाद

**जयपुर** ( कासं )। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने बुधवार को प्रदेश के सभी जिला अधिकारियों से वीसी के माध्यम से जुड़कर समीक्षा बैठक ली। मुख्यालय स्थित अंबेडकर भवन के सभागार में अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान शहर चलो/ग्रामीण सेवा शिविर-2025, समाज कल्याण सप्ताह (1-7 अक्टूबर 2025) की पूर्व तैयारी की समीक्षा की गई।

इसके अतिरिक्त छात्रवृत्ति योजना, छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों, नशा मुक्ति केंद्रों, वृद्धाश्रम आदि संस्थानों के नियमित निरीक्षण, मुख्यमंत्री अनुप्रति योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में नए आवेदनों सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। अरोड़ा ने कहा कि अभियान के तहत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में शत-प्रतिशत सत्यापन करने, पात्र लोगों को जोड़ने और अपात्रों की पहचान करने, पालनहार योजना के तहत पात्र बच्चों की पहचान कर सत्र 2025-26 में नवीनीकरण करने, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत नवीन आवेदन करवाने और लंबित आवेदनों के आक्षेप का निस्तारण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष योग्यजनो के प्रमाण-पत्र व कार्ड जारी करने, अंग उपकरण चिह्नीकरण करने और अंग उपकरण वितरण के लिए संभावित लाभार्थियों का चयन करने के भी निर्देश दिए। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान विभागीय योजनाओं से जुडी समस्याओं के त्वरित निस्तारण और आमजन को योजनाओं से लाभान्वित करने का बेहतर मंच साबित हो सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार, लाभ से वंचित पात्र अभ्यर्थियों की समस्या समाधान और प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण सप्ताह के दौरान समाज स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों की सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त निदेशालय विशेष योग्यजन केसर लाल मीना, वित्तीय सलाहकार अंजू सिंह, अतिरिक्त निदेशक हरिसिंह मीना, उपनिदेशक दीपाली भागोतिया, अतिरिक्त निदेशक सुण्डाराम मीना, अशोक जांगिड़, रीना शर्मा, अरविंद सैनी, चंद्रशेखर चौधरी, सहित कई अधिकारी मौजूद थे।


सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों की बैठक ली।




## International Day for South-South Cooperation


Observed every year on September 11, the International Day for South-South Cooperation highlights the importance of solidarity among developing nations in addressing global challenges. Initiated by the United Nations, the day emphasizes knowledge sharing, technology transfer, and collaborative projects that empower countries of the Global South to advance sustainable development. It celebrates innovative partnerships in areas like health, education, climate action, and trade, showing how mutual support can reduce inequality. The day also underscores the idea that collective progress strengthens global resilience. By working together, developing nations can chart their own growth path while contributing to worldwide prosperity.

#PAIN

# Laying Eggs Is A Breaking Job

85% of hens, laying eggs too large for them, have fractured keel bones





Large eggs appear to fracture the keel bones of laying hens quite often, research in Denmark finds. A modern laying hen produces roughly 320 eggs a year. In other words, being a hen bred for the food industry is a full-time job. In fact, the egg laying appears to be such a strain on Danish as well as foreign hens that it results in bone fractures.

New research from the University of Copenhagen shows that too large eggs in too small hens affect animal welfare. In the largest study of its kind, the researchers have shown that around 85% of Danish laying hens suffer from keel bone fractures. This is, to all appearances, because the large eggs exert pressure on their bodies from within.

"We knew there was a problem, but we certainly did not expect it to apply to almost all laying hens in the country. These animals suffer, both when the fracture occurs and afterwards, so we are dealing with a huge animal welfare problem here," says assistant professor Ida Thøfner from the department of Veterinary and Animal Sciences. She explains that the problem is not just national, but global.

Together with professor Jens Peter Christensen, she has examined almost 4,800 hens in 40 different flocks for keel bone fractures and found fractures in almost 4,100 of them. "We see these types of fractures in all production systems. That is, regardless of whether the hens are kept in cages, or they are organic or barn or free-range hens. In other words, it is a widespread problem in all parts of the industry," says Christensen. He explains that fractures usually occur at the tip of the keel bone, and the nature of these fractures suggests that the hen's body is simply under too much strain due to too large eggs.

"If you have ever tried to fracture a bone, you know that it hurts. A cast and rest is not an option for laying hens, whose fractures probably hurt a lot and take a long time to heal," he says.

The researchers also tried to identify the exact cause of the many fractured bones by pointing out the risk factors in play. "Generally, we can see that the larger the eggs and the smaller the hens, the greater the problem. Their bodies are simply under too much strain because they are bred to be small and to lay a lot of large eggs."

"At the same time, we know that the keel bone takes a long time to mature. Unfortunately, it takes some generations of hen breeding to solve that problem," says Christensen. However, farmers may be able to reduce the problem quickly and without having to involve breeding companies.

"The earlier these hens enter into production, the larger the problem is. We are fairly convinced that you could postpone egg laying for a couple of weeks until the hens are more robust and the keel bone is more resilient to fracturing without losing money, because the hens will simply lay eggs for a longer time if you follow this strategy," explains Thøfner.

The researchers now hope to attract funding for an intervention project in order to study the effect of various measures on solving the problem and improving animal welfare. The study appears in PLOS ONE. The Danish Agriculture and Food Council contributed to the study.



# Here's how U.S. automakers are responding to Trump's tariffs

The Trump administration's wave of tariffs, which went into effect at the beginning of April, shocked the automotive industry. Automakers have responded to the trade confusion in various ways, from offering discounts to shoppers who hope to avoid future price increases to adding import fees on vehicles built outside the US. The 'draconian' trade policies, as one Wall Street analyst called the originally proposed tariffs, may also affect autoworkers, with Stellantis pausing production at two assembly plants in Mexico and Canada.



● Bulbul Joshi

Stellantis paused production at two factories in response to Trump's tariffs on imported cars while Mercedes-Benz plans to boost US SUV production.

Automakers are responding to the Trump administration's auto tariffs. Ford offered customers an employee discount, but is also raising prices on Mexico-made models.

Stellantis paused production at two factories while Mercedes-Benz plans to boost US SUV production.

The Trump administration's wave of tariffs, which went into effect at the beginning of April, shocked the automotive industry. Automakers have responded to the trade confusion in various ways, from offering discounts to shoppers who hope to avoid future price increases to adding import fees on vehicles built outside the US.

The 'draconian' trade policies, as one Wall Street analyst called the originally proposed tariffs, may also affect autoworkers, with Stellantis pausing production at two assembly plants in Mexico and Canada.

Wall Street believes the tariffs on imported cars could cost the auto industry more than $80 billion and slash Detroit's Big Three's earnings by up to 60%, thanks to an additional $5,000 of input costs per vehicle.




### Here's how the industry at large is responding

Nissan is pausing US orders of some Mexico-built SUVs. Nissan said that in April, it would pause new US orders of two Infiniti SUVs, which are built in Mexico. The announcement came after President Donald Trump's auto tariffs went into effect.

Nissan will pause new Mexico-built orders for the Infiniti QX50 and QX55 SUVs for US sales, the Japanese carmaker said in a statement to Business Insider. The model will still be produced for other markets, and production of other US models in Mexico and Japan will continue.

Nissan also said that it would keep two shifts of production of the Rogue SUV at its Smyrna, Tennessee plant, reversing a January plan to end one of the shifts later this month. This will keep 'more localized volume in the US that is free of the new auto tariffs,' Nissan said in the statement.



## #THE WAR






### Ford offers employee discounts to all customers

Shortly after the tariffs took effect, Ford announced that it would make employee pricing available to consumers for the next two months.

"In times like these, talk is cheap. At Ford, we believe in action," Rob Kaffl, Ford's director of US sales and dealer operations, said in a press release.

Ford said it would offer an employee discount to all buyers of specific models in response to Trump's newly announced tariffs. The discount, which ends June 2, applies to all Ford and Lincoln models except Raptors, the 2025 Expedition and Navigator SUVs, and Super Duty trucks.

### How much did Ford lose because of tariffs? $800 million

Tariffs lopped $800 million from Ford profits during the second quarter, the company said. Its estimate of $2 billion in tariff costs for the year includes the impact of cost-cutting and other measures the company is taking in response to Mr. Trump's trade policies.

### Inside BYD's plan to rule the waves

How much a consumer saves depends on the vehicle, but it could easily run into the thousands. The discount would be applied on top of any other deals or promotions a dealership is offering, the company said.

Ford declined to confirm whether the tariffs would lead to higher sticker prices. A company spokesperson told Business Insider that it has a 74-day supply of vehicles in stock that haven't been affected by tariffs, compared to 50 days for GM and 24 days for Toyota. (Around 60 days of supply is considered healthy in a normal economic environment.)

Analysts say Ford is one of best best-positioned US automakers to weather the tariffs.

### Ford later announced plans to raise prices on Mexico-made trucks and SUVs

Ford announced in early May that it would raise prices on select vehicles made in Mexico by as much as $2,000, Reuters reported. The affected vehicles include the Ford Maverick pickup, the Bronco Sport compact SUV, and the Mustang Mach-E EV SUV. Only units produced after May 2, which should begin to arrive at dealers in late June, will have the higher MSRP. A Ford spokesperson did not respond to a request for comment.

### Stellantis paused work at two factories and laid off hundreds at others

Stellantis, which owns former Chrysler brands like Dodge, Jeep, and Ram, temporarily paused production at its Windsor assembly plant in Canada and Toluca assembly plant in Mexico in April, a spokesperson told Business Insider.

The Windsor plant, which makes Pacifica/Voyager minivans and Charger Daytona EV muscle cars, was offline for two weeks and resumed operations the week of April 21, Automotive News reported. The Toluca plant, which builds Jeep Compass and Wagoneer S SUVs, stopped production for the second half of April. The production stoppage at these two facilities resulted in the temporary layoffs of 900 workers from the company's powertrain and stamping plants in Michigan and Indiana, the spokesperson said.




### VW tacks on a special fee for tariff-affected cars

German automaker Volkswagen has confirmed that it will add an 'import fee' to the sticker prices of vehicles affected by the tariffs, a spokesperson said. The import fee will be added to the destination charge, which is tacked onto the price of a new car. It's unclear how much the tariffs will affect the cost of new VW cars, as no final pricing decisions have been made, the spokesperson said. Its top-selling Atlas and Atlas Cross Sport midsize SUVs are made in Chattanooga, Tennessee. Its other top sellers, the Jetta sedan, the Taos SUV, and the Tiguan SUV, are all made in Puebla, Mexico.



### Mercedes and Volvo plot production shifts

Mercedes-Benz said that it would move production of the popular GLC SUV to its factory near Tuscaloosa, Alabama. The GLC will be produced alongside the larger GLE and three-row GLS SUVs at the plant. "It's our best-selling model in the United States, so, I think it's a fairly logical choice for us to expand our product lineup out of Tuscaloosa," said Jason Hoff, the new Mercedes-Benz North America CEO, on a media call on May 12.

Hoff and Mercedes-Benz CEO Ola Källenius expect US production of the GLC to commence by the end of 2027. The Alabama-made GLCs will be sold in the US and in other parts of North America, like Canada. The CEO of Swedish brand Volvo Cars told Bloomberg in April that the carmaker would look to build more vehicles at its South Carolina factory in response to the tariffs. "We will have to increase the number of cars we build in the US, and surely move another model to that factory," said Håkan Samuelsson, who recently returned to Volvo as CEO.

Samuelsson said the company would 'look closely' at which model it moves to the factory, which already builds the EX90 and Polestar 3 EVs. Volvo did not immediately respond to a request for comment from BI. A company spokesperson told Reuters that the Swedish automaker laid off 5% of its workforce at its Charleston factory in May, which equates to 125 of its 2,500 employees. However, the company confirmed to the outlet that it remains committed to expanding production at the South Carolina facility and creating 4,000 jobs. A spokesperson for rival BMW told BI that the luxury carmaker was also still 'evaluating' the new levies but called on the US and Europe to reach a deal quickly to avoid further pain for consumers.

rajeshsharma1049@gmail.com



#FRUKILL

# From Delicacies to Poisons

## A Global Botanical Roundup

From healing remedies to hidden poisons, nature's bounty has long played a complex role in human history. Across continents, cultures have learned to harness the powers of local plants, some delicious, some deadly. Whether it's Jamaica's beloved ackee, Germany's immune-boosting elderberries, or the Caribbean's fearsome manchineel tree, each of these natural wonders tells a story of survival, innovation, and cultural identity. Here's a journey through nine fascinating plants from around the world!

### 1. Ackee - Jamaica's Culinary Jewel with Many Tricks

Jamaica's national fruit, ackee (Blighia sapida), forms the backbone of the famed ackee and saltfish dish, with its creamy, egg-like texture when ripe and prepared properly. Beyond this iconic dish, ackee appears in patties, stir-fries, stews, salads, and even soups.

Ackee's versatility extends beyond the kitchen. Its saponin-rich pods can be used as soap; its bark, seeds, and capsules serve as fish poison; its durable wood is valuable in construction (used for oars, paddles, railway sleepers); and its fragrant flowers make excellent cologne. The fruit also plays a vital economic role, Jamaica exports canned ackee globally, contributing millions to its economy and supporting rural livelihoods.



### 2. Elderberries - Germany's Immune-Boosting Berries

In Germany, the European elder (Sambucus nigra) has long stood as a staple of folk medicine and cuisine. Its berries, poisonous when raw, become edible and healthful once cooked, and are often transformed into jams, jellies, chutneys, or the traditional Fliederbeersuppe elderberry soup. The flowers also yield popular infusions, elderflower cordial, used across Northern Europe. Elderberries are widely recognized for their immune-supporting anthocyanins; available in syrups, teas, and supplements. They're commonly used in Germany to help combat colds and flu.



### 3. Manchineel - Caribbean's Most Dangerous Tree

The Caribbean's manchineel tree is infamously one of the most toxic trees on Earth. Its sap inflicts painful burns, even from contact in rain, and the fruit, deceptively apple-like, can elicit severe gastrointestinal distress or worse if ingested. Indigenous people historically exploited its toxicity: sap was used to poison arrows, bark was cautiously crafted into furniture, and burned wood found limited medicinal and utilitarian uses. Friars even marked it with warning signs or painted bands to alert passersby.

### 4. Pangium edule - Fermented Flavour from Indonesia



Pangium edule, native to Indonesia's mangrove regions, bears highly poisonous seeds loaded with cyanide. But after meticulous processing, boiling, fermenting, and burying, they morph into keluak, a prized ingredient in East Javanese dishes like rawon, Peranakan cuisine, and Torajan specialties. Besides its culinary fame, the tree's leaves and bark are pressed into pest-control remedies or wound-healing treatments, and its hard wood finds occasional use.

### 5. Strychnine - India's Poison-Tonic Paradox

India's strychnine tree (Strychnos nux-vomica) yields seeds rich in potent alkaloids, strychnine and brucine. While fatal in higher doses, small amounts were historically used as stimulants and tonics for digestion, appetite, and nervous conditions. Today, they remain in some Ayurvedic, Unani, and homeopathic medicines (though unapproved by modern regulators). In the early 20th century and even into the 1904 Olympics, athletes used tiny doses of strychnine to boost performance. Folk medicine claims span ailments like insomnia, constipation, motion sickness, flu, and various chronic conditions, though the margin for error is terrifyingly small.

### 6. Wild (Green) Almonds - Iran's Tangy Snacks

In Iran, green or wild almonds (chaqale badam) are enjoyed fresh and salted as a crunchy, tangy snack. Another treat, noghl, consists of candied almonds served alongside tea and coffee. Almonds (both fresh and dried) are also used to enrich desserts and ceremonial foods like harire badam, a traditional soothing drink for babies.

### 7. Jatropha - Mexico's Multipurpose Plant Power

The Jatropha genus in Mexico boasts impressive versatility. Ornamentals like J. integerrima brighten tropical gardens, while J. podagrica provides tanning leather and red dye. The widely cultivated Jatropha curcas is a biofuel superstar: its oil turns into biodiesel; its leftover seed cake, once detoxified, serves as animal feed or fertilizer; and the biomass fuels power plants or biogas generators. Traditional uses include medicinal treatments using latex from species such as J. neopauciflora to combat dental and oral diseases, some species also offer protein-rich seeds safe for consumption after detoxification.

### 8. Apricot - Turkey's Fruity Legacy

While not deeply detailed in our sources, apricots are a staple of Turkish agriculture, renowned for consumption, drying, and jam-making across the country.


### 9. Yew Berries - The UK's Sweet-Deadly Paradox

In the UK, the yew tree produces famously tempting red berries (arils), though their seeds (and virtually all other parts of the tree) are toxic and can be fatal if consumed. Still, the aril remains safe to eat in isolation. Historically, yew wood created the legendary longbow; today, yew is prized for its cancer-fighting compound taxol, used in treating ovarian, breast, and lung cancers.

### Final Thoughts

From the delectable (ackee, apricot) to the dangerously toxic (manchineel, strychnine), these plants reveal humanity's ingenuity, and its risks, in harnessing nature. Whether fermented to eliminate poison, delicately processed for health, or domesticated into sturdy materials or fuels, each one underscores a unique cultural and biological story.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# मांडलगढ़ में किसानों ने फसल खराबे के मुआवजे की मांग को लेकर रैली निकाली

## कार्यालय पर उपखण्ड अधिकारी के नहीं मिलने पर किसानों को एक घंटे तक धूप में खड़े रहना पड़ा

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ पंचायत समिति से हजारों किसान फसल खराबे पर मुआवजे की मांग को लेकर कस्बे में रैली निकालकर उपखण्ड कार्यालय पहुंचे और पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह, प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को कार्यालय पर बुला कर ज्ञापन दिया। इस दौरान कार्यालय पर उपखण्ड अधिकारी के नदारद मिलने पर पीड़ित किसानों को करीब एक घण्टे तक धूप में खड़े होकर नारेबाजी और प्रदर्शन करना पड़ा। पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह ने ज्ञापन लेने के लिए एसडीएम को फोन कर बुलाया गया।



मांडलगढ़ में बारिश की अतिवृष्टि से पीड़ित किसानों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

■ ''मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार बारिश और अतिवृष्टि से किसानों की खेतों में खड़ी की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं''

मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पीड़ित किसानों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार बारिश और अतिवृष्टि से किसानों खेतों में खड़ी की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। खेतों में खड़ी फसल नष्ट होने से किसान भारी संकट में हैं। इस मामले में सरकार और प्रशासन गम्भीर नजर नहीं आ रहा है, किसानों को दीपावली से पूर्व मुआवजा नहीं मिला तो किसानों को आंदोलन की राह पकड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा।

पंचायत समिति प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा ने कहा कि मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में इस वर्ष अधिक वर्षा एवं लगातार पानी भराव के कारण क्षेत्र के अधिकांश किसानों की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। खरीफ की फसल में सोयाबीन, मक्का, मूंग, उड़द एवं अन्य दलहन व तिलहन फसलें खेतों में सड़ गई है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और उनकी आजीविका पर संकट गहरा गया है। उन्होंने कहा कि किसान वर्ग पहले से ही कर्ज एवं आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण अब स्थिति और गंभीर हो गई है। सरकार प्रभावित किसानों के लिए तत्काल सर्वे करवा कर उचित मुआवजा राशि प्रदान करने की जल्द घोषणा करें, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें और आगामी रबी सीजन की बुवाई के लिए तैयार हो सकें।

पीड़ित किसानों का आरोप है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद सरकार और प्रशासन ने अब तक कोई सुध नहीं ली। नुकसान का भौतिक सर्वे तक नहीं किया गया, जिससे मुआवज़ा मिलने की उम्मीद भी धूमिल होती जा रही है। कुछ किसानों का मानना है कि समय पर राहत पैकेज न मिलने से किसान कर्ज़ और आत्महत्या जैसे हालातों की ओर धकेले जा सकते हैं। ग्रामीण अंचलों में किसान अब आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द ही मुआवज़े की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

ज्ञापन देने में पूर्व प्रधान कन्हैयालाल जाट, भैरू लाल जाट, विधायक प्रत्याशी भैरूलाल गुर्जर, कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह, भवानी शंकर शर्मा, पंचायत समिति सदस्य धनराज जाट,सरपंच रामजस दाधीच, सरपंच प्रतिनिधि मोतीलाल जाट, मुकेश खटीक सहित कई जनप्रतिनिधि और कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी तथा किसान व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# व्यापारी की हत्या व जेवर लूट मामले का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

## घटना 27 अगस्त को उस समय हुई थी, जब व्यापारी दुकान बंद कर घर लौट रहा था



बयाना पुलिस ने सर्राफा व्यापारी से लूट की वारदात का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देशन में बयाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए बयाना में सर्राफा व्यापारी से हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में पांच जनों को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपियों के कब्जे से हथियार बरामद किये हैं।

■ बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी को गोली मारकर ज्वैलरी व नकदी का बैग लूट लिया था

जानकारी के अनुसार घटना 27 अगस्त को उस समय हुई थी जब व्यापारी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। सालावाद फाटक के पास बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी को गोली मारकर ज्वैलरी व नकदी से भरा बैग लूट लिया था। पुलिस को इनपुट मिलने पर एएसपी बयाना हरिराम कुमावत व वृताधिकारी कृष्णराज जांगिड़ के नेतृत्व में कई टीमें गठित की गईं। गढीबाजना थानाधिकारी पृथ्वीसिंह की टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हुई, जिसमें पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए। आरोपियों से दो अवैध देशी कट्टे, आठ जिंदा कारतूस, सात खाली खोखे, सात मोबाइल व घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। गिरफ्तार आरोपी आगरा, भरतपुर व धौलपुर क्षेत्र के निवासी हैं, जिनमें एक महिला भी शामिल है।

# हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आने से दो युवकों की झुलसने से मौत

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के सायरा थाना क्षेत्र के पानेर गांव 33 केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवकों के शव खेत में 100 मीटर की दूरी पर पड़े मिले। वहीं बिजली तार भी टूटा पड़ा मिला है।

■ फाल्ट ढूंढने पहुंचे बिजली कर्मचारियों को जंगल में शव पड़े मिले, पुलिस मौके पर पहुंची

■ 'जांच में सामने आया है कि दोनों युवक जंगल के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार चोरी करने आए थे'

जानकारी के अनुसार बीती रात करीब दो बजे अचानक पानेर गांव इलाके की लाइट गुल हो गई थी। सुबह 9 बजे तक जब बिजली सप्लाई सुचारू नहीं हुई तो लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। इस पर बिजली विभाग के कर्मचारी 33 केवी लाइन में फाल्ट ढूंढने निकले, तब हादसे का पता चला। थानाधिकारी किशोर सिंह शक्तावत ने बताया कि फाल्ट ढूंढने निकले बिजली विभाग के कर्मचारियों को खेत में बिजली लाइन के तार टूटे पडे मिले वहां दो युवकों के शव भी पड़े हुए थे। शव बुरी तरह झुलसे हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद दोनों के शवों को सायरा हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। थानाधिकारी के अनुसार प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दोनों युवक जंगल के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार चोरी करने आए थे। दोनों के शव कुछ दूरी पर खेत में पड़े मिले हैं। वहां लकड़ी और आंकडेनुमा सामान भी मिला। वहां चप्पल भी पड़ी मिली। संभवतया हाईटेंशन लाइन के तार तोड़ते समय यह हादसा हो गया। दोनों शवों की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस और बिजली विभाग की टीम जांच में जुटी है।

# प्रेम प्रसंग में युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर के मथुरा गेट थाना इलाके में युवक ने लव अफेयर में खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। आत्महत्या से पहले युवक ने पड़ौस में रहने वाली महिला के हाथ में गोली मारी। महिला के परिजनों का कहना है वह एक तरफा प्यार करता था। मथुरा गेट थाना इलाके में रामबाबू (45) किराए पर रहता था। बुधवार को सुबह करीब 10 बजे महिला (42) का पति घर से बाहर चला गया था। इसके बाद रामबाबू उसके घर पहुंच गया। उसने पहले महिला को गोली मारी, इसके बाद खुद को गोली मार ली। महिला के हाथ में गोली लगी है। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि रामबाबू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के कारणों का कुछ पता नहीं लग पाया है।

■ आत्महत्या से पहले युवक ने पड़ौस में रहने वाली महिला के हाथ में गोली मारी, युवती का अस्पताल में उपचार जारी

■ घायल महिला ने बताया कि युवक रामबाबू उसे चार साल से परेशान कर रहा था, कई बार पुलिस में शिकायत भी की थी

घायल महिला ने बताया कि रामबाबू उसे चार साल से परेशान कर रहा था। कई बार पुलिस में शिकायत भी की थी। वह पुलिस से छूट आता और फिर से परेशान करता था। उसकी देवरानी (35) घर पर अकेली थी। महिला का पति और उसका देवर मोबाइल की शॉप करते हैं। महिला के पति और देवर दुकान पर गए हुए थे। रामबाबू उनके पड़ौस में रहता था। वह पड़ौसियों के घर से कूदकर महिला के घर में घुसा। आते ही उसने महिला का गला दबाने की कोशिश की। महिला ने इसका विरोध किया। रामबाबू ने कट्टा निकालकर गोली चला दी। महिला भागते हुए नीचे आई और अपने देवरानी को घटना के बारे में बताया। देवरानी ने अपने पति को फोन कर घटना के बारे में बताया। महिला का देवर घर पहुंचा और अपनी भाभी के कमरे में जाकर देखा तो रामबाबू का शव पड़ा था। पास में हथियार भी था। महिला के देवर ने तुरंत अपने भाई को बुलाया। महिला को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। देवर ने पुलिस को भी घटना की सूचना दी। पुलिस ने रामबाबू के शव को आरबीएम हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया। साथ ही एफएसएल की टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए। फिलहाल रामबाबू के शव को आरबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया है। महिला का इलाज आरबीएम हॉस्पिटल में जारी है।

रामबाबू की बहन मथुरा गेट थाना इलाके के गुलाल कुंड में रहती है। जैसे ही उन्हें घटना का पता लगा तो, वह मौके पर पहुंची। मृतक रामबाबू मूलतः डीग जिले के सीकरी का रहने वाला था, अभी मथुरा गेट थाना इलाके में रहता था। उसके तीन बच्चे हैं। पत्नी कोलकाता की रहने वाली है और वहीं रहती है।

# मंदिर में दम्पती से हुई लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**कपासन,** (निसं)। भूपालसागर थाना क्षेत्र के फलासीया जागीर माता जी के मन्दिर में सोती हुई महिला के गले में से सोने की रामनामी व दो मादलीये एवं सोते हुए व्यक्ति के हाथों में पहने हुए चांदी के कड़े लूटकर ले जाने के मामले में भूपालसागर थाना पुलिस ने साइबर सेल की मदद से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से सोने की रामनामी दो व सोने के दो मादलीये व चांदी के दो कड़े बरामद किए हैं।



पुलिस ने लूट के आरोपियों को गिरफ्तार कर सोने व चांदी के जेवरात बरामद किए।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि गत तीन फरवरी की मध्य रात्रि को फलासीया जागीर माता जी के मन्दिर में सोती हुई महिला के गले में से सोने की रामनामी व दो मादलीये व सोते हुए व्यक्ति के हाथों में पहने हुए चांदी के कड़े लूट कर ले जाने के मामले में फरार आरोपियों की तलाश कर गिरफ्तार करने व माल बरामद करने के लिए एएसपी सरिता सिह व वृताधिकारी कपासन हरजी लाल यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी लादुलाल सौंलकी उ नि व जाप्ता एएसआई जमना त्रिपाठी, तेजमल, कानि. राजमल, ओमप्रकाश, राधेश्याम, पीराराम व अनिल, साइबर सेल के हैड कानि. राजकुमार, कानि. रामनरेश, राजेश, रामावतार व गणपत कानि. साइबर सैल द्वारा बंशीलाल पुत्र प्यारा कालबेलीया (जोगी) निवासी नई आबादी अम्बावली किरतपुरा थाना बड़ी सादड़ी जिला चित्तौड़गढ़, मुकेश पुत्र नानुराम कालबेलीया निवासी बनाकीया कला थाना कपासन जिला चित्तौड़गढ़ हाल खातरीया चौकड़ी थाना खातरेच जिला अहमदाबाद व नारायण कालबेलीया पुत्र परथा उर्फ पृथ्वीराज कालबेलीया निवासी पीपली गुजरान थाना भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर पुलिस अभिरक्षा (रिमाण्ड) प्राप्त किया जाकर आरोपी बंशीलाल, मुकेश व नारायण कालबेलीया से प्रकरण में लूट का माल बरामद किया।

# उदयरामसर में 1.19 हेक्टेयर जमीन फर्जी तरीके से बिकी, मामला दर्ज

**बीकानेर,** (निसं)। मुंबई में स्टॉक मार्केट का काम करने वाले विजयरतन बी. मित्तल की उदयरामसर में 1.19 हेक्टेयर जमीन है, जो राजस्व रिकॉर्ड में उसके नाम से अंकित है। कृषि भूमि पर चारों ओर तारबंदी है और काश्तकार काश्त कर रहा है। व्यापारी ने अपनी कृषि भूमि की ऑनलाइन जमाबंदी निकलवाने के लिए सर्च किया तो वह चौंक गया। खातेदारी कृषि भूमि का इंतकाल और जमाबंदी नोखा में माडिया निवासी सुभाष बिश्नोई के नाम से दर्ज है।

जमाबंदी में आए नोट के आधार पर उप पंजीयक कार्यालय से कृषि भूमि की नकल ली तो पता चला कि कृषि भूमि का बयनामा कराया गया है। बयनामा पर व्यापारी की जगह किसी अन्य शख्स का फोटो है। आधार कार्ड और पैन नंबर भी लिखा है, जो व्यापारी के नहीं हैं। फर्जी दस्तावेज तैयार कर व्यापारी की कृषि भूमि का बयनामा तैयार कर जमीन बेच दी गई। उप पंजीयक कार्यालय में 10 जुलाई, 25 को सुभाष बिश्नोई के नाम बयनामा है, जबकि इस दिन व्यापारी मुंबई ही था। उसकी जमीन फर्जी तरीके से हड़पने के लिए सुभाष बिश्नोई, गवाह गंगाशहर में सारड़ा चौक निवासी अनुराग कुमावत, चूरू में रतनगढ़ निवासी बृजलाल तथा अज्ञात व्यक्ति जिसने बयनामा में व्यापारी की जगह फर्जी फोटो लगा रखी है। मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और जमीन हड़पने के लिए बयनामा तैयार किया। व्यापारी को इसका पता चलने पर वह बीकानेर आया और सदर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

# वैर क्षेत्र के हाथोड़ी, बल्लभगढ़ व वैर कस्बे की बावड़ियों को संरक्षण की दरकार

## ये बावड़ियां वर्तमान में अपनी आभा व पहचान खो चुकी है, लेकिन इनके महराब, बरामदे, कलाकृति युक्त खंभों की पच्चीकारी आज भी दर्शनीय हैं

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर जिले में अनेक ऐसे पुरा महत्व के स्थल हैं, जिनका जीर्णोद्धार कर विकसित कर दिये जाये तो ये स्थल पर्यटन मानचित्र पर आ सकते हैं। पर्यटन से जुड़ने के बाद इन स्थलों पर रोजगार के वैकल्पिक रोजगार के संसाधन विकसित होंगे जिससे क्षेत्र के निवासियों को लाभ मिलेगा। ऐसे ही परम्परागत जल स्त्रोत एवं ऐतिहासिक विरासत की पहचान रही वैर पंचायत समिति क्षेत्र के हाथोड़ी, बल्लभगढ़ व वैर कस्बे की बावड़ियां हैं, जो वर्तमान में अपनी आभा व पहचान को खो चुकी है, लेकिन इनके निर्माण के दौरान बनाये गये महराब, बरामदे, कलाकृति युक्त खंभों की पच्चीकारी आज भी दर्शनीय है। इन बावड़ियों के संरक्षण के संबंध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अलग से 5 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत करने की मांग की है।



वैर पंचायत समिति क्षेत्र के हाथोड़ी, बल्लभगढ़ व वैर कस्बे की बावड़ियां हैं, जो वर्तमान में अपनी आभा व पहचान खो चुकी है।

■ समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, संरक्षण के लिए 5 करोड़ का बजट स्वीकृत करने की मांग की

गुप्ता द्वारा लिखे गये पत्र में कहा है कि इन बावड़ियों के जीर्णोद्धार कर विकसित करने के बाद इन पर न केवल पर्यटन गतिविधियां बढ़ेंगी बल्कि क्षेत्र के निवासियों को पेयजल व सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा इसके अलावा ये बावड़ियां भविष्य की पीढ़ियों के लिए जीवित धरोहर के रूप में बनी रह सकेगी।

पत्र में उन्होंने कहा है कि इन बावड़ियों के जीर्णोद्धार के बाद इनके नियमित संरक्षण की व्यवस्था करना भी आवश्यक है, अन्यथा कामा के चील महल, खानुआ के राणा सांगा स्मारक की तरह जीर्णोद्धार पर व्यय की गई लागत बेकार चली जायेगी। इसी प्रकार वैर कस्बे के सफेद महल जिसके जीर्णोद्धार व विकास पर पहले करोड़ों रुपये व्यय हुए, लेकिन रख-रखाव के अभाव यह राशि बेकार चली गई, किन्तु अब राज्य सरकार ने पुनः बजट आवंटित कर सफेद महल के सौंदर्यीकरण व विकास का कार्य शुरू कराया। पत्र में कहा है कि इसी प्रकार की बावड़ियां धौलपुर व दौसा जिले के बांदीकुई के पास थी जिनके जीर्णोद्धार व विकास के बाद ये पर्यटन गतिविधियों से जुड़ गई। इसी तरह वैर की इन तीनों बावड़ियों का विकास करा दिया जाये तो ये भी पर्यटन मानचित्र पर आकर यहां भी पर्यटन गतिविधियों शुरू हो सकती है, जिससे क्षेत्र के निवासियों को रोजगार के संसाधन मुहैया हो सकेंगे।

# जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ. पी एस भाटी और न्यायाधीश संदीप तनेजा ने राज्य सरकार और राजस्थान सिविल सेवा अपीलेट अधिकरण के अध्यक्ष की ओर से पेश अधिवक्ताओं को निर्देश दिए कि वे आगामी पेशी 16 सितंबर तक रिपोर्ट पेश करें कि हाइकोर्ट के आदेश की पालना में पिछले छह माह में जोधपुर में अधिकरण की न्यायिक कार्रवाई कितने दिन तक कार्यरत रही।

राजस्थान हाइकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से दायर जनहित याचिका पर बहस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष सिसोदिया, वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद पुरोहित और अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि 19 जुलाई 2022 को खंडपीठ ने अपने विस्तृत आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया कि जोधपुर में अधिकरण की स्थाई पीठ गठित करें और तब तक जोधपुर में चल पीठ 8 दिन तक प्रति माह न्यायिक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस पर जोधपुर में अधिकरण की स्थाई पीठ की अधिसूचना 4 मई 2023 को जारी कर दी तथा 12 सितम्बर 2023 को आदेश जारी कर जोधपुर पीठ का क्षेत्राधिकार तय कर जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर,पाली और बांसवाड़ा संभाग के सभी जिलों को जोधपुर पीठ में शामिल कर सभी नई एवं पुरानी अपीलों और पत्रावलियों की सुनवाई जोधपुर पीठ के समक्ष करने का निर्देश दिया और इसी अनुरूप गैर न्यायिक सदस्य और स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई, लेकिन वास्तविक रूप में जोधपुर में स्थाई पीठ कार्यरत नहीं रही। उन्होंने कहा कि खंडपीठ ने गत 29 जनवरी को राज्य सरकार और अधिकरण अध्यक्ष को निर्देश दिए कि हाइकोर्ट के 19 जुलाई 2022 के आदेश की पालना में जब राज्य सरकार ने जोधपुर में अधिकरण की स्थाई पीठ की अधिसूचना जारी कर दी है तो फिर चल पीठ ही कैसे कार्यरत है सो वास्तविक रूप में जोधपुर में अधिकरण की स्थाई पीठ में सदस्यों की नियुक्ति कर कार्यरत करें। प्रार्थी अधिवक्तागण ने कहा कि राज्य सरकार और अधिकरण अध्यक्ष को निर्देश दिया जाएं कि जोधपुर में अविलंब अधिकरण की स्थाई पीठ जोधपुर क्षेत्राधिकार के अनुरूप न्यायिक कार्रवाई प्रारंभ करें।

# 15 वर्षीय आरव ने 54 सेकंड में विश्व का मानचित्र बनाया

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा नगरी कोटा ने एक बार फिर अपनी असाधारण प्रतिभा से देशभर का सिर गर्व से ऊंचा किया है। शहर के मात्र 15 वर्षीय युवा कलाकार आरव शर्मा ने अपने अद्भुत हुनर के दम पर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2025 में अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज कराया है। आरव की यह उपलब्धि वास्तव में अविश्वसनीय है। इस प्रतिभावान बालक ने केवल 54 सेकंड की अल्प अवधि में पेंसिल की सहायता से कागज पर संपूर्ण विश्व का भौतिक मानचित्र बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह रिकॉर्ड न केवल उसकी तीव्र बुद्धि का परिचायक है, बल्कि उसकी कलात्मक दक्षता और एकाग्रता का भी जीवंत प्रमाण है। आरव के गौरवान्वित माता-पिता अजय और अल्का शर्मा ने बताया कि पिछले 2.5 वर्षों से उनका पुत्र इस विशेष कला में निरंतर अभ्यासरत था। प्रारंभ में वह हरे बोर्ड पर चाक से मानचित्र बनाने का अभ्यास करता था। धीरे-धीरे उसकी गति और सटीकता में उल्लेखनीय सुधार आया।

## सार-समाचार

### प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

**टोंक।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जयपुर से कोटा जाते समय जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बेरवा के नेतृत्व में पक्का बंधा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्य सरकार में किसी की सुनवाई नहीं हो रही है, जनता को छोड़ो, विधायक, मंत्री तक की सुनवाई नहीं हो रही है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जनहित योजनाओं को डेढ़ साल में खत्म किया गया है। पक्ष और विपक्ष के लिए अलग-अलग कानून बना दिए गए हैं, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हो रहा है। जनता और विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में किसानों का कर्ज माफ हुआ था जबकि इस सरकार में किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ है, वही कांग्रेस की सरकार ने बेरोजगारी दूर करने का काम किया था संविदा पर हजारों लोगों को नियुक्ति दी थी वर्तमान राज्य सरकार बेरोजगारी बढ़ा रही है तथा उन संविदा कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी, पूर्व विधायक कमल बैरवा, सलीमुद्दीन खान, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान, फौजु राम मीणा, राहुल सैनी, रामलाल सैनीवाल, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, नामा, मनिंदर बैरवा, रामगोपाल मीणा, जिला सचिव वासिद नूर, केदार चौधरी, कमलेश चावला, अरशद चिश्ती, इम्तियाज खान, रामदयाल गुनावत, छोटू लाल गुर्जर, राम अवतार टॉक, नवीन बैरवा, राजकुमार बैरवा, अजमल,इत्यादि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने डोटासरा का स्वागत किया।

### शिविर में 81 लाभार्थी चिन्हित

**फुलेरा।** सक्षम जयपुर अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार बुधवार को नगरपालिका सभागार भवन फुलेरा में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक व्योश्री शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फुलेरा के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल, फुलेरा नगरपालिका ईओ सूर्यकांत शर्मा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कैलाश चौधरी, ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राज चौधरी, शिविर प्रभारी महिपाल सिंह, पालिका एएसआई राकेश कुमार सहित फुलेरा उपजिला प्रभारी डॉ धर्मेन्द्र भामू, डॉ अमित शर्मा सहित अन्य चिकित्सालय स्टाफ एवं एलिम्को की टीम मौजूद रही। शिविर प्रभारी महिपाल सिंह ने बताया कि शिविर में कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 81 लाभार्थियों का चयन हुआ । जिनमे 62 वृद्धजनो को 363 एवं 19 दिव्यांगजन को 35 सहायक उपकरणों हेतु चिन्हित किया गया। उपकरण की कुल लागत 7 लाख 50 हजार रुपए होगी, लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कैलीपर्स, वॉकिंग स्टिक, कमर बेल्ट, घुटने की बेल्ट, सर्वाइकल कॉलर, बैसाखी, वॉकर, ट्राइपॉड, श्रवण यंत्र, कृत्रिम डेन्चर (दांत) और चश्मा उपलब्ध करवाए जाएंगे। शिविर की सभी व्यवस्थाएं नगर पालिका परिसर भवन में की गई।

### साक्षात्कार कार्यक्रम का प्रसारण

**कोटपूतली।** स्थानीय आकाशवाणी स्टूडियो में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर विशेष परिचर्चा "बात कीजिये जीवन बचाइये" का आयोजन किया गया। परिचर्चा में बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर व डॉ. सरवंता कुमारी ने भाग लिया। इस मौके पर बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि वर्तमान में युवा अवसाद, चिंता व नशे का शिकार हो रहे हैं, यही कारण है कि आज विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हमें यह विचार करना है कि युवाओं को नशे व अवसाद से कैसे बचाया जाये। कार्यक्रम उद्घोषक अमरजीत सिंह से परिचर्चा के दौरान बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर व डॉ. सरवंता कुमारी ने तथ्यात्मक आंकड़े प्रस्तुत करते हुये बताया कि विषय या इच्छा से अलग कार्य किसी इंसान पर थोपा जाता है तो वह अवसाद में चला जाता है। इसमें सोशियल मीडिया व मोबाईल की एक्टिविटी भी इंसान के व्यवहार व स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश पटवा ने बताया कि इस साक्षात्कार कार्यक्रम का प्रसारण कोटपूतली डायरी कार्यक्रम के तहत बुधवार 10 सितंबर को प्रातः 10 बजे आकाशवाणी कोटपूतली स्टूडियो से किया गया। जिसे आकाशवाणी के एफएम बैंड 101.9 मेगाहर्ट्ज पर सुना गया। साक्षात्कार कार्यक्रम रिकॉर्डिंग के दौरान केंद्र प्रभारी राजेंद्र सिंह तंवर, कार्यक्रम प्रभारी दिनेश पटवा, कार्यक्रम उद्घोषक विकास वर्मा, अमरजीत सिंह, राहुल सिंह, विरेन्द्र शेखावत व आकाशवाणी स्टॉफ मौजूद रहा।

### खुशी का राज्य स्तर के लिये चयन

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खड़ब में महारानी पब्लिक स्कूल के छात्र खुशी कुमार सैन का राज्य स्तर पर बॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। श्री नारायणी सेना प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश सैन ने बताया कि 69 वीं जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जीतने पर राज्य स्तर पर प्रतियोगिता के लिये चयनित खुशी सैन के दादा रामकुमार सैन, पिता राकेश सैन, चाचा राजेंद्र प्रसाद सैन को बारबर यूनियन प्रधान राधेश्याम सैन फतेहपुरा कलाँ, श्री सैन मंदिर रजि. समिति कोटपूतली के प्रधान वेदप्रकाश सैन, श्री नारायणी सेना के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सैन पंडितपुरा, समाजसेवी मुरारीलाल सैन रामपुरा, अखिल भारतीय हरसोरा धाम के प्रधान संजय सैन बानसूर,भम्भुराम सैन अमाई, संजय सैन खड़ब व समाज के अनेक लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### शैक्षणिक संस्थानों में विशेष गतिविधियां

**कोटपूतली।** आत्महत्या एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जो विद्यार्थियों सहित समाज के विभिन्न वर्गो को प्रभावित करती है। इस समस्या के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं रोकथाम को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2025 का विषय है आत्महत्या के प्रति धारणा में बदलाव, कार्यवाही हेतु आह्वान बातचीत की शुरुआत करें। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 10 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक जिले के स्कूलों, कॉलेजों एवं कोचिंग संस्थानों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को यह अवसर प्रदान करना है कि वे अपने शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों से पढ़ाई, कैरियर एवं व्यक्तिगत समस्याओं पर खुले मन से संवाद स्थापित कर सकें। डिप्टी सीएमएचओ (स्वा.) डॉ. प्रमोद सिंह भदौरिया ने बताया कि वर्ष 2023 से प्रारंभ किए गए चलो बात करें अभियान को भी सतत रूप से आगे बढ़ाया जायेगा, जिसके तहत शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों, किशोरों एवं युवा व्यस्कों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु सकारात्मक संवाद और सहयोगात्मक वातावरण निर्मित किया जायेगा।

### समस्याओं से वार्डवासी परेशान

**कोटपूतली।** कस्बे के आदर्श नगर वार्ड नं. 10 व 11 में इन दिनों समस्यायें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं लेकिन नगर परिषद प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं हैं। वार्डवासी शशि मित्तल, मनोज प्रजापत व अभिषेक सैनी ने बताया कि नगर परिषद के अधिकारियों-कर्मचारियों को इस सम्बंध में कई बार अवगत करवाया गया हैं लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श नगर कॉलोनी में नाले के ऊपर खड्डा हो रखा है, जिसकी सूचना पहले भी दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया हैं। सैनी सभा रोड़ के सामने गली में पानी का निकास नहीं हो रहा है जिससे सभी रोड़ो पर गंदा पानी एकत्रित होने से राहगीरों को बेहद परेशानी

# पालिका क्षेत्र में रोड लाइटों की दयनीय स्थिति, रात में चोरी होने की आशंका



पावटा क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें गत कई दिनों से अधिकांश जगह पर खराब पड़ी होने से रात को चोरी होने का अंदेशा रहता है।

■ भौनावास पुलिया से किले उपर तक व पावटा से कुनेड तक की लाइटें कई माह से खराब, पालिका प्रशासन बना हुआ अंजान

**पावटा-प्रागपुरा ।** क्षेत्र में पालिका प्रशासन द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइटें विगत कई दिनों से अधिकांश जगह पर खराब पड़ी हैं। पालिका क्षेत्रवासियों का कहना है कि विभिन्न वार्डों में कई महीनों से विद्युत पोलों की स्ट्रीट लाइटें खराब हो चुकी हैं, जिनकी पालिका प्रशासन को शिकायतें करने के बावजूद सुनवाई नहीं होती। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लाइटें खराब होने से वार्डों में रात के समय अंधेरा छाया रहता है, जिससे चोरी की वारदातें होने और अपराधिक घटनाओं व निराश्रित पशुओं का खतरा बना रहता है। पहले लोगों को खुशी थी कि पालिका बनने से शहर में चहूमुखी विकास होगा और वार्ड स्वच्छ व सुंदर दिखाई देंगे। लेकिन मौजूदा अधिकारी अपनी मनमर्जी और तानाशाही से कार्य कर रहे हैं। जनता अपने कार्यों के लिए चक्कर लगाती है, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। वर्तमान हालात ऐसे हैं कि लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहे हैं। पालिका शहर के भौनावास पुलिया से लेकर किला उपर तक व पाव टा से कुनेड तक की लाइटें कई माह से खराब पड़ी हैं। वहीं, मोदी मंदिर से लेकर पंचायत समिति तक भी रोड़ लाइटें नहीं हैं, जिससे लोगों को रात के समय परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। क्षेत्रवासियों की मांग है कि पालिका प्रशासन जल्द से जल्द इन लाइटों को ठीक करवाए, ताकि शहर में सुरक्षा और सुविधा का माहौल बना रहे। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि पालिका प्रशासन उनकी समस्याओं को समझेगा और जल्द से जल्द रोड़ लाइटों की मरम्मत करवाएगा। इसके लिए पालिका प्रशासन को शहर के विभिन्न वार्डों में खराब लाइटों की पहचान करनी होगी और उन्हें ठीक करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। साथ ही, शहरवासियों को भी अपनी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने के लिए आगे आना होगा, ताकि शहर का विकास हो सके।

# रेलवे कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा

**फुलेरा।** श्री रेलवे रामलीला कमेटी 2025 की नवीन कार्यकारिणी का गठन बुधवार को मंडल यांत्रिक अभियन्ता व कमेटी अध्यक्ष रोहित मीणा के सानिध्य में किया गया।

गौरतलब है कि फुलेरा की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन आगामी 19 सितम्बर से किया जाएगा। श्री रेलवे रामलीला एवं सांस्कृतिक समिति के प्रवक्ता शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस वर्ष नवीन समिति में अध्यक्ष रोहित मीणा डीएमई फुलेरा, सचिव लोको पायलट देवकीनन्दन जांगिड, सहसचिव आलोक तिवाडी, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, कोषाध्यक्ष ट्रेन मैनेजर रामावतार स्वामी, सह-कोषाध्यक्ष उमेश स्वामी, प्रबंध निदेशक गिरधारी सिंह शेखावत, निर्देशक राजेश शर्मा, संगीत निर्देशक गिरधरगोपाल बूमरा, प्रवक्ता शैलेन्द्र शर्मा, उद्घोषक राजेन्द्र शर्मा, सह-उद्घोषक सन्तोष स्वामी, सोशल मीडिया प्रभारी नीरज सैन, मोहित धांधल, मंच सहायक श्यामलाल सैनी, कृष्णगोपाल जांगिड, रामलीला मैदान व्यवस्था दामोदर कुमावत, सीएल गोठवाल, ओमप्रकाश सैनी, रामलीला सहयोगी के रूप में नगरपालिका मण्डल के सभी पार्षदगण, व्यापारी व रेलकर्मी होंगे, विशेष कार्यकारी समिति में चीफ क्रू कंट्रोलर प्रेमचन्द वर्मा, फुलेरा व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहुजा, पूर्व कांठोस अध्यक्ष जितेन्द्र अठावाल, सीएलआई दिनेश सुरोलिया, जसवंत यादव, उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ से मनीष शर्मा, एम्पलाइज यूनियन से नरेन्द्र सिंह चाहर, एससी/एसटी यूनियन से एचके मीणा को बनाया गया है।

# शहर चलो अभियान के प्री कैंप में छाया रोड लाइट व सफाई का मुद्दा उठाया

■ प्री कैंप में पार्षद मीनू बंसल ने दर्ज कराई शिकायतें

■ विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर परिषद आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित शहर चलो अभियान के प्री कैंप में जहां लम्बे समय से बंद पड़ी रोड़ लाईटों व चरमराई सफाई व्यवस्था का मुद्दा छाया रहा वहीं वार्ड नम्बर 19 की पार्षद मीनू बंसल ने वार्ड की अनेक समस्याओं के बारे में नगर परिषद को अपनी शिकायत दर्ज करवाई। नगर परिषद आयुक्त नूर मौहम्मद के नाम जेईएन भादर सिंह यादव को विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत करवाया और लिखित में अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। पार्षद मीनू बंसल ने ज्ञापन में बताया कि शहर के हनुमान शरण मार्ग स्थित मुख्य बाजार शनि मंदिर से लेकर पूतली कट तक एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। पूर्व में अग्रसेन तिराहे पर बने शौचालय को नगर परिषद द्वारा रोड़ विस्तारीकरण के दौरान तोड़ दिया गया था। जिसके कारण व्यापारियों व बाजार में बड़ी संख्यां में आने वाली महिला व पुरूषां को काफी परेशानी हो रही है।

वहीं उसी दौरान वार्ड में मुख्य बाजार शनि मंदिर से राम भवन तक, अग्रसेन तिराहे से नगर परिषद पार्क तक व पुरानी नगरपालिका से आजाद चौक तक रोड़ के दोनों तरफ के नाले भी तोड़ दिये गये थे जो तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक नही बने है। जिसके चलते नालों का गंदा पानी रोड़ पर फैलता है तथा बारिश के दिनों में तो हालात और भी खराब हो जाते है। अतः अविलम्ब यहां शौचालय, नाले व रोड़ बनवाने की मांग की गयी है। इसी प्रकार वार्ड में गत 06 माह से सीवरेज लाईन के अधुरे पडें कार्यो को पूरा करवाकर रोड़ बनवाने तथा वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाने, स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाने, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराने, पेच वर्क, सार्वजनिक पार्को की साफ-सफाई तथा कार्यालय में पेडिंग पडी पत्रावलियों का अविलम्ब निस्तारण की मांग की गई है।

# नशा मुक्ति शिविर आयोजित

**बौंली- बामनवास ।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र बौंली पर 12 सितंबर शुक्रवार को मनोचिकित्सा एवं नशा मुक्ति शिविर आयोजित होगा। शिविर में सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर के मनोचिकित्सक डॉक्टर गौरव चंद्रवंशी मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराएंगे। शिविर में अनिद्रा, उदासी, काम में मन ना लगाना, अकेले में बड़बड़ाना, भृम, अत्यधिक बोलना, बार-बार हाथ धोना, डर, घबराहट, बेचैनी, व मंदबुद्धि जैसी मानसिक समस्याओं से पीड़ित रोगियों का परामर्श किया जाएगा, साथ ही स्मैक, डोडा, शराब, गांजा, तंबाकू आदि नशे की लत से जूझ रहे लोगों के लिए निःशुल्क उपचार व मार्गदर्शन उपलब्ध रहेगा। अगर कोई मरीज शिविर में आने से संकोच करता है तो उसके परिजन भी आकर परामर्श व दवाइयां प्राप्त कर सकेंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गौशाला के विकास के लिए कृत संकल्पित : प्रहलादसहाय नागर

**निवाई।** श्री दामोदर गौशाला में गोपालन विभाग के निदेशक प्रहलादसहाय नागर ने निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौशाला उप मंत्री चंद्रप्रकाश खंडेलवाल ने बताया की निदेशक नागर ने गौशाला का भौतिक निरीक्षण करते हुए सभी रिकॉर्ड की जांच की। उन्होंने गोवंश का भी निरीक्षण करते हुए गौ माता के चारा दाने पानी के व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों से चर्चा करते हुए सभी गौशाला की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने गौशाला व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गौशाला के विकास के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि गौ माता के दर्शन व सेवा करना बडा ही फलदाय कार्य हैं और शुभ होते हैं। इस दौरान गौशाला संरक्षक कैलाशचंद अठावाल ने निदेशक प्रहलादसहाय नागर को गौशालाओं के अनुदान को सरकार से पूरे 12 महीने करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जितेंद्र यादव, डॉ लक्ष्मण सिंह व डॉ. शिवराज सिंह सहित कई पशु चिकित्सक व गौशाला के पदाधिकारी मौजूद थे।

■ गौशालाओं के अनुदान को पूरे वर्ष दिलवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



श्री दामोदर गौशाला में गोपालन विभाग के निदेशक प्रहलादसहाय नागर ने निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# चिकित्सा संस्थानो में विशेष सफाई अभियान

**टोंक।** सीएमएचओ डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, टोंक के निर्देशानुसार जिले में 01 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाये जा रहे विशेष सफाई महाअभियान की शुरुआत बुधवार को किया गया है। यह अभियान "स्वच्छ जिला-स्वच्छ राजस्थान" के अन्तर्गत समस्त चिकित्सा संस्थानों में आयोजित हुआ। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने विशेष सफाई महाअभियान में बढ़ चढ़ कर उत्साह पुर्वक भाग लिया एवं अपने अपने चिकित्सा संस्थानो की साफ सफाई की। डॉ चौधरी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत जिले में स्वच्छता की बीएसआर दरों पर संवेदक के माध्यम से ग्राम/ग्राम पंचायतों में सफाई कार्य करवाये जा रहे है।

■ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने विशेष सफाई महाअभियान में बढ़ चढ़ कर उत्साह पुर्वक भाग लिया



टोंक जिले में 01 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विशेष सफाई महाअभियान की शुरूआत बुधवार से हुई।

## सार-समाचार

### फर्जी सिम कार्ड बेचने वाला दुकानदार पकड़ा

**सांभरझील, (निसं)।** साइबर सेल की सूचना के आधार पर पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड बेचने वाले सांभर थाना अंतर्गत गांव कोरसीना से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। राशि डोगरा डूडी पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने बताया है कि साईबर सैल की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रजनीश पूनियां, पुलिस उप अधीक्षक, साइबर सैल खलील अहमद के सुपरविजन में तथा एएचटीयू शाखा प्रभारी राममिलन पुलिस निरीक्षक मय जाप्ता व साइबर सैल टीम जिला जयपुर ग्रामीण के नेतृत्व में कार्यवाही करने हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने साईबर सैल ने साइबर फ्राड करने वाले अपराधियों के संबंध में आसूचना संकलन की गई तो हनुमान मोबाईल पोईन्ट गांव ममाणा थाना नरेना द्वारा फर्जी तरीके से जारी की गई 4 सिमों से साईबर फ्रॉड करना जानकारी में आया जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त दुकान की तलाश की गई तो वर्तमान में देव मोबाईल रिपेयरिंग के नाम से गांव मरवा में हनुमान लाल पुत्र हरिराम गुर्जर निवासी गुर्जरों का मौहल्ला नांगल कोरसीना थाना सांभर जिला जयपुर द्वारा दुकान संचालित करना मालूम हुआ जिस पर पुलिस टीम द्वारा देव मोबाईल रिपेयरिंग के मालिक हनुमान

**आम-सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 114 चम्पा नगर, गुर्जर की थडी, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर राजस्थान में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 122.00 वर्गगज है जिस पर मेरी पत्नी स्व. श्रीमती बीना कुमारी मीणा ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त मकान के समस्त असल दस्तावेज एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड में रहन रखे हुए है। यह कि मेरी पत्नी स्व. श्रीमती बीना कुमारी मीणा का दिनांक 09.07.2025 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उनके स्वर्गवास के पश्चात उनके कानूनी वारिसो में मैं श्री श्रवण लाल मीणा (पति), प्रिया कुमारी मीणा (पुत्री) व श्री आयुष कुमार मीणा (पुत्र) एकमात्र रूप से विधिव व कानूनी वारिस है तथा उक्त मकान के पेटे लिये हुए ऋण की पूर्ण अदायगी एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिए अब मैं उक्त मकान के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहता हूँ। यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी बैंक लिमिटेड भगवान दास रोड, सी-स्कीम, जयपुर (फोन नं. 9460943434) पर सम्पर्क कर सूचित करें।
केदार राम, एडवोकेट, मो.9799170016

**आम-सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फ्लेट नम्बर 401 फोर्थ फ्लोर मय छत, गोल्डन ओक-2, स्थित प्लाट नम्बर डी-105 देवी मार्ग, बनीपार्क जयपुर को दिनांक 17.05.2024 को खरीद का इकरार वैभव भोजवानी पुत्र योगेश कुमार ने राजीव माथुर पुत्र जगदीश नारायण माथुर से करके चैक से पांच लाख रूपये अदा कर रखा हे। शेष विक्रय प्रतिफल अदा करने को तयार हे। कोई भी स्व. राजीव माथुर के वारिसान से नहीं खरीदे। अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होगा।
(फैजान हुसैन एडवोकेट)
मो.न. 8824515124

**खोया पाया**

मेरा राजस्थान फामेसी काउन्सिल द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र संख्या 49974/20/02/2018 कहीं गुम हो गया है जो इस समय अजय सर्जिकल कम्पनी ग्राउण्ड फ्लोर महालक्ष्मी मार्केट फिल कॉलोनी जयपुर ड्रग लाइसेंस नं.DRUG/2021-22/58318 & 58319 पर अंकित है। मिलने पर उक्त पते पर पहुंचाएं। 9950058667

मेरे भूखण्ड सं. बी-1080 जेडीए की योजना रोहिणी नगर-।। जयपुर का जेडीए से जारी मूल कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है सूचित करें पंकज शर्मा मो. 9766646417

हमारा प्लॉट संख्या 180, क्षेत्रफल 1017.50 वर्ग गज, सेंथी चित्तौड़गढ़ धूरेव एन्क्लेव कॉलोनी का विक्रय विलेख दिनांक 10/03/2021 (बुक नं. 01, जिल्द नं. 218, पृष्ठ नं. 78, क्रमांक 202103101102208) खो गया है। इसका दुरुपयोग होने पर हम जिम्मेदार नहीं रहेंगे। किसी को मिले तो संपर्क करें। राकेश कुमार जाट, पिता जगदीश जाट, पताः जलोदिया केलुखेड़ा, छोटीसादड़ी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) जयसिंह पिता राम कुंवार जाट पता : राजनगर, थाना नीमकाथाना कोतवाली जिला सीकर। मो.95216 55577

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 01/2025
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम शरद सेठ पुत्र श्री सुभाष चन्द जाति खत्री विवाद स्थान प्लाट नं. 149, शंकर कॉलोनी, नया खेडा, विद्याधर नगर, जयपुर हाल निवासी प्लाट नं. 529/272 रहीम नगर, महानगर लखनऊ मृतक सपना सेठ पत्नि शरद सेठ पुत्री सुरेश चन्द सहगल की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 09.10.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम सपना सेठ पत्नि शरद सेठ पुत्री सुरेश चन्द सहगल जाति खत्री निवासी 149, शंकर कॉलोनी, नया खेडा, विद्याधर नगर, जयपुर, 529/272 रहीम नगर, महानगर लखनऊ (यू.पी.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 09 माह 10 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 08 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर
एडमिनिस्ट्रेटर जनरल,
राजस्थान, जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय समक्ष पारिवारिक न्यायालय क्र.सं. 4, स्थान जयपुर महानगर जयपुर
उषा विरुद्ध राकेश गंगवाल
प्रार्थना-पत्र संख्या - 13 HMA
प्रार्थना पत्र संख्या- 1230/23 CIS-1090/21
नाम राकेश गंगवाल पुत्र स्व. श्री रामकरण गंगवाल जाति खटीक पता निवासी (जी-78, प्रेम नगर-द्वितीय गुर्जर की थडी जयपुर) हाल निवासी 152, त्रिवेणी कच्ची बस्ती, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास P.S.- शिप्रा पथ, जयपुर
उक्त उषा ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया ह कि नकल संलग्न है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 25 माह 09 सन् 2025 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज ता. 08 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय क्रम-4,
जयपुर महानगर प्रथम

**नाम परिवर्तन**

मैंने मेरा नाम नितिन अग्रवाल से बदलकर नितिन गुप्ता पुत्र बसंत कुमार गुप्ता/उषा गुप्ता के नाम से जाना जाये 29 नागौर नगर बदरवास मेट्रो पिलर-1 के सामने गोपालपुरा बाईपास जयपुर

मैं हनुमान आत्माराम भुसारी पिताजी आर्मी नं. 15221723Y रैंक RHM (AIG) भुसारी अनिल हनुमान निवासी गिव्हा, पोस्ट-तामशी, जिला वाशिम, महाराष्ट्र-444505 ने अपने पुत्र के सर्विस रिकार्ड में अपना नाम हनुमान से बदलकर हनुमान आत्माराम भुसारी कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। शपथ पत्र संख्या-554754 दिनांक 07.08.2025

मैं कमलेश कुमार मीना मेरी पुत्री के विद्यालय में उसका नाम मुस्कान गोम गलत अंकित है जबकि अन्य दस्तावेजों में मुस्कान मीना सही अंकित है अत भविष्य में मेरी पुत्री को मुस्कान मीना के नाम से ही जाना जावें। निवासी ग्राम पोस्ट हंसमहल, तहसील-बस्सी, जिला जयपुर राजस्थान

I have changed my name from kishor Kumar SIRWANI TO KISHORE SEERWANI FOR ALL PURPOSE R/O 2/491 MALVIYA NAGAR JAIPUR

**कार्यालय ग्राम पंचायत बहरावण्डा कलां पंचायत समिति खण्डार जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक/2025-26/SPL-01 **ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26** दिनांक-05.09.2025
पंचायत समिति खण्डार के अधीन ग्राम पंचायत बहरावण्डा कलां में मनरेगा, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समस्त योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिये आनुसांगिक सामग्री की आपर्ति हतु इच्छुक जीएसटी पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया द्वारा दिनांक 15.09.2025 तक सायं 06.00 बजे ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।
उक्त निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण एवं दस्तावेज राजस्थान के लोक उपापन पोर्टल https://eproc.rajasthan.gov.in एवं एसपीपीपी पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
EPROC TENDER ID- 2025_PRD_499132_1
NIB- ZSM2526A0538, UBN- ZSM2526WSOB00604
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बहरावण्डा, पं.स. खण्डार (स.मा.)
प्रशासक, ग्राम पंचायत बहरावण्डा, पं.स. खण्डार (स.मा.)

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण अ.कलाम पुत्र स्व. अ. रहमान, शमीम बानो पत्नी अ.कलाम, निवासीगण 101-सी, इबादत नगर, 60 फीट लाल बास बन्धा नाई की थडी, जयपुर के एक पुत्र व एक पुत्री फिरोजा है जिसमें पुत्र मोहसिन व उसकी पत्नी सबा [illegible] शब्बो के बहकावे व उकसावे में आकर मेरे अभिभाष्यगण के साथ गाली गलौच व मारपीट करते है, इसलिये मेरे अभिभाष्यगण उनसे काफी दुखी है। जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र मोहसिन व उसकी पत्नी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते हुये उससे अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। भविष्य मे काई भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र [illegible] कोई लेन देन करेगा या सम्बन्ध व समव्यवहार रखेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मदारी नहीं होगी। अब मोहसिन व उसकी पत्नी का मेरे अभिभाष्यगण की चल व अचल सम्पत्तियों में कोई हक व हिस्सा नहीं है। सूचित रहे।
(मो.शरीफ), एडवोकेट

**राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद**
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जनपथ, जयपुर कार्यालय दूरभाष नं0 0141-2744283
फैक्स नं0 0141-2740568, ईमेल आईडी - rsscjaipur@gmail.com
क्रमांक :- एफ-8/त.शा./ब.घो. 52.3/2025-26/राजकाज 17608773 दिनांक :- 08/09/2025
**निविदा सूचना संख्या 43/2025-26**
राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा संभाग मुख्यालयों (कोटा, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर व अजमेर) पर Para Sports Athletes के लिए Toilet Complex का निर्माण कार्य हेतु State/Central Govt. के अधिकृत विभागों में पंजीकृत संवेदकों से ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा से संबंधित अन्य आवश्यक विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व www.rssc.in पर देखी जा सकती है।
UBN No.: RSC2526WSOB00045
राज.संवाद/सी/25/9621 सचिव

**आकनामा** तमाम खास व आम का इत्तला दी जाती है कि मेरी मुवक्किला शमीम बानो पत्नी स्व. मिर्जा अजीज बैग उम्र 75 साल, साकिन-3118 गोड-गिफ्ट होम, मौहल्ला पन्नीगरान, सुभाषचौक, जयपुर के हस्ब हिदायत उनके पुत्र 1. फरहान मिर्जा व उसकी पत्नी हाल निवासी लंदन 2. अदनान मिर्जा व पत्नी निवासी जयपुर जो कि मेरी मुवक्किला के कहने में नहीं है ना ही मेरी मुवक्किला की देखभाल नहीं करते है तथा जेहनी तौर से बहुत तकलीफ पहुंचाते है इनके खराब किरदार की वजह से मेरी मुवक्किला ने आज दिनांक 10.09.2025 को अपनी तमाम प्रकार [illegible]
सैय्यद ए.एच. नूरी (एडवोकेट) मो. 9829036504

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**कार्यालय जिला स्वास्थ्य समिति, करौली**
क्रमांकः लेखा/2025/158 दिनांकः 09.09.2025
**खुली निविदा सूचना संख्या 4 वर्ष 2025-26**
कार्यालय हेतु इच्छुक फर्म/अधिकृत विक्रेताओं से निम्न कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है जो, कार्यालय समय में दिनांक 17.09.25 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। भरी हुई तकनीकी व वित्तीय निविदायें अलग-अलग सीलबंद लिफाफे में दिनांक 17.09.2025 को दोपहर बाद 2.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा दिनांक 18.09.2025 को दोपहर बाद 02.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष गठित क्रय समिति द्वारा खोली जावेगी। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय/एसपीपीपी पोर्टल की जा सकती है।

| क्र.सं. | नाम सामग्री/कार्य | अनुमानित | अमानत राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक रेडियोग्राफर | 75000 | 3750 | 200 |
| 2 | फोटो स्टेट कराने का कार्य। | 250000 | 5000 | 200 |

सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति करौली

## संक्षिप्त

### छात्राएं आत्मरक्षा के लिए जागरूक

**निवाई ।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक प्रीति जैन ने बताया कि शिविर में बालिकाओं ने पंच मारना, पैरों से बचाव करने के तरीके व सूर्य नमस्कार सहित कई प्रकार के आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रानी लक्ष्मी बाई केंद्र व महिला नीति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित व्याख्या माला के अंतर्गत प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी बघेल ने छात्राओं को सुजाक थेरेपी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक्यूप्रेशर द्वारा बिना दवाइयां के किसी भी परिस्थिति में किस भी सामान्य बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। इस अवसर पर नोडल प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन, प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया, रूपा चौधरी, सुमन एवं संयोजक प्रीति जैन सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद थे।

### कीचड से लोग है परेशान

**निवाई ।** ग्राम पंचायत वनस्थली के गांव मोतीपुरा मार्ग पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पीछे नालियों की सफाई नही होने के कारण कीचड युक्त पानी सड़क पर फैला हुआ है। ग्रामीण भरत शर्मा ने बताया कि मोतीपुरा मार्ग पर सरकारी विद्यालय के पीछे नाली की सफाई नहीं होने के कारण कीचड युक्त पानी सडक पर भरा हुआ है। जिससे सुबह शाम श्रीदेवनारायण भगवान व ठाकुरजी महाराज की आरती करने वाले श्रद्धालुओं को कीचड में से होकर जाना पडता है। कीचड हटाने व नाली सफाई के बारे में स्थानीय प्रशासन को अवगत करा दिया गया है लेकिन हालात जस के तस है।

### गुर्जर समाज की आमसभा आज

**निवाई।** गुर्जर समाज की सामाजिक आमसभा 11 सितंबर को जमात में स्थित देव भूमि में आयोजित होगी। समाज के प्रतिनिधि रतनदीप गुर्जर, सुरेश डोई व मांगीलाल गुर्जर सहित कई समाज के लोगों ने बताया कि आमसभा में मंदिर ट्रस्ट देवधाम जोधपुरिया से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आमसभा में समाज के वरिष्ठजनों सहित सैंकड़ों युवा भाग लेंगे।

### मूलचन्दानी शुक्रवार को आएगें टोंक

**टोंक।** राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी शुक्रवार 12 सितम्बर को टोंक आऐंगे। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राम रतन सौंकरिया ने बताया कि जस्टिस मूलचन्दानी शुक्रवार को सुबह 11 बजे जिला कारागृह टोंक का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद जिला अधिकारियों के साथ मानव अधिकार संबंधी लम्बित परिवादो पर चर्चा करेंगे

### पेंशन योजना आयोजित

**टोंक।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, टोंक द्वारा मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के अन्तर्गत 12 सितम्बर को निजाम बीडी फैक्ट्री, सुभाष बाजार, टोंक में द्वितीय केम्प आयोजित कर रहा हैं। सहायक निदेशक, राज्य बीमा एवं प्राव. निधि विभाग टोंक ने बताया है कि राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना में 40 वर्ष से 45 वर्ष के बीच की आयु में इस योजना में सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक अभिदाता 60 वर्ष की आयु के पश्चात सुनिश्चित मासिक पेंशन प्राप्त करेगा।

# कलेक्टर ने छात्राओं से गणित के सवाल जवाब किए

**निवाई।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने उपखंड क्षेत्र के दौरे को लेकर राजकीय विद्यालयों का औचक अवलोकन करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राजकीय विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों का अवलोकन करके छात्राओं से पूछताछ की। साथ ही इसके माध्यम से गणित विषय में छात्राओं को

- **कलेक्टर ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण**

मिल रही मदद के बारे में भी सवाल जवाब किए।

छात्राओं ने बताया कि गणित के माध्यम से उनकी गणित विषय के प्रति उनमें रुचि बढ़ी है और कॉन्सेप्ट भी क्लियर हुए हैं। जिला कलेक्टर अठावाल ने विद्यार्थियों को इसके बारे में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इसके बाद जिला कलेक्टर ने गांव पहाडी के बडी बरथल, मीणा ढाणी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भी बच्चों के शैक्षिणक स्तर को जांचा। उन्होंने बच्चों को खेल-खेल के साथ-साथ शिक्षा व सिखाने की गतिविधियों को सराहना की। इस दौरान उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करनानी व सीबीईओ मंजू मीणा सहित शिक्षा विभाग के कई कार्मिक मौजूद थे।



टोंक जिला कलेक्टर अग्रवाल ने निवाई के राजकीय विद्यालय में छात्राओं से चर्चा की।

### भगवान सुपार्श्वनाथ की रथ यात्रा निकाली

**निवाई।** श्री दिगंबर जैन तेरा पंथी मंदिरजी का वार्षिकोत्सव पर भगवान सुपार्श्वनाथ की रथ यात्रा हाथी के रथ पर गाजा बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पडा। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा, विमल जौंला व हितेश छाबड़ा ने बताया कि भगवान सुपार्श्वनाथ की रथ यात्रा का जुलूस बिचला जैन मंदिर से रवाना होते हुए पुराना पोस्ट ऑफिस, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, बिलाला मार्केट होता हुआ तेरा पंथी मंदिर पहुंचा। जहां भगवान सुपार्श्वनाथ की संगीतमय पूजा-अर्चना की गई जिसमें श्रद्धालु झूम उठे। सामूहिक पूजन के बाद भगवान सुपार्श्वनाथ का सामूहिक कलशाभिषेक किया गया। कलशाभिषेक के दौरान भगवान के जयकारों से आस-पास को वातावरण गूंजायमान हो उठा। इस अवसर पर हेमचंद संघी, सरावगी समाज के अध्यक्ष शिखरचंद काला, त्रिलोक सिरस, पारस सांवलिया, महावीर छाबडा, शंभु कठमाणा, अमित कटारिया, हेमंत चंवरिया, मुकेश संघी व दिनेश संघी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## सार-समाचार

### डोटासरा का निवाई में स्वागत

**निवाई ।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा का निवाई बायपास पर पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा के नेतृत्व में कांग्रेस शहर अध्यक्ष एडवोकेट सतीश शर्मा व ब्लॉक अध्यक्ष शंकर चौधरी सहित एनएसयूआई के सैकड़ों पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राजस्थानी परंपरानुसार माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि अतिवृष्टि को लेकर राजस्थान में किसानों की फसलों के खराबे के बावजूद भी सरकार नहीं जागी है। सिर्फ हेलीकॉप्टर में बैठकर ही किसानों के दुखों को दूर कर रही है। उन्होंने बताया कि उक्त मामले को लेकर कोटा शहर में कांग्रेस ने कोटा शहर में सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली का आयोजन किया है। डोटासरा के आगमन की सूचना मिलने पर कार्यकर्ता उनके स्वागत में उमड पडे। इस मौके पर डोटासरा ने कहा कि सरकार राजस्थान अतिवृष्टि को लेकर किसानों के नुकसान की भरपाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि कांठोस द्वारा किसानों को अतिवृष्टि में हुए नुकसान का पूरा मुआवजा दिलवाया जाएगा। पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि अतिवृष्टि से किसानों के हुए नुकसान को लेकर कार्यकर्ता गांवों-गांवों में किसानों से संपर्क कर रहे है। इस दौरान प्रदीप पारीक, कांग्रेस नेता राजेन्द्र चौधरी, सुरेन्द्र बेनीवाल, प्रियंका गांधी संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद परिडवाल, पूव पार्षद प्रवीण माणू, पुखराज गुर्जर, त्रिलोक तिवाडी, हंसराज गुर्जर, पप्पूलाल मीणा, जीवतराम यादव, मांगीलाल गुर्जर, सुदामा चौधरी, सरपंच मदनलाल मीणा, विनोद जयसवाल, आलोक मीणा, सीताराम कटारा व बाबूलाल मीणा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता ने प्रदेशाध्यक्ष डोटसरा व फतेहपुर विधायक हाकम अली का पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा के सानिध्य में स्वागत करके क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

### श्रीराम लीला का मंचन 18 से

**कोटपूतली ।** कस्बे के आजाद चौक उपखंड कार्यालय परिसर स्थित श्रीराम लीला मंच पर आगामी 18 सितम्बर से श्रीराम लीला का मंचन किया जायेगा। जिसको लेकर बुधवार को बली पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर पं. अनिल शर्मा ने मंत्रोच्चार के बीच भामाशाह भास्कर शर्मा से बली पूजन करवाया। उल्लेखनीय है कि कोटपूतली में श्रीराम लीला का आयोजन पिछले 100 वर्षों से लगातार किया जा रहा हैं। जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ बाहर से आये कलाकार भी विभिन्न प्रसंगों का मंचन करते हैं। रामलीला लगभग 20 दिनों तक चलेगी एवं विजयदशमी के दिन रावण दहन के साथ इसका समापन होगा। इस दौरान संरक्षक हजारी लाल राय, मोतीलाल स्वामी, प्रकाष भगतजी, अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष भूरेलाल गुर्जर, पप्पूराम पांचाल, कोषाध्यक्ष पवन कंसल, सचिव राजेश शर्मा, व्यवस्थापक रतनलाल राय, मुकलेष दीक्षित, लालाराम सैन, सुरजभान मीणा, जगदीश बसीठा, विजय शर्मा, केएम बंसल, महेष टेलर, गणेष पुजारी, पप्पु पुजारी, वरूण गुप्ता, हरचन्द, पी सी भाटिया, माडूराम आर्य सहित कार्यकारिणी सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### शिविर 12 सितंबर को

**कोटपूतली ।** श्रीयादे माटी कला बोर्ड राजस्थान द्वारा माटी कला से जुड़े जिले की विधानसभा क्षेत्र कोटपूतली, बहरोड, बानसूर व विराटनगर के दस्तकारों का एक दिवसीय जागरूकता एवं लॉटरी शिविर आगामी 12 सितंबर शुक्रवार को राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में आयोजित होगा। सभी सदस्य इस शिविर में भाग लेवे । सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति पूतली ने बताया की शिविर में श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री प्रहलाद राय टांक मुख्य अतिथि के रूप में षिरकत करेगें। जबकि विषिष्ठ अतिथियों में कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, बहरोड़ विधायक जसवंत सिंह यादव, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत होगें। वहीं अध्यक्षता सेवानिवृत्त एसडीएम बनवारी लाल बासनीवाल करेगें। षिविर में बोर्ड के सीईओ राहुल राज भी भाग लेगें।

### तैराकी प्रतियोगिता आयोजित

**टोंक ।** जिले के निवाई उपखण्ड में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जयकिशनपुरा में 69वीं जिला स्तरीय अंडर-14 तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान 50 मीटर फ्री स्टाइल में खणदेवत विद्यालय के दीपक नायक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही 50 मीटर बैक स्ट्रोक में राउमावि लोहरवाड़ा के अंकित सैनी विजयी रहे तथा 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में लोहरवाड़ा के ही विशाल खंगार ने बाजी मारी, 50 मीटर बटरफ्लाई में बनेडिया बुजुर्ग के भागचंद चौधरी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस मौके पर राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ पीपलू के अध्यक्ष लालचंद खटीक ने प्रतियोगिता का निरीक्षण किया तथा उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।

# सत्यापन के अभाव में पालनहार योजना से वंचित हो सकते हैं बच्चे

- **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग समय-समय पर कैम्प व वंचित बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर सत्यापन करवाने के लिए प्रेरित करते हैं। फिर भी कई बच्चे योजना का लाभ नहीं ले पाते। अभी भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू हो चुका है। सत्यापन के अभाव में बच्चे योजना की राशि से वंचित हो सकते हैं।**

**पावटा ।** निराश्रित एवं अनाथ बच्चों के पालन-पोषण एवं शिक्षा के लिए सरकार पालनहार योजना के तहत बच्चों को सहायता राशि देती है, लेकिन कई अभिभावकों की ओर से भौतिक सत्यापन नहीं करवाने से बहुत से बच्चे योजना से वंचित रह जाते हैं। हालांकि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग समय-समय पर कैम्प व वंचित बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर सत्यापन करवाने के लिए प्रेरित करते हैं। फिर भी कई बच्चे योजना का लाभ नहीं ले पाते। अभी भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू हो चुका है।

सत्यापन के अभाव में बच्चे योजना की राशि से वंचित हो सकते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पावटा के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गैंदालाल ने बताया की पावटा ब्लॉक में पालनहार योजना में 1500 बच्चे लाभांवित हो रहे है। इन सभी को साल में एक बार ई-मित्र पर जाकर भौतिक सत्यापन करवाना जरूरी होता है।

सत्यापन नहीं करवाने से पालनहार योजना के तहत मिलने वाली राशि अटक जाती है। स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होते ही जुलाई महीने से ही सत्यापन का कार्य शुरू हो जाता है। योजना के तहत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को 750 रुपए एवं 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों को 1500 रुपए प्रति माह राशि दी जाती है। वहीं अनाथ बच्चों को यह राशि 0 से 06 वर्ष तक के बच्चों को 1500 एवं 6 से 18 को 2500 रुपए नियमित रूप से स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को ही दी जाती है। पालनहार योजना के अन्तर्गत 10 श्रेणी निर्धारित की गई है। जिसमें अनाथ बालक-बालिका, निराश्रित विधवा-परित्यक्ता, नाता जाने वाली माता, तलाकशुदा, विशेष योग्यजन, सिलिकोसिस पीड़ित, कुष्ठ रोग से पीड़ित, एड्स पीड़ित, आजीवन कारावास की सजायाप्ता बंदी के 18 वर्ष की आयु तक के बालक-बालिकाओं के पालन पोषण व शिक्षा के लिए राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। पालनहार से लाभान्वित परिवारों को हर साल ई-मित्र पर जाकर भौतिक सत्यापन कराना जरूरी है।

सत्यापन नहीं कराने पर बच्चों को मिलने वाली राशि अटक जाती है। स्कूल शुरू होते ही जुलाई महीने में भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू हो जाता है। लाभार्थी ईमित्र पर जाकर इसका भौतिक सत्यापन करवा सकते हैं।

# भारतीय जीवन बीमा निगम निवाई के उत्कृष्ट अभिकर्ता सम्मानित



भारतीय जीवन बीमा निगम निवाई के उत्कृष्ट अभिकर्ता सम्मेलन देवधाम जोधपुरिया में विकास अधिकारी एसडी जांगिड की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

**निवाई ।** भारतीय जीवन बीमा निगम निवाई के उत्कृष्ट अभिकर्ता सम्मेलन देवधाम जोधपुरिया में विकास अधिकारी एसडी जांगिड की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। विकास अधिकारी जांगिड़ ने वित्तीय वर्ष में अभिकर्ताओं द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की और नवीन वित्तीय वर्ष के टारगेट निर्धारित किए। उन्होंने अभिकर्ताओं को भारतीय जीवन बीमा निगम में हो रहे परिवर्तनों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक रामचरण मीणा व सहायक शाखा प्रबंधक नागेश गुप्ता ने नई पॉलिसियों अमृत बाल, जीवन उमंग व जीवन उत्सव पर प्रकाश डाला। इस दौरान वित्तीय वर्ष में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए अभिकर्ता शकुंतला जैन, नवीनकुमार जैन, राजेंद्र माहुर, अजय चौधरी व रामरतन बैरवा सहित कई अभिकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### धर्मांतरण कराने वालों पर कसेगा शिकंजा

**अलवर।** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को धर्मांतरण प्रतिषेध विधेयक बहुमत से पारित हुआ है। भाजपा के वरिष्ठ नेता निर्मल सुरा ने धर्मान्तरण बिल पास होने पर खुशी जताई । उन्होंने कहा कि कि प्रदेश व देशभर में जबरन या प्रलोभन देकर धर्मांतरण करवाने की प्रक्रिया लंबे समय से चल रही हैं।

धर्मांतरण करवाने वाले लोग इस संबंध में मजबूत कानून के अभाव में कानून की गिरफ्त में नहीं आ पाते थे। अब कानून पारित हो से धर्मांतरण करवाने वाले व्यक्ति या संस्थाओं के खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी। ऐसे व्यक्ति व संस्थाओं के मकान या धर्मांतरण करवाने वाले भवन यदि अवैध भूमि पर बने पाए जाएंगे तो उन पर बुलडोजर चलाने की कार्यवाही भी की पाएगी। अलवर सहित अन्य जिलों में ऐसी गतिविधियां आए दिन होती रहती हैं। भोले भाले लोगों को प्रलोभन, शिक्षा व चिकित्सा के नाम पर धर्म परिवर्तन करवा दिया जाता है। यहां पर उल्लेखनीय है कि निर्मल सुरा ने धर्मान्तरण के विरुद्ध लगातार आवाज बुलंद की है और इसके खिलाफ सड़कों पर उतर का संघर्ष किया है।

# आम रास्ते पर गंदे पानी के जल भराव से ग्रामवासियों का जीवन दुभर

- **हर घर नल योजना के तहत पानी के कनेक्शन भी लगवाने की मांग**
- **विधायक हंसराज पटेल को सौंपा ज्ञापन**
- **बुचारा का यह टूटा हुआ रास्ता मीणा का बास को पावटा व कोटपूतली को जोड़ने वाला मार्ग है। ओवरलोडिंग वाहनों के चलते यहां सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं जिनमें पिछले कई वर्षों से गंदा पानी जमा रहता है और लोगों के लिए गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं**

**पावटा।** एक ओर जहां केंद्र सरकार समेत राज्य सरकार स्वच्छ भारत मिशन को लेकर गांवों व शहरों में प्रचार प्रसार कर करोड़ों रुपये का खर्च वहन कर रही है, वहीं ग्राम बुचारा के आम रास्तों की बदहाल स्थिति ऐसी है कि यहां नियमित भरे गंदे पानी के जल भराव से ग्रामवासियों का जीवन दुभर हो गया है और लोगों को रिश्ते नाते करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टोरड़ा सरपंच प्रेमनाथ महाराज व बुचारा सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल को ज्ञापन सौंपकर 27 किमी. एमडीआर सड़क निर्माण करवाने की मांग की है। महंत प्रेमनाथ महाराज ने बताया कि यह आमजन के लिए बना मुख्य रास्ता है, जो टसकौला सड़क मार्ग से ग्राम टोरड़ा, बुचारा, चांदोड़िया से होते हुए सीकर जिले की श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जुगलपुरा से कनेक्ट होता है। सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कुमार महरड़ा ने बताया कि बुचारा का यह टूटा हुआ रास्ता मीणा का बास को पावटा व कोटपूतली को जोड़ने वाला मार्ग है। ओवरलोडिंग वाहनों के चलते यहां सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं जिनमें पिछले कई वर्षों से गंदा पानी जमा रहता है और लोगों के लिए गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। भाजपा नेता प्रेमचंद बलाई, विनोद वर्मा का कहना है कि स्थानीय नागरिकों खास तौर पर महिलाओं, बुजुर्गों व स्कूली बच्चों को भारी समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं बुचारा सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुर्जर ने विधायक हंसराज पटेल को ज्ञापन देकर अवगत करवाया है कि ग्राम में अधिकांश आबादी अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों की है और यहां हर घर नल योजना के अंतर्गत गैर आबादी वाले कुछेक हिस्सों में अभी तक पानी के कनेक्शन तक भी नहीं लगे। ग्रामीणों ने विधायक हंसराज पटेल से जल्द से जल्द सड़क निर्माण करवाने की मांग की है ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो और रास्ता सुगम होने से उन्हें भी लाभ हो। इस दौरान वार्ड पंच श्रवण भगत, देवकरण महरड़ा, हरिसिंह तंवर, शीशराम अधाणा, संजीत वर्मा, रामस्वरूप मीणा, श्रवण भगत, दिपक शर्मा, विनोद वर्मा, सुभाष आधाणा, सुभाष मीणा, संतोष बाकोलिया, संजीत वर्मा, मूलचंद धोबी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# अनुदान के भुगतान की मांग

**शाहपुरा ।** प्रदेश के लाखों पशुपालकों की आर्थिक स्थिति डांवाडोल होती जा रही है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत मिलने वाला अनुदान पिछले 8 माह से बकाया चल रहा है। जिसको लेकर विधायक ने सदन में स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से माँग रखी है। साथ ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भी अवगत करवाया है। विधायक मनीष यादव ने कहा कि जनवरी 2025 से अगस्त 2025 तक लगभग 300 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। इस कारण प्रदेश के करीब 5 लाख पशुपालक परिवारों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। यह मामला में विधानसभा में भी कई बार उठ चुका हूँ। विधायक यादव का आरोप है कि सरकार हर बार दबाव के बाद कुछ किस्तें जारी करती है, लेकिन कुछ माह पश्चात फिर से भुगतान रोक दिया जाता है। मानसून सत्र में भी इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि और पशुपालन पर आधारित मानी जाती है। कृषि पूरी तरह मानसून पर निर्भर होने के कारण अकाल और अतिवृष्टि की मार से किसान-पशुपालक लगातार प्रभावित होते है। ऐसे में दूध पर मिलने वाला यह अनुदान पशुपालकों के लिए जीवनरेखा है। लेकिन बकाया भुगतान नहीं मिलने से न केवल बच्चों की पढ़ाई और परिवार का पालन-पोषण प्रभावित हो रहा है, बल्कि पशुपालन का संबल भी टूट रहा है। विधायक ने बताया कि इस योजना की शुरुआत वर्ष 2013-14 में तत्कालीन कांठोस सरकार ने की थी। उस समय दुग्ध सहकारी समितियों को दूध आपूर्ति पर 2 रुपये प्रति लीटर का अनुदान दिया जाता था। बाद में इसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया गया, लेकिन फरवरी 2019 में कांठोस सरकार ने इसे पुनः शुरू किया। वर्ष 2022-23 के बजट में इस अनुदान को बढ़ाकर 5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया। आज की स्थिति यह है कि प्रदेश में दूध उत्पादन का देश में लगभग 15 प्रतिशत योगदान है। इसके बावजूद प्रदेश के पशुपालक बकाया अनुदान के लिए दर-दर भटक रहे हैं। विधायक मनीष यादव ने सरकार से तुरंत बकाया भुगतान कराने और आगे नियमित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।

### टूटी सड़क की जांच की मांग की

**अलवर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने जिला कलेक्टर अलवर को एक पत्र लिखा है, जिसमें लगभग तीन माह पूर्व मोती डूंगरी अलवर पर द्वह्ल अलवर द्वारा बनाई गई सड़क के क्षितठास्त होने पर संबंधित कार्यकारी एजेंसी जिसने उस सड़क को बनाया है,उसके खिलाफ उचित दंडात्मक कार्यवाही करने तथा उस सड़क का पुनर्निर्माण करवाने का आठाह किया है।

साथ ही कलेक्टर को पत्र के माध्यम से निवेदन किया है कि नगर निगम अलवर से मोती डूंगरी पर नियमित सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू करवाई जावे ताकि मोती डूंगरी पर आने जाने वाले आम जन को राहत मिलसके। तथा प्रदेश में सफाई व्यवस्था में तीसरे नंबर पर आए अलवर शहर की सफाई व्यवस्था अलवर शहर के नागरिकों को दिख सके। उपरोक्त पत्र की कॉपी योगेश मिश्रा ने भंवर जितेन्द्र सिंह टीकाराम जूली . मुख्य मंत्री को मेल के माध्यम से भेजी है। जिला कलेक्टर से मांग की है की कार्य की जांच किसी सक्षम अधिकारी से करवा कर कार्यकारी एजेंसी खिलाफ उचित दंडात्मक कार्यवाही करवाने की मांग की गई है।

# गांव के विकास के लिए प्लान तैयार करें : सरोज बंसल

**टोंक ।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कर्मयोगी आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को जिला परिषद सभागार में

- **जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के विकास हेतु कार्यशाला आयोजित**

किया गया, जिसमें जिला प्रमुख सरोज बंसल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभांरभ किया। इस मौके पर जिला प्रमुख ने संबोधित करते हुए कहा कि धरती आबा में चयनित ग्रामों के सम्पूर्ण विकास हेतु संबंधित ग्राम में जाकर उनकी आवश्यकतानुसार प्लान तैयार करे, जिससे कि ग्राम का सम्पूर्ण विकास हो सके। सभी प्रतिभागी कार्यशाला में तीन दिवस तक उपस्थित रहकर अभियान अन्तर्गत बतायी जारही जानकारियों को ब्लॉक लेवल तथा ग्राम लेवल तक लेकर जावे जिससे कार्य योजना बनाने में आसानी हो।



कोटपूतली में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने अधिकारियों की बैठक ली।

इस दौरान परशुराम धानका मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद द्वारा बताया गया कि टोंक जिले में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 6 ब्लाकों में (टोंक-8, टोडारायसिंह-3,पीपलू-46, देवली-22, उनियारा-23,निवाई-21) इस प्रकार कुल 135 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का चयन किया गया है। अभियान के तहत इन ग्रामों में सभी विभागों से संबंधित सम्पूर्ण विकास कार्य करवाये जावेंगे, अभियान के तहत जिला स्तर पर पांच आदि कर्मयोगी एवं ब्लॉक स्तर पर 5-5 आदि कर्मयोगी का चयन किया गया है एवं ग्राम स्तर पर आदि साथी एवं आदि सहयोगी का चयन किया गया। जिसमें जिला स्तरीय आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण प्राप्त कर ब्लॉक स्तर के आदि कर्मयोगियों को तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित करेंगें। प्रशिक्षण उपरान्त प्रशिक्षित ब्लॉक स्तरीय आदि कर्मयोगी अपने-अपने ब्लॉक के चयनित ग्रामों में जाकर आदि साथी एवं आदि सहयोगियों को प्रशिक्षित करेंगें। जिससे ग्राम विकास योजना तैयार करेंगें।

### दो आरोपियों को 10-10 साल की कैद

**कोटपूतली ।** निकटवर्ती ठाम मंढा में 10 वर्ष पूर्व हुये जानलेवा हमले के मामले में सुनवाई करते हुये न्यायालय ने दो आरोपियों को 10-10 साल की कैद की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी शीशराम व रामेष्वर को दोषी करार देते हुये 10-10 साल के कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे क्रम 04 डॉ. सुरेश कुमार ने इस गंभीर अपराध को देखते हुये यह फैसला सुनाया है। अदालत ने सजा के साथ-साथ दोनों आरोपियों पर अर्थ दंड भी लगाया है। यह घटना 13 नवंबर 2015 की है, जब पीड़ित मिठूराम ने अपने भतीजे शीशराम को अपने खेत में ट्रैक्टर से डोला काटने से मना किया। इसी बीच शीशराम का भाई रामेष्वर भी वहां आ गया और दोनों ने मिलकर मिठूराम को गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। आरोप है कि इसी दौरान रामेष्वर ने ट्रैक्टर चलाकर अपने चाचा मिठूराम को जान से मारने की कोशिश की। अपने आप को बचाने के प्रयास में भी मिठूराम ट्रैक्टर की चपेट में आ गया एवं ट्रैक्टर का अगला पहिया पैर व हाथ पर चढ़ गया। जब मिठूराम के बेटे जयराम ने अपने पिता को बचाने की कोशिश की तो रामेश्वर व शीशराम ने लोहे के सरिये वार किया।




वो मेरे लिए बहुत बड़ा दिन था। मैं 5 गेंदों प 5 छक्के लगा चुका था और लोग मुझे जानने लगे थे इसलिए मुझे लग रहा था कि शायद चीजें आसान हो जाएं। उस समय प्रिया के पिता को नहीं पता था कि रिंकू सिंह कौन है? और उन्हें क्रिकेट में कोई दिलचस्पी नहीं थी। - रिंकू सिंह

भारतीय खिलाड़ी, अपनी निजी जिन्दगी के बारे में बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी** — **जोफ्रा आर्चर**



इंग्लैंड के स्टार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हारी हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा अपडेट के अनुसार आर्चर ने दूसरे और तीसरे मैच में लगातार 62 रन देकर चार और 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिसकी बदौलत उन्हें 16 पायदान का उछाल मिला। तीसरे मैच में इंग्लैंड ने साउथम्प्टन में रिकॉर्ड 342 रनों से जीत दर्ज करके ऐतिहासिक जीत हासिल की थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय टीम ने रिकॉर्ड आठ बार एशिया कप का खिताब जीता है। तीन कप्तानों ने दो-दो बार एशिया कप खिताब जीतने में सफलता हासिल की। इसमें एमएस धोनी रोहित शर्मा और मो. अजहरुद्दीन का नाम शामिल है।

# भारत ने यूएई को नौ विकेट से हराया, कुलदीप यादव का कहर

दुबई, 10 सितंबर। कुलदीप यादव सात रन देकर (चार विकेट) और शिवम दुबे चार रन देकर (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद अभिषेक शर्मा (30) और शुभमन गिल (नाबाद 20) के दम पर भारत ने बुधवार को एशिया कप के दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 93 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। 58 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। चौथे ओवर में जुनैद सिद्दीकी ने अभिषेक शर्मा को आउटकर यूएई को पहली सफलता दिलाई।

अभिषेक शर्मा ने 16 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए 30 रनों की पारी खेली। शुभमन गिल ने नौ गेंदों दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 20) रन बनाये। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दो गेंदों में एक छक्का लगाते हुए (नाबाद सात) रन बनाये। भारत ने 4.3 ओवर में एक विकेट पर 60 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया।भारत ने न केवल बड़े अंतर से मैच जीता है बल्कि अपने इरादे भी स्पष्ट कर दिए हैं कि वह इस टूर्नामेंट में किस तरह का क्रिकेट खेलने जा रहा है। 93 गेंद रहते हुए भारत ने यह मैच अपने नाम कर लिया।



पहले गेंदबाजी करते हुए महज 57 रनों पर यूएई को रोका और फिर अभिषेक ने आते ही हल्ला बोल दिया। गिल ने भी पूरी तरह से साथ दिया और भारत को जीत हासिल करने के लिए मात्र 27 गेंदों का सामना किया। यूएई के लिए एकमात्र विकेट जुनैदी सिद्दीकी ने लिया। इससे पहले आज यहां भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई के लिए आलीशान शराफ़ु और कप्तान मुहम्मद वसीम ने पहले विकेट के लिए 26 रन जोड़े। चौथे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने आलीशान शराफू 17 गेंदों में 22 रन को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने मोहम्मद जोहैब (दो) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे यूएई का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। यूएई के नौ बल्लेबाज दहाई आंकडे तक भी नहीं पहुंच सके। राहुल चोपड़ा (तीन), हर्षित कौशिक (दो), हैदर अली (एक) और मोहम्मद वसीम (19) को कुलदीप यादव ने आउट किया। आसिफ़ ख़ान (दो), ध्रुव पराशर (एक) और जुनैद सिद्दीकी (शून्य) को शिवम दुबे ने अपना शिकार बनाया। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे यूएई की पूरी टीम 13.1 ओवर में 57 रन सिमट गई। भारत के लिए कुलदीप यादव ने 2.1 ओवर में सात रन देकर चार विकेट झटके। शिवम दुबे ने दो ओवर में चार रन देकर तीन विकेट लिये। जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## 4-2 से जीत के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम ने कोरिया पर सुपर-3 की शुरुआत की

हांगझाऊ, 10 सितंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने महिला एशिया कप 2025 में अपने सुपर4 अभियान की शुरुआत कोरिया पर 4-2 की शानदार जीत के साथ की, जिसमें उन्होंने आक्रामक और अनुशासित रक्षापंक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। यह जीत वैष्णवी विट्ठल फाल्के, संगीता कुमारी, लालरेमसियामी और रुतुजा दादासो पिसल के गोलों की बदौलत मिली, जबकि युजिन किम के दो गोलों ने कोरिया को मुकाबले में बनाए रखा। भारत ने शानदार शुरुआत की और पहले दो मिनट में ही एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। सेट-पीस से, उदिता के शुरुआती शॉट को रोकने के बाद, इंजेक्टर वैष्णवी ने रिबाउंड पर गेंद को गोल में डालकर भारत को शुरुआती बढ़त दिला दी।

इस त्वरित सफलता के बाद, भारत ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और व्यवस्थित हमले किए, जिससे कोरिया रक्षात्मक स्थिति में रहा। पहले क्वार्टर में और मौके बनाने और अतिरिक्त पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के बावजूद, भारत पहले हाफ में 1-0 की मामूली बढ़त के साथ गया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपना दबदबा जारी रखा, ज़ोरदार दबाव बनाया और तेज, उद्देश्यपूर्ण पासिंग से कोरिया के सर्कल को भेदा। कोरियाई डिफेंस और गोलकीपर सियोयोन ली क्वार्टर के अंत तक भारत की बढ़त को रोकने में कामयाब रहे, जब कोरिया को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला। भारतीय गोलकीपर बिचु देवी खारिबाम ने एक महत्वपूर्ण बचाव करते हुए हाफटाइम तक अपनी टीम की बढ़त बरकरार रखी।

तीसरे क्वार्टर में और भी ज़्यादा सक्रियता देखी गई क्योंकि कोरिया ने शुरुआत में ही अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की, लेकिन भारत के पलटवार का फायदा मिला। रुतुजा ने कुशलता से तीन डिफेंडरों को छकाते हुए संगीता को गेंद सौंपी, जिन्होंने नजदीक से गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। कोरिया ने तुरंत जवाब दिया और युजिन किम ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। हालांकि, भारत ने संयमित और लगातार आक्रमण जारी रखा और 40वें मिनट में लालरेम्सियामी के शानदार गोल ने दो गोल की बढ़त दिला दी, जिससे भारत अंतिम क्वार्टर में 3-1 की बढ़त के साथ मजबूती से आगे बढ़ गया। चौथे क्वार्टर में कोरिया ने लंबी हवाई गेंदों से वापसी की कोशिश की।

## आर.आर. क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 10 सितम्बर। अंडर-13 पिंकसिटी कप में आर आर क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38 ओवर में 175 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं! गर्वित चौधरी ने सर्वाधिक 57 रनों का योगदान दिया। केबी रॉयल्सक्रिकेट अकादमी की ओर से मयंक और मनीष ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केबी रॉयल्स क्रिकेट अकादमी 33 ओवर में 128 रन पर ऑल आउट हो गई! अर्णव कौशिक ने सर्वाधिक 27 रनों का योगदान दिया। आर आर क्रिकेट अकादमी की ओर से दिव्यदर्शन ने 4 और कर्मवीर चाहर ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच दिव्यदर्शन को चुना गया।

**अरावली क्रिकेट अकादमी जीती**

अंडर-13 पिंकसिटी कप में अरावली क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 140 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाएं। कुणाल ने 62 और प्रखर गुप्ता ने 34 रनों का योगदान दिया। जानकी नंदन क्रिकेट अकादमी की ओर से प्रद्युमन शर्मा और याया खान ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जानकी नंदन क्रिकेट अकादमी 34 ओवर में 96 रन पर ऑल आउट हो गई। यश कुमार सैनी ने 26 और दिलशान खान ने 22 रनों का योगदान दिया। अरावली क्रिकेट अकादमी की ओर से हर्षित ने चार और रामनिवास ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच हर्षित को चुना गया।



## सितंबर पोलो सीजन 2025 जयपुर जूनियर अंडर-21 (आउट ऑफ हैट) जयगढ़ ने नाहरगढ़ को हराया

जयपुर, 10 सितम्बर। रामबाग पोलो ग्राउंड पर आज से शुरू हुए सितम्बर पोलो सीजन 2025, जयपुर जूनियर अंडर 21 ( आउट ऑफ हट) के पहले मैच में जयगढ़ ने नाहरगढ़ को 4.5 के मुकाबले 5 गोल से हराया। जयगढ़ टीम की ओर से कुलवर्धन सिंह ने 1, और दिव्यमान सिंह दूजोड ने अपनी टीम के लिए 4 गोल कर जीत पक्की की। वहीं आधे गोल का हैंडीकैप लेकर खेल रही नाहरगढ़ टीम की ओर से विवान मेहता और संजुला मान ने 2-2 गोल किये।

## जयवर्द्धन का शतक व हेमेंद्र सिंह, चिराग सुखवाल, शुभम, दिव्यांश, भव्य कारा, नावेद की शानदार गेंदबाजी

जयपुर, 10 सितम्बर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की अंडर 19 प्रतियोगिता में में भाग लेने वाली राजस्थान टीमों के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 19 प्रतियोगिता के आज जयपुर में खेल गए मैचों का परिणाम व स्कोर :-

**नारायणा ग्राउंड चूरू -बीकानेर ( बीकानेर 9 विकेट से जीती )**

चूरू पारी 111 आल आउट, टीम के लिए सचिन 29 रन, बीकानेर की गेंदबाज रोहित 14 /3 , गुरमन , सचिन प्रत्येक 2 -2 विकेट। बीकानेर पारी 112/1, टीम के लिए सचिन लखेसर 84 व सक्षम 19 रन

**के एल सैनी स्टेडियम** जयपुर - भरतपुर (जयपुर 111 रन से जीती), जयपुर पारी 213 आल आउट, टीम के लिए शिफॉन कहाँ 62, अभय शर्मा 40, मनय 23 व पर्व 20 रन। भरतपुर के गेंदबाज जगदम्बिका पाल 32/3, कुश, अनुज प्रत्येक 2 -2 विकेट। भरतपुर पारी 102 आल आउट। टीम के लिए अभय राज 30 रन। जयपुर के गेंदबाज प्रखर शर्मा 16 /3 व कार्तिक 23 /3 विकेट।

**सोनी ग्राउंड** नागौर - झुंझनू (नागौर 35 रन से जीती) नागौर पारी 205 आल आउट, टीम के लिए साहिल 44 व धर्मेंद्र 40 रन। झुंझनू के गेंदबाज मयंक 30 /3 विकेट, झुंझनू पारी 170 आल आउट। टीम के लिए गोविन्द 36 रन। नागौर के गेंदबाज रचित 23/3 व राघव 31/3।

**पी एस ग्राउंड** श्रीगंगानगर - बूंदी (श्रीगंगागनगर 166 रन से जीती), श्रीगंगानगर पारी 286 आल आउट। टीम के लिए मनन सिंह 83 व ओसनिक ग्रोवर 80



रन, बूंदी के गेंदबाज भव्य कारा 57 /4 विकेट। बूंदी पारी 120 आल आउट। टीम के लिए निशांत 39 रन, श्रीगंगानगर के गेंदबाज हर्षित शर्मा 41/5 व शिवम् 14/4 विकेट।

**सवाई मान सिंह स्टेडियम** कोटा - सीकर (सीकर 4 विकेट से जीती), कोटा पारी 226 आल आउट। टीम के लिए अभिनन्दन 53 , भूपेंद्र 50 , ऋतिक 42 व कुंदन 29 रन। सीकर के गेंदबाज अभिषेक सूद 37/4 , भव्य राज 47/3 व देवेंद्र 40/2 विकेट। सीकर पारी 229 /6, टीम के लिए अनितराज मंडिया 96, देवांश स्वामी 44, सुनिल 9 व भव्य राज नाबाद 18 रन। कोटा के गेंदबाज दिनेश भट , आशीष व अमन प्रत्येक 2 -2 विकेट।

**जी आर ग्राउंड** जालोर - धौलपुर (जालोर 40 रन से जीती), जालोर पारी 208 आल आउट, टीम के लिए मनीष कुमार 54 रन। धौलपुर के गेंदबाज हर्ष 17 /3 व युवराज 35 /3 विकेट। धौलपुर पारी 168 आल आउट, टीम के लिए तरुण 51 व रजत 46 रन, जालोर के गेंदबाज यशोवर्धन, मनीष, कुर्बान, जय वैष्णव प्रत्येक 2 -2 विकेट।

**अनन्तम ग्राउंड** अजमेर -प्रतापगढ़ (अजमेर 163 रन से जीती), अजमेर पारी 292/7, टीम के लिए समीर 86 , वीरेंदर 78 व कृष्णेन्द्र 40 रन, प्रतापगढ़ के गेंदबाज जीतेन्द्र 43/2 व फरहान 68/2 विकेट। प्रतापगढ़ पारी 129 आल आउट। टीम के लिए सतवीर 33 , कीर्तन 29 व नविन शर्मा नाबाद 26 रन। अजमेर के गेंदबाज शुभम 8/4, राजवर्धन, पलांश चतुर्वेदी प्रत्येक 2 -2 विकेट।

**सोलफील ग्राउंड** राजसमंद - चित्तोड़ (राजसमंद 14 रन से जीती), राजसमंद पारी 117 आल आउट। टीम के लिए जीतेन्द्र 53 व वंश 21 रन, चित्तोड़ के गेंदबाज वंश घरवारी 0/2 विकेट। चितोड़ पारी 103 आल आउट टीम के लिए वंश 29 रन। राजसमंद के गेंदबाज आरव 8/3 व अरविन्द 14/3 विकेट।

ए आर ग्राउंड हनुमानगढ़ - बांसवाड़ा (हनुमानगढ़ 159 रन से जीती), हनुमानगढ़ पारी 326 आल आउट। टीम के लिए गगनदीप 83 , नमन 46 व हिमांशु 39 रन

बांसवाड़ा के गेंदबाज नयन 49/4 , क्रुणाल 50/3 बांसवाड़ा पारी 167/8, टीम के लिए पुखराज 33 , क्रुणाल 31 रन। हनुमानगढ़ के गेंदबाज विश्वास 19/3 विकेट।

**लक्ष्य ग्राउंड** सिरोही - अलवर (अलवर 7 विकेट से जीती), सिरोही पारी 175 आल आउट। टीम के लिए कीर्तन सिंह 50 रन। अलवर के गेंदबाज पियूष 18/3 , जगृत 32/2 व हैप्पी 26/2 विकेट। अलवर पारी 179 /3, टीम के लिए दीपेश 86 व मानव 53 रन।

**पी एस ग्राउंड** 2 बाड़मेर - झालावाड़ (बाड़मेर 107 रन से जीती), बाड़मेर पारी 238/8, टीम के लिए प्रयास पूनिया 77, कृष्णा कुमार गुप्ता 46 व दिनेश 30 रन। झालावाड़ के गेंदबाज नावेद 61/4, झालावाड़ पारी 131 आल आउट। बाड़मेर के गेंदबाज जगदीश 15/3 , प्रयास व मदन प्रत्येक 2 -2 विकेट।

**संस्कार ग्राउंड** सवाई माधोपुर - डूंगरपुर (सवाईमाधोपुर 88 रन से जीती), सवाईमाधोपुर पारी 224 आल आउट। टीम के लिए साहिब अभिचंदानी 78 , मयंक 58 व कृष्णा कुमार 29 रन। डूंगरपुर के गेंदबाज हेमेंद्र सिंह 38 /5 व दक्ष जैन 14 /3 विकेट। डुंगरपुर पारी 136 आल आउट। टीम के लिए दक्ष परशुराम भावसार 37, लोकेश शर्मा 19 व दक्ष जैन 16 रन। सवाईमाधोपुर के गेंदबाज कृष्ण कुमार 24/3 व साहिब 22/3 विकेट।

**बरवाल ग्राउंड** उदयपुर - दौसा (उदयपुर 26 रन से जीती), उदयपुर पारी 143 आल आउट। टीम के लिए कोहान कोठारी 42, राज कोठारी 37 व कुणाल मेनारिया 16 रन। दौसा के गेंदबाज शानू अवस्थी 17 /3 व सौरव 20/3 विकेट। दौसा पारी 117 आल आउट टीम के लिए लीलाधर 53 रन। उदयपुर के गेंदबाज रोहन मेनारिया 13/3 , गर्वित 25/3 , रेहान 19/2 विकेट।

**एस आर ग्राउंड** भीलवाड़ा - करौली (भीलवाड़ा 262 रन से जीती), भीलवाड़ा पारी 352/6, टीम के लिए जयवर्धन सिंह गहलोत 114, कुशाग्र ओझा 88 व सुर्यवर्द्धन 85 रन। करौली के गेंदबाज विकास 90/3 करौली पारी 90 आल आउट, टीम के लिए अमित भरद्वाज 26 रन। भीलवाड़ा के गेंदबाज चिराग सुखवाल 14/5 ,दिव्यांश 44/4 विकेट।

## लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज दूसरे दौर में पी.वी. सिंधु शुरुआती दौर में हारकर बाहर

हांगकांग, 10 सितंबर। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज ने पुरुष एकल वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर हांगकांग ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु महिला एकल वर्ग के शुरुआती दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। लक्ष्य सेन ने एक घंटा 13 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ओलंपियन वांग त्जु-वेई पर 22-20, 16-21, 21-15 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज भी सीधे गेम में जीत के बाद दूसरे दौर में पहुंच गए।

महिला एकल बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर रहीं सिंधु ने पहला गेम जीता, लेकिन डेनमार्क की विश्व की 27वें नंबर की खिलाड़ी लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 15-21, 21-16, 21-19 से हार गई।

## अंडर-16 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयन ट्रायल 13 सितंबर को

जयपुर, 10 सितंबर। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर की अंडर -16 चैलेंजर ट्रॉफी आयोजित करने के लिए चयन ट्रायल 13 सितंबर को प्रात: 9 बजे के एल सैनी स्टेडियम पर आयोजित की जाएगी। चयन ट्रायल में केवल जयपुर के ही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 सितंबर 2009 व 31 अगस्त 2011 के मध्य हुआ है । जो खिलाड़ी ट्रायल देना चाहते है उनको अपना रजिस्ट्रेशन के एल सैनी स्टेडियम पर दिनांक 11 व 12 सितंबर को प्रात: 9 बजे से 5 बजे तक कराना होगा। खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन के लिया निम्नलिखित दस्तावेज लाने होंगे। कंप्यूटर से बना हुआ जन्म प्रमाण पत्र, स्वयं का व माता-पिता का आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, पिछले 3 वर्ष की मार्कशीट।

### जयपुर पिंक पैंथर्स के नितिन कुमार का गोल्डन रेड जीत के बाद बयान

## दबाव की स्थिति में संयम और अपनी तैयारी पर भरोसा



जयपुर, 10 सितंबर। जयपुर पिंक पैंथर्स मंगलवार को विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब में गुजरात जायंट्स को रोमांचक टाई-ब्रेकर गोल्डन रेड में हराने के बाद अब जयपुर में अपने होम लेग में जीत की लय के साथ उतरेंगे। दो बार की चैम्पियन टीम ने यह अहम जीत दर्ज की, जिसमें स्टार रेडर नितिन कुमार ने 15 अंक जुटाए और आखिरी गोल्डन रेड में जीत पक्की की। नितिन कुमारने कहा कि यह जीत दबाव की स्थिति में संयम और अपनी तैयारी पर भरोसा रखने का नतीजा है। उन्होंने कहा, कोच ने मुझे खुलकर खेलने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने को कहा था। मैंने बस उसी पर ध्यान दिया और वही हमारे लिए निर्णायक साबित हुआ। हेड कोच नरेंद्र रेड्डू ने टीम के अनुशासन की तारीफ की, खासकर विरोधी कप्तान मोहम्मदरेज़ा शाडलुई को रोकने में। उन्होंने कहा, हमारी रणनीति साफ थी और लड़कों ने उस पर अमल किया। नितिन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और यही हमें इस कड़े मुकाबले में बढ़त दिला गया। रेड्डू ने टीम के युवा खिलाड़ियों को मौके देने की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, कई खिलाड़ी अभी भी लीग की रफ्तार के साथ तालमेल बैठा रहे हैं, लेकिन उनका प्रयास और समर्पण शानदार रहा है। हर मैच में उन्होंने लड़ाई दिखाई है और यह आगे के लिए उत्साहजनक है।

आगामी होम लेग को लेकर नितिन ने कहा कि पिंक पैंथर्स इस लय को आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ऐसे करीबी मैच में जीत हमें आत्मविश्वास देती है। अब हम जयपुर लौट रहे हैं और अपने फैन्स के सामने खेलना हमें और ज्यादा जोश देगा। रेड्डू ने भी फैन्स के समर्थन को अहम करार दिया। उन्होंने कहा, यह जीत हमें जयपुर लेग के लिए सही स्थिति में लेकर जाती है। हमारे समर्थकों की ऊर्जा बेहद महत्वपूर्ण होगी और हम उन्हें गर्व महसूस कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दो जीत और दो हार के साथ, पिंक पैंथर्स अब अपने घरेलू मैदान के फायदे को सीजन के बाकी हिस्से के लिए एक मजबूत शुरुआत में बदलने की कोशिश करेंगे।

## खेल परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह ने जीटीसीसी टीम को दी जानकारी

जयपुर, 10 सितम्बर। नवम्बर माह में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम सहित राजस्थान में संभाग स्तर पर आयोजित होने वाले खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2025 के आयोजन के लिए उपलब्ध खेल मैदानों का बुधवार को जीटीसीसी व भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की टीम ने जायजा लिया। इसके बाद अब साई के पदाधिकारी सभी संभागो में खेल मैदानो का जायजा लेगें।

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2025 के आयोजन की गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी (जीटीसीसी) की चैयरपर्सन सुश्री ममता ओझा के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल ने बैडमिंटन, बास्केटबाल, वॉलीबाल और एथलेटिक्स टेक सहित कई मैदानों को देखा और अपनी संतुष्टी जताई। इस अवसर पर इनके साथ खेल प्रबन्धक रणविजय सिंह चाम्पावत भी साथ में थे। इस दल में सुश्री ममता ओझा के अलावा निवास मालेकर, गोपाल कंडपाल और सुबोध ज्योती कर्माकर शामिल थें। गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी ने सवाई मानसिंह स्टेडियम के अलावा पूर्णिमा कॉलेज और राजस्थान यूनिवर्सिटी के मैदानों की प्रारम्भिक तैयारियों को देखा।



उन्होने बताया कि 10 सदस्यीय कमेटी के दो सदस्य भानु प्रताप सिंह राठौड और मोहित वासवानी उदयपुर व अजमेर, रेवती रमन दुबे व वैभव शर्मा बीकानेर व जोधपुर और आदित्य ब्राहमी और हर्षा बुधवार को ही कोटा व भरतपुर संभागों में खेल मैदानों का जायजा लेने गए। उन्होने बताया कि जयपुर में दस खेलों में खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स आयोजित किये जायेगें। जयपुर के अलावा इन खेलों का आयोजन प्रदेश के सभी संभागों में होगा।


**MUNICIPAL COUNCIL, NIMBAHERA DIST.- CHITTAURGARH**

S. No. :- MCN/25-26/3663 Date :- 04/09/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for different works Nit No. 16 /2025-26 of Municipal Council Nimbahera are invited from interested bidders up to date 17-09-2025 on 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt. UBN No.- DLB2526WSOB16765

Commissioner, Municipal Council Nimbahera

Raj.Samwad/C/25/9599

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

अविप्रा

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/राजकाज 17574619 दिनांक :- 08/09/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 30/2025-26**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से कार्य कन्सलटेन्सी अनुमानित लागत राशि 640.91 लाख की ई-निविदा दिनांक 18.09.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2526SLOB00130, AJD2526WSOB00126-129, 131, 132

राज.संवाद/सी/25/9567 अधिशाषी अभियन्ता

**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

प्रभास्मि शशि सूर्ययोः

कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग) पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर टेलीफैक्स : 0141 - 2201489, ई-मेलः zcejz@jvvnl.org

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा दो भागों में (तकनीकी-वाणिज्यिक), जयपुर डिस्कॉम के दक्षिण जयपुर शहर वृत्त के अधिकार क्षेत्र में एईएन (एचटीएम-VI), के अंतर्गत जयपुर में 220 केवी वाटिका जी.एस.एस से नया प्रस्तावित 33 केवी फीडर षिकारपुरा खींचने का कार्य टीएन-145 के तहत एआरसी रेट 2025 पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा संबंधित दस्तावेज ई - प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 12.09.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदायें ऑनलाईन ई- पोर्टल पर दिनांक 23.09.2025 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा संबंधी जानकारी कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। UBN : VVN2526WSOB00172

राज.संवाद/सी/25/9614 जेपीआर - 3055 (2025) संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः-न.पा.नि. / निर्माण / 2025-26 / 7325 दिनांकः- 04.09.2025

**ई-बोली सूचना संख्या :- 27/2025-2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| | |
|---|---|
| बोली का कार्य | : NIB Code:- DLB2526A5470 (कुल 2 कार्य) |
| Unique Bid Number | : DLB2526WLOB16693 DLB2526WSOB16695 |
| बोली की कुल लागत | : Rs 736.20 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | : दिनांक 05.09.2025 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : दिनांक 05.09.2025 को 13:00 बजे से |
| प्री बिड मिटिंग | : दिनांक 11.09.2025 को अपराह 01:00 बजे नगर पालिका निवाई कार्यालय में |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : दिनांक 24.09.2025 सायं 18.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : दिनांक 25.09.2025 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | : 120 Day |

अध्यक्ष नगर पालिका निवाई — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई

राज.संवाद / सी / 25 / 9488

**कार्यालय नगरपालिका आकोला जिला चित्तौड़गढ (राजस्थान)**

क्रमांक / न.पा.आ. / दशहरा मेला / 2025-26 / 1432-1434 दिनांक :- 08.09.2025

**प्रस्ताव आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका आकोला द्वारा दशहरा मेला-2025 दिनांक 29.09.2025 से 02.10.2025 तक आयोजित किया जा रहा है। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम को आकर्षक बनाने हेतु दशहरा मेला 2025 में आयोजित किये जाने वाले निम्न कार्यक्रम हेतु सुयोग्य फर्मो / इवेन्ट कम्पनी / लोक कला मण्ड़लों इत्यादि से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। उक्त विज्ञप्ति एवं शर्ते पोर्टल / वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in के NIB CODE: DLB2526A5541 पर देखी जा सकती हैं।

**आरकेस्ट्रा कार्यक्रम**

उक्तानुसार प्रस्ताव नगरपालिका आकोला जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से दिनांक 12.09.2025 से दिनांक 15.09.2025 तक प्राप्त किये जायेगें। उक्त अवधि पश्चात् प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नही किया जायेगा।

अतः प्रस्तावक अपने प्रस्तावों के साथ अनुभव प्रमाण पत्र एवं पुर्व में धार्मिक स्थलों / मेला / उत्सव इत्यादि में प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विडियों / डीवीडी / फोटो एल्बम / प्रमाण पत्र आदि सहित निर्धारित स्थल एवं समय पर व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होवें।

शर्ते :-

1 इवेन्ट कम्पनी / कलाकार / फर्म आदि जिस नाम से प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी उसी नाम से भुगतान आर.टी.जी.एस. / नेफ्ट / ऑनलाईन द्वारा कार्यक्रम समापन उपरान्त सीधे बैंक खाते में किया जायेगा। अतः तद्नानुसार प्रस्ताव बैंक खाता, आई.एफ.एस.सी. कोड़ विवरण प्रस्तुत करें।

2 इवेन्ट कम्पनी / कलाकार / फर्म द्वारा प्रस्तुत दर / राशि में सभी प्रकार के चार्जेज व कर सम्मिलित करने होगें। नगरपालिका आकोला द्वारा किसी प्रकार के अतिरिक्त कर / शुल्क / परिवहन शुल्क, ठहरने का शुल्क / भोजन चाय नाश्ता आदि का भुगतान नही किया जायेगा। अतः समस्त व्यय / करों को जोड़कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

3 स्वीकृत दर / राशि में से नगरपालिका आकोला द्वारा नियमानुसार आयकर तथा अन्य कर काटकर जमा करवाया जायेगा तथा अन्य सभी करों की जिम्मेदारी स्वयं इवेन्ट कम्पनी / कलाकार / फर्म की होगी।

4 प्रस्ताव को स्वीकर / अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगा।

5 किसी प्रकार का विवाद होने पर न्यायिक क्षेत्र कपासन होगा।

6. डाक अथवा सशर्ते प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार्य नही होगें।

राज.संवाद / सी / 25 / 9635 अधिशाषी अधिकारी

# कांग्रेस सस्ती लोकप्रियता के लिए सदन का समय बर्बाद कर रही है - भजन लाल

## मुख्यमंत्री ने कहा, जब प्रदेश आपदा से जूझ रहा था तब कांग्रेस विधायक कहाँ थे

जयपुर, 10 सितंबर। राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र में सोमवार को उस वक्त भारी हंगामा हुआ, जब सदन में लगे अतिरिक्त कैमरों को लेकर विपक्ष ने सरकार पर जासूसी के आरोप ल गाए। कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कैमरों को जासूसी उपकरण बताया और कहा कि यह विपक्ष की निजता में दखल और लोकतंत्र का उल्लंघन है।

कैमरा विवाद पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विपक्ष पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस को प्रदेश की 8 करोड़ जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं, वह सिर्फ सस्ती लोकप्रियता के लिए सदन का समय बर्बाद कर रही है।


*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा*

■ **कांग्रेस विधायकों ने कैमरों को ''निगरानी टूल'' बताया और आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष इससे विपक्ष की गतिविधियों पर नज़र रखना चाहता है।**

मुख्यमंत्री ने कहा, कि विपक्ष का यह व्यवहार न केवल सदन की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि जनता के साथ विश्वासघात भी है। जब प्रदेश आपदा से जूझ रहा था, तब कांग्रेस के विधायक कहां थे? न राहत कार्यों में सहयोग दिया, न पीड़ितों के पास गए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जब सदन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए चल रहा है, तब विपक्ष कैमरों की संख्या गिनने में व्यस्त है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सदन में लगे कैमरे सिर्फ वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए हैं, उनमें ऑडियो रिकॉर्डिंग की कोई सुविधा नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब कैमरे अपग्रेड किए गए, तब उसकी जानकारी विपक्ष को क्यों नहीं दी गई? उन्होंने पूछा कि जब सदन स्थगित होता है, तब भी कैमरे क्यों चालू रहते हैं? क्या इनसे यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम होता है और यह किसके आदेश पर हो रहा है?

कांग्रेस विधायकों ने कैमरों को ''निगरानी टूल'' बताते हुए आरोप लगाया कि इससे सत्ता पक्ष, विपक्ष की गतिविधियों पर नजर रखना चाहता है, जो कि लोकतांत्रिक प्रणाली में अस्वीकार्य है।

## मॉरीशस के प्र.मंत्री का वाराणसी में भव्य स्वागत

वाराणसी, 10 सितंबर। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम बुधवार शाम तीन दिवसीय यात्रा पर काशी पहुंचे। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सड़क मार्ग द्वारा वे होटल ताज पहुंचे। रास्ते में छह स्थानों पर स्वागत प्वाइंट बनाए गए थे, जहां काशीवासियों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना ने उनका स्वागत किया। गिलट बाजार में मॉरीशस के प्रधानमंत्री के स्वागत में आजमगढ़ के कलाकारों लिल्ली घोड़ी धोबिया नृत्य पेश किए तो स्कूली बच्चों ने विभिन्न रूपों में दोनों देशों के फ्लैग के साथ खड़े होकर स्वागत किए।

# जयपुर व उदयपुर के पर्यटक काठमांडू व पोखरा में फंसे

## पोखरा शहर में पर्यटकों के सामने भीड़ ने एक होटल को फूंक दिया

उदयपुर, 10 सितम्बर। नेपाल में 8 सितंबर से हो रहे हिंसात्मक आंदोलन में 4 हजार से ज्यादा राजस्थानी फंसे हुए हैं। इन लोगों ने सरकार से भी मदद मांगी है। इनमें से अधिकतर पर्यटक हैं। इनमें 700 पर्यटक जयपुर के और 35 पर्यटक उदयपुर जिले के भी हैं।

इनमें उदयपुर के एक भाजपा नेता भी हैं, जो पोखरा शहर के एक होटल में परिवार के साथ फंसे हैं। उदयपुर के भाजपा नेता अनिल सिंघल ने बताया कि वे काठमांडू से करीब 500 किलोमीटर दूर पोखरा शहर में फंसे हैं।

■ **काठमांडू में फंसे यात्रियों ने बताया कि भारतीय दूतावास के निर्देश पर वे सब होटल के अंदर ही हैं। वहां जयपुर और भीलवाड़ा के लोग भी हैं।**

हमारे सामने आगजनी की घटनाएं हुईं। एक होटल को आग के हवाले कर दिया गया। हम दूतावास के संपर्क में हैं।

इधर काठमांडू में उदयपुर से गया 31 लोगों का एक और ग्रुप फंसा हुआ है। एयरपोर्ट बंद होने से वे लोग निकल नहीं पा रहे हैं। उदयपुर से गए ग्रुप के मेंबर भगवतीलाल मेनारिया ने बताया कि वे स्थिति सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं। मेनारिया ने बताया कि वे भारतीय दूतावास से संपर्क में हैं और वहां से उन्हें यही निर्देश दिए गए हैं कि वे अभी जहां हैं, वहीं रुकें और इंतजार करें। ऐसे में वे सब अभी होटल के अंदर ही हैं और स्थितियों के सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वहां पर जयपुर और भीलवाड़ा के लोग भी हैं।

## सुप्रीम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने भी यही चिंता दोहराई। एक अलग दलील में सिंघवी ने चुनाव आयोग को चेतावनी दी कि कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा पर दोहरी वोटिंग के आरोपों को लेकर जल्दबाज़ी में कार्रवाई न करे, क्योंकि यह बनावटी मामला है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह पहला अवसर है, जब सुप्रीम कोर्ट ने भारत की आंतरिक संवैधानिक तनातनी को क्षेत्रीय घटनाओं से सीधे जोड़ा है। जिस समय पर यह टिप्पणी की गई है, वो समय भी अहम है। ऐसे समय पर, जबकि कई राज्य विधानसभाएँ राज्यपालों पर विधेयक रोकने की शिकायत कर रही हैं, सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी विपक्षी दलों को मज़बूत कर सकती है और केन्द्र को घेर सकती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नेपाल का ज़िक्र मोदी सरकार के लिए एक कड़ी चेतावनी है कि अगर संस्थागत गतिरोध पर काबू न पाया गया तो इसके, सामान्य राजनीतिक विवादों से कहीं अधिक अस्थिर करने वाले परिणाम हो सकते हैं।

## पोलैण्ड ने रुस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

''कोअलिशन ऑफ़ द विलिंग'' नाम का समूह बनाया है। इसमें ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे बड़े देश शामिल हैं, जिन्होंने यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी के तौर पर वहाँ सैनिक तैनात करने का प्रस्ताव दिया है। इसके जवाब में रूस ने चेतावनी दी और सुनियोजित ढंग से रात के हमलों को और तेज़ कर दिया। रविवार को हुए ताज़ा हमले में पुतिन के हवाई हमलों ने सरकारी इमारतों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे आम लोगों को भारी नुक़सान हुआ।

पुतिन अमेरिकी राष्ट्रपति को भी चुनौती दे रहे हैं, जिन्होंने बार-बार पुतिन को गंभीरता से बातचीत की मेज़ पर आने और हमले कम करने की समय सीमा दी थी। तथापि, डॉनल्ड ट्रंप रुस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने तथा बातचीत की मेज पर लाने के लिए और कड़े प्रतिबंध लगाने से बचते रहे हैं।

भारत पर सैकैण्डरी सैंक्शन्स लगाने के अलावा, ट्रंप ने कभी चीन या यूरोपीय देशों पर वैसी पाबंदियाँ लगाने की हिम्मत नहीं की, जो अब तक रूस का तेल और ऊर्जा खरीदते रहे हैं। चीन ने भी ट्रंप की धमकियों को नाकाम कर दिया और ज़रूरी सामग्रियों की आपूर्ति रोकने की धमकी दी।

अब ट्रंप यूरोपीय देशों से गुज़ारिश कर रहे हैं कि वे चीन और भारत पर खुद ही सैकेण्डरी सैंक्शन्स लगाएँ, वह भी और कठोर, क्योंकि ये दोनों रूस का तेल खरीदते रहे हैं। रूस से तेल ख़रीदने वाले कई अन्य देशों के ख़िलाफ़ ट्रंप द्वारा मज़बूत कदम नहीं उठाने से पुतिन और भी निडर हो गए हैं।

इस बीच, चीन किनारे बैठा यह पूरा संघर्ष देख रहा है और साफ़ तौर पर रूस का समर्थन कर रहा है। किनारे खड़े कुछ लोग भारत से मध्यस्थता की अपील कर रहे हैं, लेकिन अमेरिका द्वारा भारत के साथ किए गए रुखे व्यवहार को देखते हुए इसकी संभावना बहुत कम है।

## अमेरिका ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अमेरिका से जुड़े माने जाते हैं। इन सब तथ्यों को देखकर ऐसा लगता है कि यह पूरा घटनाक्रम ''एक सुव्यवस्थित शासन परिवर्तन की कोशिश'' का हिस्सा है।

## द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में सारण को सशर्त जमानत

जयपुर, 10 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक मामले में उदयपुर के बेकरिया थाने में दर्ज एफआईआर में आरोपी भूपेन्द्र सारण को जमानत पर सशर्त रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश भूपेन्द्र सारण की जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने आरोपी को कहा है कि वह मुकदमे की ट्रायल पूरी होने तक हर माह के दूसरे और चौथे शनिवार को संबंधित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। वहीं, संबंधित थानाधिकारी उसकी उपस्थिति का एक रजिस्टर संधारित करेंगे और उसकी उपस्थिति रिपोर्ट बिना देरी संबंधित कोर्ट में पेश करेंगे। अदालत ने संबंधित निचली अदालत को कहा है कि आरोपी को जमानत पर रिहा करने से पहले, थानाधिकारी के जरिए जमानती का पता और संपर्क नंबर का सत्यापन करेंगे।

# बीकानेर में कांग्रेस नेता के घर पर लॉरेंस गैंग का हमला

## कुछ दिन पहले कांग्रेस नेता से फोन पर रोहित गोदारा के नाम से 5 करोड़ रु. रंगदारी मांगी गई थी

बीकानेर, 10 सितम्बर। यहां कांग्रेस नेता धनपत चायल और व्यापारी सुखदेव चायल के घर पर बदमाशों ने सात राउंड फायरिंग की। इससे घर में लगे कांच टूट गए। दरवाजे, दीवार, खिड़कियों पर गोलियों के निशान भी मिले हैं। धनपत और सुखदेव सगे भाई हैं।

जानकारी के अनुसार, बुधवार अलसुबह चार बजे हुई इस वारदात की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के गैंगस्टर हैरी बॉक्सर ने ली है। उसने घटना की जिमेवारी ली और सोशल मीडिया पर लिखा, अब सीधे सीने पर गोली मारेंगे। सादुलगंज क्षेत्र में बुधवार सुबह हुई घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी सौरभ तिवाड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोलियों के निशान और अन्य साक्ष्य जुटाए। सीसीटीवी फुटेज में हेलमैट पहने दो युवक बाइक पर सवार दिखाई दे रहे हैं। फुटेज में फायरिंग की आवाज़ भी साफ सुनाई दे रही है। हैरी बॉक्सर ने अपने

■ **लॉरेंस गैंग के हैरी बॉक्सर ने अपने सोशल मीडिया अकाउन्ट पर हमले की जिम्मेदारी ली।**

सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि इस हमले की जिम्मेदारी मैं हैरी बॉक्सर और सुंदर हंसी, हम दोनों भाई लेते हैं। ये फायरिंग हमने करवाई है। इसको हमारे फोन की रिंग सुनाई नहीं दे रही थी, इसलिए हमने ये छोटी सी वॉर्निंग दी है। आगे टाइम रहते लाइन पर आ जाएगा ये, वर्ना आगे अब सीधे सीने में गोली मारेंगे। सुखदेव चायल के भाई और कांग्रेस नेता धनपत चायल ने बताया कि कुछ दिन पहले एक फोन आया था, जिसमें कॉलर ने खुद को रोहित गोदारा बताते हुए 5 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी थी। धनपत के मुताबिक, कॉलर ने धमकी दी कि उसे, उनकी और उनके भाई की हर गतिविधि की जानकारी है और रंगदारी न देने पर जान से मारने की चेतावनी दी थी। धनपत चायल बीकानेर में यूथ कांग्रेस के पूर्व शहर जिलाध्यक्ष पद पर रहे हैं।

## राजस्थान ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करेगा। इसके तहत हेल्पलाइन नंबर और व्हाट्सएप सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। नेपाल में रह रहे भारतीय नागरिक किसी भी प्रकार की सहायता के लिए राजस्थान पुलिस मुख्यालय के कानून-व्यवस्था कार्यालय में स्थापित विशेष सेल से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 0141-2740832 और 0141-2741807 जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, व्हाट्सएप नंबर 9784942702 पर भी सहायता के लिए संदेश भेजा जा सकता है।

## नकल कर सुपरवाईज़र बनी महिला गिरफ्तार

जयपुर,10 सितंबर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने कार्रवाई करते हुए, सुपरवाइजर (महिला अधिकारिता) भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल कर सुपरवाईजर बनी आरोपित महिला को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की टीम ने सुपरवाईजर (महिला अधिकारिता) भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल कर सुपरवाइजर बनी आरोपित महिला मंजू कुमारी निवासी मुक्ता प्रसाद नगर जिला बीकानेर हाल सुपरवाइजर महिला अधिकारिता बज्जू जिला बीकानेर को गिरफ्तार किया है। आरोपित मंजू कुमारी ने सुपरवाइजर महिला अधिकारिता भर्ती 2018 की लिखित परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल करवाने वाली गैंग की मदद ली थी और ब्लूटूथ डिवाइस से प्रश्न पत्र हल किया। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। आरोपित महिला मंजू कुमारी से उक्त भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल कराने वाले गिरोह के संबंध में पूछताछ की जा रही है। एसओजी द्वारा अब तक उक्त प्रकरण में 8 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## क्या नेपाल की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कई मंत्रियों के आवासों में आग लगा दी। काठमांडू समेत कई अन्य क्षेत्रों में आगजनी और लूटपाट जैसी घटनाएं हुईं। ओली के इस्तीफे के बाद अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि इस हिमालयी राष्ट्र की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कौन करेगा।

एक एनजीओ ''हामी नेपाल'' से जुड़े सुदीप गुरुङ जो इस आंदोलन के नेता है, ने नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रही सुशीला कार्की का नाम प्रस्तावित किया। कार्की को पहले राजनीतिक नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के चलते महाभियोग का सामना करना पड़ा था, लेकिन वह प्रयास बाद में छोड़ दिया गया।

हालांकि, उनके नाम पर रवि लामिछाने की पार्टी 'राष्ट्रिय स्वन्त्र पार्टी' (आरएसपी) सहित अन्य दलों की सहमति भी लेनी होगी।

सूत्रों के अनुसार, जस्टिस कार्की इस पद की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं, हालांकि वार्ताएं अभी चल रही हैं। भद्रकाली, काठमांडू स्थित जंगी अड्डा (सेना मुख्यालय) में बुधवार को जैनरेशन ज़ैड प्रदर्शनकारियों और उनके सहयोगियों की बैठक हुई, जिसमें अंतरिम सरकार के संभावित नेताओं पर चर्चा की गई। काठमांडू के मेयर बालेन्द्र शाह अर्थात रैपर से नेता बने 35 वर्षीय बालेन भी प्रमुख दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार

■ **जैनरेशन ज़ैड आंदोलन के नेता सेना के मुख्यालय जंगी अड्डा में अंतरिम सरकार के नेतृत्व के बारे में विचार - विमर्श कर रहे हैं।**

उन्होंने जैनरेशन ज़ैड नेताओं के फोन कॉल्स का जवाब नहीं दिया।

सुमना श्रेष्ठा युवा वर्ग में लोकप्रिय नेता ने आरएसपी से अपने जुड़ाव का हवाला देते हुए यह प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया। धरान के मेयर हर्का सम्पर्क ने भी नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए अपनी तत्परता जाहिर की।

सागर धकाल- जिन्होंने संघीय चुनावों में शेर बहादुर देउबा के खिलाफ चुनाव लड़ा था, ने भी कहा कि वह जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं, लेकिन फिलहाल धनगड़ी में फंसे हुए हैं।

कुलमान घिसिंग- नेपाल विद्युत प्राधिकरण के पूर्व प्रबंध निदेशक, जो कल की प्रेस विज्ञिप्त में मेंटॉर के रूप में शामिल थे, एक मार्गदर्शक भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्र बिमोचन तिमल्सेना जो एक लोकप्रिय यूट्यूबर और पेशे से वकील हैं, उन्होंने कहा कि यदि कोई उपलब्ध नहीं हुआ, तो वह नेतृत्व करने को तैयार हैं। इस बीच, सेना ने काठमांडू में गुरुवार शाम 6 बजे तक कर्फ्यू लागू कर रखा है।

# दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज कुमार पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश

■ **सुप्रीम कोर्ट ने नीरज और सीबीआई निरीक्षक विनोद कुमार पांडे पर मुकदमा चलाने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा।**

■ **यह मामला उस समय का है जब नीरज सीबीआई के संयुक्त निदेशक थे। आरोप है कि उन्होंने और निरीक्षक पांडे ने एक आई आर एस के भाई को धमकाया व गाली गलौच की थी।**

नयी दिल्ली, 10 सितंबर । उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस आयुक्त के पद से सेवानिवृत्त नीरज कुमार और एक अन्य अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को बुधवार को मुहर लगा दी।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। यह मामला उस समय का है जअ नीरज सीबीआई संयुक्त निदेशक थे, उन पर और तत्कालीन सीबीआई निरीक्षक विनोद कुमार पांडेय पर एक आईआरएस अधिकारी के भाई विजय अग्रवाल को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के खिलाफ शिकायत वापस लेने के लिए मजबूर करने का का आरोप है। उन पर इसी मामले में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने सहित दुर्व्यवहार और धमकी देने के आरोप हैं।

शीर्ष अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि कथित अपराध वर्ष 2000 में किया गया था और आज तक मामले की जांच की अनुमति नहीं दी गई है। पीठ ने कहा कि मामले की जांच का आदेश देने में उच्च न्यायालय द्वारा प्रयोग किए गए विवेकाधिकार में हस्तक्षेप करने का कोई उचित कारण नहीं। यदि प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध बनता है तो मुकदमा दर्ज करना पुलिस का कर्तव्य है। कुमार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी,पर सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज़ कर दी।






## क्या मुख्यमंत्री महिला रोजगार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

2016 में महिलाओं की मांग पर नीतीश कुमार ने बिहार में शराबबन्दी कर दी। भले ही वह नीति विवादास्पद रही हो तथा आलोचकों ने शराब के अवैध व्यापार और राजस्व की हानि के आरोप लगाये हों, लेकिन राजनैतिक रूप से नीतीश कुमार ने एक ऐसे राजनेता की प्रतिष्ठा अर्जित कर ली, जो महिलाओं की ओर विशेष ध्यान देता है।

छात्राओं के लिए साइकिल योजना, स्कूल यूनिफॉर्म, छात्रवृत्ति और स्टाइपेन्ड, और बाद में ''जीविका'' स्वयं सहायता समूह जैसी योजनाएं, जिनसे आज 1.4 करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं, ने नीतीश सरकार को ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बना दिया है। हर नीति का संदेश एक ही था, राज्य आपकी बात ध्यान से सुन रहा है और नीतीश आपके मार्गदर्शक हैं।

इस रणनीति के परिणाम चुनावों में साफ दिखे हैं। 2010 से लगातार बिहार में महिलाएं पुरुषों से अधिक संख्या में मतदान कर रही हैं। 2015 के

■ **7 सितम्बर को घोषित मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना में हर घर की एक महिला को सरकार अपना काम शुरू करने के लिए दस हजार रु. देगी और 6 माह बाद अगर उसके काम में बेहतर संभावनाएं नज़र आती हैं तो सरकार 2 लाख रु. निवेश करेगी। इस योजना के कारण बिहार की राजनीति में खलबली सी मच गई है।**

■ **सवाल यह है कि क्या यह योजना वोट अधिकार की विपक्षी मुहिम को फीका कर देगी।**

विधानसभा चुनावों में महिला-पुरुष वोटिंग का अंतर लगभग 4 तक पहुंच गया। 2020 में भी महिलाओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ते हुए, बड़ी संख्या में मतदान कर किंगमेकर की भूमिका निभाई। ग्रामीण बिहार में मतदान के दिन महिलाओं की लंबी कतारें अब एक स्थायी तस्वीर बन गई हैं।

ये आंकड़े महिला-केन्द्रित कल्याणकारी योजनाओं के साथ नीतीश के निरन्तर जुड़ाव को दर्शाते हैं। जब अन्य राजनीतिक दल कभी जातिवाद, कभी लोकलुभावन वादों में उलझे रहे, नीतीश ने एक स्थायी महिला-आधारित समर्थन वर्ग तैयार किया, जो राजनीतिक तूफानों में भी उनके साथ खड़ा रहा। उन्होंने गठबंधन भले ही बदले हों, भाजपा का साथ छोड़कर, आर जे डी तथा कांग्रेस के गठबंधन में चले गये हों, या फिर भाजपा के साथ आ गये हों, लेकिन उनकी महिला-केन्द्रित नीतियां निरन्तर जारी रही हैं।

2005 से लेकर 2025 तक, बिहार की राजनीति नीतीश कुमार के इर्द-गिर्द घूमती रही है तथा वे एक साथ, राजनीतिक उत्तरजीवी, रणनीतिकार और स्थिरता का प्रतीक बने रहे हैं।

2005, 2010, 2015, और 2020 हर विधानसभा चुनाव में नीतीश के नेतृत्व वाली गठबंधन की ही सरकार बना है।

2009, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में भी नीतीश ने एनडीए को बड़ी जीत दिलाई-2009 में 40 में से 32 सीटें, 2019 में 39 सीटें तथा 2024 में 30 सीटें।

2014 का चुनाव छोड़ दें, जब जे डी (यू) ने अकेले लड़कर सिर्फ 2 सीटें जीतीं, लेकिन तब भी 16.04 उसने वोट शेयर हासिल किया। 2020 में जे डी यू केवल 43 विधानसभा सीटें जीत सका था, लेकिन उसका असली जनाधार यथावत बना रहा था।

यह स्थायित्व बताता है कि नीतीश का समर्थन -आधार मुश्किल दौर में भी आसानी से कम नहीं होता। भाजपा के लिए नीतीश सिर्फ बैकअप नहीं, बल्कि एक ''फोर्स मल्टीप्लायर'' हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908